
RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 12 अंक 162
नई दिल्ली, शनि वार, 20 अप्रैल, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



कांग्रेस अपनी प्रासंगिकता खो चुकी है

राष्ट्रीय-10


# लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 62 फीसदी से अधिक मतदान

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**लोकतंत्र** के महापर्व के अनेको रंग है और लोकसभा चुनाव के पहले चरण में इसके कई रूप देखने को मिले। व्हीलचेयर पर बैठे वरिष्ठ नागरिकों से लेकर नवविवाहितों और दक्षिण अंडमान के स्ट्रेट द्वीप से ग्रेट अंडमानी जनजाति से लेकर दुनिया की सबसे छोटी महिला तक सभी उम्र के मतदाताओं ने शुक्रवार को अपना वोट डाला, जिसमें अंतिम सूचना मिलने तक अनुमानित 62.37 फीसदी से अधिक मतदान दर्ज किया गया।

इसमें पश्चिम बंगाल में हिंसा की छिटपुट घटनाओं के बीच 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों को कवर किया गया, जबकि छत्तीसगढ़ में ग्रेनेड लॉन्चर शेल के आकस्मिक विस्फोट में एक सीआरपीएफ जवान की मौत हो गई। लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत मतदान के पहले दिन सबसे अधिक मतदान त्रिपुरा में 79.90 प्रतिशत दर्ज किया गया, इसके बाद पश्चिम बंगाल में 77.57 प्रतिशत और असम में 71.38 प्रतिशत मतदान हुआ, 7 बजे तक बिहार में सबसे कम 47.49 प्रतिशत मतदान हुआ। अधिकारियों के मुताबिक, बिहार में मौजूदा लू की स्थिति कम मतदान का एक संभावित कारण हो सकती है। तमिलनाडु में लोकसभा चुनाव में 72.09 प्रतिशत मतदान हुआ और कोई बड़ी अप्रिय घटना नहीं हुई।

निर्वाचन आयोग के एक प्रवक्ता ने कहा कि मतदान का आंकड़ा अभी केवल अनुमान आधारित है और मतदान शांतिपूर्ण एवं निर्बाध तरीके से हुआ।लोकसभा चुनाव के साथ शुक्रवार को अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में विधानसभा चुनाव के लिए भी मतदान हुआ। विभिन्न मतदान केंद्रों पर पहली बार मतदान करने वालों में विवाह परिधान में आए कई नवविवाहित जोड़े, दिव्यांग लोग और स्ट्रेचर तथा व्हीलचेयर पर आए कुछ बुजुर्ग शामिल थे।




तमिलनाडु, अरुणाचल प्रदेश, अंडमान निकोबार द्वीपसमूह और असम में कुछ बूथ पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में मामूली खामियों की शिकायत आईं। सात चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव के सबसे बड़े चरण में मतदान सुबह सात बजे आरंभ हुआ और शाम छह बजे तक जारी रहा।

निर्वाचन अधिकारियों ने बताया कि शाम पांच बजे तक पश्चिम बंगाल में 77.57 प्रतिशत मतदान हुआ। असम में 70.77 और मेघालय में 69.91 प्रतिशत मतदान हुआ, वहीं पूर्वी नगालैंड के छह जिलों में अलग राज्य की मांग को लेकर आदिवासी संगठनों के एक संघ द्वारा अनिश्चितकालीन बंद के आह्वान के कारण लोग घरों में ही रहे।

पश्चिम बंगाल में कूचबिहार सीट पर हिंसा के कारण मतदान प्रभावित हुआ। तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के सूत्रों ने बताया कि दोनों दलों के कार्यकर्ताओं ने मतदान के पहले कुछ घंटों में चुनावी हिंसा, मतदाताओं को धमकाने और चुनाव एजेंटों पर हमलों संबंधी क्रमश: 80 तथा 39 शिकायतें दर्ज कराई। हिंसा प्रभावित मणिपुर में अंतिम समाचार मिलने तक करीब 68 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इनर मणिपुर लोकसभा सीट के तहत आने वाले थोंगजु विधानसभा क्षेत्र में स्थानीयों और अज्ञात व्यक्तियों के बीच वाद-विवाद हो गया।छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में नक्सल प्रभावित बस्तर लोकसभा सीट पर पांच बजे तक 63.41 फीसदी से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। राज्य के बीजापुर जिले में नक्सलियों द्वारा लगाए गए एक आईईडी में विस्फोट होने से एक अधिकारी घायल हो गया।

पायनियर लोक सभा 2024 रिपोर्ट

तमिलनाडु में सभी 39 लोकसभा सीटों पर मतदान हुआ। श्रीपेरुम्बुदूर लोकसभा क्षेत्र के तहत आने वाले तम्बाराम के समीप एक मतदान केंद्र तथा कुछ अन्य मतदान केंद्रों में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में तकनीकी खामी के कारण मतदान में करीब एक घंटे की देरी हुई। अरुणाचल प्रदेश में कुल 8,92,694 मतदाताओं में से 60 प्रतिशत से अधिक ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। खराब मौसम के कारण सुबह के समय मतदान का प्रतिशत सामान्य था, लेकिन मौसम की स्थिति में सुधार के साथ इसमें तेजी आई।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) पवन कुमार साईं ने बताया कि राज्य के कुछ मतदान केंद्रों पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) में तकनीकी खराबी आने के कारण मतदान में देरी हुई, जिन्हें बाद में बदल दिया गया। मणिपुर में कुछ स्थानों पर ईवीएम को नुकसान पहुंचाए जाने की भी खबरें आईं।

अंडमान-निकोबार द्वीप समूह की एकमात्र लोकसभा सीट के लिए 56.87 ( शेष पेज 9 )

## ग्राउंड जीरो से पायनियर की रिपोर्ट

### तमिलनाडु

**कुमार चेलप्पन।** चेन्नई

तमिलनाडु में शुक्रवार को एक ही चरण में हुए लोकसभा चुनाव में 72.09 प्रतिशत मतदान हुआ और प्रदेश में मतदान के दौरान कोई बड़ी अप्रिय घटना का समाचार नहीं मिला। राज्य भर के 39 लोकसभा क्षेत्रों में 68,321 मतदान केंद्रों पर स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान के लिए लगभग 1.3 लाख पुलिस कर्मियों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की 190 कंपनियों को तैनात किया गया था, जिन पर 3,32,233 चुनाव कर्मी तैनात थे। 2019 के लोकसभा चुनावों में, तमिलनाडु में 72.44 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था। केंद्र शासित प्रदेश चुनाव अधिकारियों के अनुसार, एकमात्र पुडुचेरी लोकसभा सीट पर 77.86 प्रतिशत मतदान हुआ। मुकाबला भाजपा के ए नमस्सिवायम और कांग्रेस सांसद वी वैथिलिंगम के बीच है, जो लगातार कार्यकाल की मांग कर रहे हैं। 2019 में पुडुचेरी में 81.25 फीसदी मतदान हुआ।तमिलनाडु के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सत्यब्रत साहू ने कहा कि कुछ मामूली घटनाओं को छोड़कर राज्य भर में मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। अधिकारियों ने संकेत दिया कि मतदान प्रतिशत में कुछ मामूली ( शेष पेज 9 )



### पश्चिमी यूपी

**वीरेंद्र नाथ भट्ट।** लखनऊ

**लोकसभा चुनाव** के पहले चरण में पश्चिमी उत्तर प्रदेश की आठ सीट पर अंतिम सूचना मिलने तक 57.90 फीसदी मतदान हुआ था। इन लोकसभा क्षेत्रों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुबह सात बजे से मतदान प्रारंभ हुआ। आज जिन सीट पर मतदान हुआ, उनमें सहारनपुर, बिजनौर, कैराना, मुजफ्फरनगर, नगीना (आरक्षित), मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत शामिल हैं। निर्वाचन अधिकारियों के मुताबिक सहारनपुर में 63.29 फीसदी, मुरादाबाद में 57.65 फीसदी, कैराना में 58.68 फीसदी, नगीना में 58.05 फीसदी, पीलीभीत में 60.23 फीसदी, बिजनौर में 54.68 फीसदी, रामपुर में 52.42 फीसदी और मुजफ्फरनगर में 54.91 फीसदी मतदान हुआ। पहले चरण के प्रमुख उम्मीदवारों में भाजपा के जितिन प्रसाद पीलीभीत से, केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान मुजफ्फरनगर से और आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद नगीना से चुनाव मैदान हैं।पीलीभीत जिले से मिली खबर के अनुसार बरखेड़ा थाना क्षेत्र में नदी पर पुल बनाने की पुरानी मांग को लेकर पुरैना के ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार किया। यहां शुक्रवार को मतदान केंद्र सूना पड़ा रहा और ग्रामीण ( शेष पेज 9 )



### पश्चिम बंगाल

**सौगर सेनगुप्ता।** कोलकाता


**भारत के** चुनाव आयोग के लिए बड़ी राहत की सांस लेने के पर्याप्त कारण थे क्योंकि बंगाल के तीन संसदीय क्षेत्रों कूच बिहार, अलीपुरद्वार और जलपाईगुड़ी के लिए पहले दौर का चुनाव बिना किसी जानमाल के नुकसान के संपन्न हो गया, हालांकि संघर्ष की छिटपुट घटनाओं की रिपोर्टें थीं। कई इलाकों से पथराव या बूथ पर कब्जा की खबरें भी आईं। ईसीआई के सूत्रों ने कहा कि हिंसा की छिटपुट घटनाओं और तृणमूल कांग्रेस और भाजपा दोनों द्वारा बूथ पर कब्जा करने की शिकायतों के बीच तीन निवार्चन क्षेत्रों मतदान लगभग शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। मतदान प्रतिशत 82 प्रतिशत से अधिक जाने की संभावना थी क्योंकि कई मतदाता अभी भी कतार में खड़े थे।जहां कूच बिहार में तुलनात्मक रूप से उच्च मतदान दर 77.73 प्रतिशत दर्ज की गई, वहीं अलीपुरदार में लगभग 75.54 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया, जबकि जलपाईगुड़ी में लगभग 79.33 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। 2019 में भाजपा ने तीनों सीटों पर जीत हासिल की थी।हालांकि अंतिम रिपोर्ट आने तक ईसीआई ( शेष पेज 9 )



### नगालैंड और मणिपुर

**पायनियर समाचार सेवा।** इंफाल

**मणिपुर** में गोलीबारी और डराने-धमकाने की घटनाओं के बीच शुक्रवार शाम पांच बजे तक 67.46 फीसदी मतदान दर्ज किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वहीं नगालैंड के छह पूर्वी जिलों में मतदान कर्मी मतदान केंद्रों पर नौ घंटे तक इंतजार करते रहे, लेकिन फ्रंटियर नगालैंड टेरिटरी (एफएनटी) की मांग को लेकर दबाव बनाने के लिए एक संगठन द्वारा आहूत बंद के बाद क्षेत्र के चार लाख मतदाताओं में से कोई भी मतदान करने नहीं आया। साठ-सदस्यीय मणिपुर विधानसभा के 32 निर्वाचन क्षेत्र इनर मणिपुर लोकसभा सीट के तहत आते हैं, जबकि 28 विधानसभा क्षेत्र आउटर मणिपुर संसदीय क्षेत्र का हिस्सा हैं। इनर मणिपुर लोकसभा सीट पर 71.01 प्रतिशत वोट पड़े, जबकि आउटर मणिपुर संसदीय क्षेत्र के 15 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान का आंकड़ा 61.12 प्रतिशत रहा। आउटर मणिपुर के शेष 13 विधानसभा क्षेत्रों में दूसरे चरण के तहत 26 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे।थौबल जिले की वांगखेम विधानसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा 82.41 फीसदी वोट पड़े। यह क्षेत्र इनर मणिपुर संसदीय क्षेत्र के तहत आने वाले 32 विधानसभा क्षेत्रों में शामिल है।वहीं, आउटर मणिपुर सीट के ( शेष पेज 9 )



### बिहार

**पायनियर समाचार सेवा।** पटना

**लोकसभा** चुनाव के पहले चरण में शुक्रवार को शाम छह बजे तक बिहार की चार सीट पर 76 लाख मतदाताओं में से लगभग 48.23 प्रतिशत ने मताधिकार का इस्तेमाल किया। बिहार के मुख्य निर्वाचन कार्यालय द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है। इन सीटों पर शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सुचारू रूप से मतदान संपन्न कराने के लिए निर्वाचन आयोग ने 7,903 मतदान केंद्र बनाए थे, जिनमें से अधिकांश को नक्सली हिंसा का पुराना इतिहास होने के कारण संवेदनशील केंद्रों के रूप में चिह्नित किया गया था। औरंगाबाद में लगभग 50 प्रतशित, गया में 52 प्रतिशत, नवादा में 41.50 प्रतिशत और जमुई में 50 प्रतिशत मतदान हुआ। साल 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान इन सीट पर शाम छह बजे तक मतदान प्रतिशत 53.47 रहा था। पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान औरंगाबाद में शाम छह बजे तक 53.63, गया में 56.16 प्रतिशत नवादा में 49.33, और जमुई में 55.21 प्रतिशत मतदान हुआ था। नक्सल प्रभावित इन क्षेत्रों में कड़ी निगरानी के लिए और मतदाताओं में विश्वास पैदा करने के उद्देश्य से एक हेलीकॉप्टर तैनात किया गया था। इसके अतिरिक्त किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए एक एयर एंबुलेंस की भी व्यवस्था की गई थी।निर्वाचन आयोग ने मतदान को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होने का दावा करते हुए कहा कि नवादा और औरगांबाद जिले के कुल सात मतदान केंद्रों पर ( शेष पेज 9 )



### महाराष्ट्र

**टीएन रघुनाथ।** मुंबई

**लोकसभा** चुनाव के पहले चरण में शुक्रवार को पूर्वी महाराष्ट्र में पांच निर्वाचन क्षेत्रों में हुए मतदान में कुल 95,54 लाख मतदाताओं में से 55 फीसदी से अधिक ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिसमें नक्सल प्रभावित गढ़चिरौली-चिमूर में सबसे अधिक 65 फीसदी मतदान हुआ। राज्य में मतदान के दौरान कहीं से किसी भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली और नागपुर, चंद्रपुर, भंडारा-गोंदिया, रामटेक (एससी), गढ़चिरौली-चिमूर (एसटी) निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। अधिक तापमान होने के बावजूद बड़ी संख्या में मतदाता घर से बाहर निकले और बाहर निकले और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। महाराष्ट्र के मुख्य चुनाव अधिकारी द्वारा शुक्रवार शाम 5 बजे जारी किए गए मतदान प्रतिशत के अनुसार, पांच निर्वाचन क्षेत्रों में कुल मतदाताओं में से औसतन 54.85 प्रतिशत ने वोट डाले। अंतिम मतदान प्रतिशत (शाम 5.30 बजे तक) तक हुआ। पांचों निर्वाचन क्षेत्रों में औसत अंतिम मतदान प्रतिशत 57 से 60 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है। नागपुर में जहां दो बार के मौजूदा सांसद और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का मुकाबला कांग्रेस के विकास ठाकरे कर रहे हैं। वहां मतदाताओं ने अपेक्षाकृत कम 47.11 प्रतिशत मतदान किया। शाम 5.30 बजे मतदान समाप्त होने पर मतदान प्रतिशत या तो 50 प्रतिशत तक पहुंचेगा। ( शेष पेज 9 )



## देश की रक्षा को भाजपा सरकार की जरूरत : मोदी

### प्रधानमंत्री ने कहा, दुनिया पर युद्ध के बादल मंडरा रहे है, ऐसे में केंद्र में पूर्ण हुमत की सरकार जरूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** दमोह

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि दुनिया पर युद्ध के बादल मंडरा रहे हैं और इन परिस्थितियों में देश के हितों की रक्षा करने एवं किसी भी स्थिति से निपटने के लिए भाजपा के नेतृत्व वाली पूर्ण बहुमत की मजबूत सरकार की जरूरत है। पाकिस्तान का नाम लिए बिना उस पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि जो देश आतंक की आपूर्ति करता था वह इन दिनों आटे के लिए संघर्ष कर रहा है। मध्य प्रदेश के दमोह में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए, उन्होंने कहा, आप सब देख रहे हैं कि दुनिया पर युद्ध के बादल मंडरा रहे हैं। जब दुनिया में युद्ध का माहौल है...घटनाएं हो रही हैं। इस समय भारत को एक मजबूत सरकार की सख्त जरूरत है जो युद्ध स्तर पर काम करे। उनकी यह टिप्पणी गाजा पट्टी में चल रहे संघर्ष, ईरान के इजरायल पर मिसाइल और ड्रोन हमले एवं पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव की पृष्ठभूमि में आई है।उन्होंने कहा, भारत को एक ऐसी सरकार की जरूरत है जो किसी भी स्थिति में इसकी रक्षा करने में सक्षम हो। और यह काम तभी हो सकता है जब पूर्ण बहुमत वाली भाजपा सरकार हो। उन्होंने कहा, कोरोना वायरस महामारी के प्रकोप के दौरान एक स्थिर और मजबूत सरकार कैसे काम करती है, यह स्पष्ट रूप से स्पष्ट हो गया। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि महामारी के दौरान करोड़ों लोगों को मुफ्त में कोविड-19 का टीका लगाया गया और गरीबों को मुफ्त राशन दिया गया। भाजपा के स्टार प्रचारक मोदी ने कहा, आज देश में एक ऐसी सरकार है जो न तो दबाव में आती है और न ही किसी के सामने झुकती है। उन्होंने कहा, हमारा सिद्धांत राष्ट्र प्रथम है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि भारत को सस्ता तेल मिले, हमने देश हित में फैसला लिया। बढ़ती महंगाई और कई अन्य आर्थिक चुनौतियों का ( शेष पेज 9 )




**दमोह में शुक्रवार को विजय संकल्प रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिवादन करते मध्यप्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा व अन्य।**

## लोकतंत्र महापर्व को गूगल के अनोखे डूडल का मिला अनूठा समर्थन

### लोकसभा चुनाव के पहले चरण में मतदान के लिए प्रेरित करने का सर्च इंजन ने किया प्रयास

**अर्चना ज्योति।** नई दिल्ली

**लोकसभा** चुनाव के मतदान के पहले चरण के साथ ही गूगल ने आम जनता को वोट देने व लोकतंत्र महापर्व में भागीदारी बढ़ाने के लिए शुक्रवार को अनोखा डूडल पेश किया। गूगल ने इस डूडल माध्यम से जनता को मतदान के लिए प्रेरित करने की कोशिश की। गूगल के होमपेज पर वोटिंग स्याही के साथ इंडेक्स फिंगर ऊपर की ओर दिखाई गई है। ये भारतीय लोकतंत्र को दिखाती है। डूडल में पहली बाहर निकली हुई उंगली को रखा गया है। उंगली पर वह स्याही लगी हुई है जो भारत में वोट डालने का प्रतीक है। वोटर द्वारा वोट डालने के बाद उसका रिकॉर्ड रखने के लिए स्याही लगाई जाती है।देश में 19 अप्रैल 2024 से लोकसभा चुनाव 2024 की शुरुआत हो गई है। लोकसभा चुनाव के पहले चरण का शुक्रवार को आगाज हुआ। ऐसे में गूगल ने अपना डूडल जारी करके लोकतंत्र का जश्न मनाया है। भारत में 18वीं लोकसभा के लिए जैसे ही मतदान शुरू हुआ, वैसे ही गूगल ने अपना लोगो बदल लिया। इस डूडल पर क्लिक करने पर यूजर्स को भारत में चुनावों पर लेटेस्ट अपडेट से संबंधित सर्च रिजल्ट देखने को मिल रहा है। इतना ही नहीं डूडल ने लोगों को मतदान केंद्र पर जाकर वोट देने के लिए प्रेरित किया। गूगल अपने डूडल के माध्यम से लोगों को चुनावी प्रक्रिया में अपनी भागीदारी करने और मतदान के के प्रति जागरूक किया। पहले चरण में 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश की 102 सीटों पर मतदान हुआ। इसी के साथ दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनावी महाकुंभ का शंखनाद हो गया।




देश में लोकसभा चुनाव 2024 सात चरणों में आयोजित किया जाएगा। पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल, दूसरे चरण का 26 अप्रैल, तीसरे चरण का 7 मई, चौथे चरण का 13 मई, पांचवें चरण का 20 मई, छठें चरण का 25 मई और सातवें चरण के लिए 1 जून को वोटिंग होनी है। वहीं 4 जून को लोकसभा चुनाव के नतीजों का परिणाम आएगा। मतदाता 543 सांसदों को अपने मत के अधिकार के जरिए चुनेंगे।

इस चुनाव में एनडीए लोकसभा में अपनी पैठ बढ़ाने की कोशिश कर रही है जिसकी सबसे बड़ी सदस्य बीजेपी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कई अन्य लोगों ने इस बार 'अबकी बार 400 पार' का नारा लगाया है। वहीं विपक्षी दलों ने बीजेपी के खिलाफ मिलकर इंडिया गुट का गठन किया है, जिनके बीच एक जोरदार मुकाबला देखने को मिलेगा।

लोकसभा चुनाव को लेकर पहले से ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जनता का उत्साह देखा जा सकता है, वहीं कई लोगों ने गूगल के इस डूडल को ऑनलाइन साझा कर अपने विचार व्यक्त किए। आरटी इंडिया न्यूज ने एक्स ( शेष पेज 9 )

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 20 अप्रैल, 2024



# पर्ची कटवाकर जान सकेंगे मतदाता असली है या नकली

- फर्जी वोटर की पहचान के लिए निर्वाचन आयोग ने जारी की गाइडलाइन



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

26 अप्रैल को गौतमबुद्ध नगर वाले लोकसभा चुनाव के लिए मतदान करने जा रहे हैं। निष्पक्ष चुनाव के लिए पुलिस और जिला प्रशासन मिलकर काम कर रही है। कई बार फर्जी मतदाता की शिकायत पोलिंग एजेंट से लेकर अन्य लोग करते हैं। चुनाव आयोग ने मतदान के दिन फर्जी मतदाता पहचान के लिए गाइडलाइन जारी कर दी है।

इसमें व्यवस्था की गई है कि किसी भी प्रत्याशी का एजेंट फर्जी मतदाता का पता लगाने के लिए दो रुपये की रसीद कटवाकर उसे चैलेंज कर सकता है। इसका मतलब यह है कि दो रुपये खर्च करने पर पता चल जाएगा कि मतदाता असली है या फर्जी। फर्जी मतदाता का दावा करने वाले पोलिंग एजेंट और दूसरे लोग को पीठासीन अधिकारी से संपर्क करना होगा। पीठासीन अधिकारी मतदाता से उसका नाम, पिता का नाम, पता, घर में कितने वोटर हैं आदि कई चीजों के बारे में पूछताछ करेगा। अगर वह इससे भी संतुष्ट नहीं होते है तो वह पार्षद या प्रधान को बुलाकर मतदाता के बारे में गवाही लेगा। यदि मतदाता यह साबित कर दे कि वही असली मतदाता है, तो उसे वोट डालने का मौका मिलेगा और अगर वह ऐसा नहीं कर पाता है तो उसे फर्जी मतदाता मानकर उसके खिलाफ केस दर्ज कराया जा सकता है।

अगर कोई मतदान केंद्र पर वोट डालने पहुंचता है। लेकिन उससे पहले उसके नाम पर वोट डाल दिया जाता है। तो वह टेंडर वोट का सहारा ले सकता है इसके लिए उसे पीठासीन अधिकारी के पास जाना होगा और उनसे संपर्क करना होगा। इसके बाद वोट डालने के लिए वह टेंडर वोट का सहारा ले सकता है।

यदि मतदाता सूची में नाम होगा तो पीठासीन अधिकारी एक प्रपत्र पर मतदान कराते हैं। इसके बाद उस मतपत्र को लिफाफे में बंद कर देते हैं। मतगणना के समय कम वोट के अंतर से हार-जीत की स्थिति में ऐसे वोट की गणना की जाती है। इसे टेंडर वोट कहते हैं।

## जनता झूठ को पहचान चुकी: अखिलेश

**नोएडा।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव शुक्रवार को गौतमबुद्ध नगर लोकसभा क्षेत्र में स्थित सिकंदराबाद पहुंचे। वहां पर उन्होंने एक जनसभा को सम्बोधित किया। इस दौरान अखिलेश यादव ने भाजपा और उनके नेताओं पर निशाना साधते हुए चुटकी ली। उन्होंने कहा कि भाजपा का पहला शो ही फ्लॉप हो गया है, प्रदेश की जनता उनके झूठ को पहचान चुकी है। अखिलेश यादव ने भाजपा पर निशाना साधते हुए सिकंदराबाद में कहा, पहले चरण में मतदान हो रहा है। जो पहले चरण से खबरें आ रही है। उससे महसूस हो रहा है कि इस बार पश्चिम की हवा भारतीय जनता पार्टी का पूरा का पूरा सफाया करने जा रही है। लग रहा रहा है कि भारतीय जनता पार्टी का पहला शो ही फ्लॉप हो गया है। न केवल इनका शो फ्लॉप हो गया है, बल्कि इनके डायलॉग भी जनता सुनना नहीं चाहती है। जो अब तक भारतीय जनता पार्टी के लोग कहानी बना रहे थे, वह कहानी भी अब कोई सुनना नहीं चाहता है। अखिलेश यादव ने आगे कहा, पिछले 10 साल में भारतीय जनता पार्टी की जो पहचान बनी है, वह झूठ और लूट की बनी है। शायद इतना झूठ किसी राजनीतिक पार्टी ने नहीं बोला होगा, जितना भारतीय जनता पार्टी ने बोला है। महसूस हो रहा है कि पूरे ब्रह्मांड में सबसे झूठी पार्टी अगर कोई है तो वह भारतीय जनता पार्टी है। मुझे खुशी इस बात की है कि इस बार डॉक्टर के मुकाबले में डॉक्टर खड़े हैं। मैं पार्टी के सभी साथियों का धन्यवाद दूंगा कि उन्होंने एक ऐसे डॉक्टर को तैयार किया है, जो भविष्य की आने वाली पीढ़ी का भी समझ सकता है।

## संक्षिप्त समाचार



फूलमण्डी में ईवीएम सुरक्षा स्ट्रॉन्ग रूम का निरीक्षण करती डीसीपी व अन्य।

### आतिशबाजी से महिला के घर में लगी आग

**नोएडा।** नोएडा में सेक्टर-49 थानाक्षेत्र के सेक्टर-51 में एक बारात घर में शादी के समय आतिशबाजी होने से निकट की केंद्रीय विहार सोसाइटी में एक फ्लैट की बालकॉनी में आग लग गई। इस फ्लैट में रहने वाली महिला ने सोशल मीडिया पर इसके बारे में पोस्ट की। इस महिला ने एक्स पर लिखा कि उसकी सोसाइटी के पास बने एक नामी मैरिज हॉल में शादी के समय पटाखे चलाए जा रहे थे, जिसकी वजह से कुछ पटाखे उसके घर की तरफ आए तथा उसकी बालकनी में रखे कपड़ों में आग लग गई। उसने लिखा की कि काफी मुश्किल के बाद आग पर काबू पाया जा सका। उसके इस पोस्ट के आधार पर सोशल मीडिया पर कई लोगों ने नोएडा पुलिस से कार्वाई करने की मांग की है। इस बाबत पूछने पर सेक्टर 49 के थाना प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार सैनी ने बताया कि इस मामले में पीड़िता की तरफ से अभी तक थाने में कोई शिकायत नहीं दर्ज कराई गई है। उन्होंने बताया कि इस पोस्ट के आधार पर मैरिज हॉल के संचालक को नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सलारपुर खादर में 72 करोड़ की जमीन कराई खाली

**नोएडा।** सालारपुर खादर में नोएडा प्राधिकरण ने अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की है। नोएडा प्राधिकरण ने बुलडोजर चलाकर करीब 15,000 मीटर भूमि से अतिक्रमण हटाया। इस जमीन की बाजारी कीमत तकरीबन 72 करोड़ रुपए बताई जा रही है। नोएडा प्राधिकरण ने बताया कि नोएडा प्राधिकरण की वर्क सर्किल-6 की टीम ने सलारपुर गांव में खादर की खसरा संख्या 781, 782, 893, 894 तथा सेक्टर-71 के हनुमान मूर्ति के सामने गांव सलारपुर की खसरा संख्या-595, 596, 597, 598 पर अतिक्रमण को ढहा दिया। कुछ लोगों ने इस अभियान का विरोध किया लेकिन भारी पुलिस बल के आगे उनकी नहीं चली। बताया जा रहा है कि करीब 15,000 वर्ग मीटर जमीन पर अतिक्रमण करके लोग निर्माण कर रहे थे तथा टीन लगाकर लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया था। इन सभी कब्जा को ढहा दिया गया है। नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम ने कहा कि अवैध कब्जे के खिलाफ नोएडा प्राधिकरण का अभियान लगातार जारी रहेगा तथा अतिक्रमण करने वालों को किसी भी कीमत पर बक्शा नहीं जाएगा।

# कार डिवाइडर से टकराई, दो की मौत- चार घायल

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

जिले में थाना फेस- वन क्षेत्र के डीएनडी पुल पर शुक्रवार को तड़के एक कार के डिवाइडर से टकरा जाने पर कार सवार एक युवती समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिनमें से दो ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

थाना फेस-वन के प्रभारी निरीक्षक ध्रुव भूषण दुबे ने बताया कि तड़के थाना पुलिस को एक कार के डीएनडी पुल पर डिवाइडर से टकरा जाने की सूचना मिली। उन्होंने बताया कि इस हादसे में सिद्धार्थ यादव (उम्र 25 वर्ष), रजत (उम्र 30 वर्ष), चिराग सिंघल (उम्र 26 वर्ष) तथा प्रांकाशिका (उम्र 25 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गए।

उन्होंने बताया कि घायलों को उपचार के लिए नोएडा के सेक्टर 27 में स्थित कैलाश अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उपचार के दौरान सिद्धार्थ यादव और चिराग सिंघल ने दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि शेष दो घायलों में से एक की हालत अत्यंत नाजुक है। थाना प्रभारी के अनुसार, जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि कार तेज गति से आ रही थी तथा अनियंत्रित होकर डीएनडी पुल पर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे के बाद पुल पर यातायात बाधित हो गया और जाम की स्थिति पैदा हो गई। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की सहायता से दुर्घटनाग्रस्त वाहन को वहां से हटवाया तथा यातायात सामान्य किया।

# जाट महासभा ने दिया डॉली शर्मा को समर्थन

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



राष्ट्रीय जाट समाज के जिलाध्यक्ष आनंद चौधरी ने डॉली शर्मा को किया सम्मानित

राष्ट्रीय जाट महासभा ने इंडिया गठबंधन की कांग्रेस -सपा की संयुक्त प्रत्याशी डॉली शर्मा को लोकसभा चुनाव में अपना समर्थन दिया है।

महासभा के जिलाध्यक्ष आनंद चौधरी ने बताया कि जाट समाज के सभी लोगों का पूर्ण समर्थन गठबंधन प्रत्याशी डॉली शर्मा के साथ है और पूरी मेहनत से उन्हें चुनाव लड़वाने का कार्य किया जा रहा है। डॉली शर्मा ने जाट महासभा का आभार प्रकट करते हुए कहा कि सियासत में यदि आप अच्छे लोगों, सुशिक्षित लोगों, युवाओं को बढ़ाएंगे, तो सुशासन और विकास के रूप में उसका त्वरित प्रतिफल भी पाएंगे। उत्तर भारत के गौरवशाली जाट समाज, जिसकी अहम भूमिका किसान आंदोलनों में रहती आई है, उसका समर्थन पाकर मैं अभिभूत हूँ और आप लोगों की मदद का जब भी मौका मिलेगा तो पीछे नहीं रहूँगी। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद के विकास के लिए यहां की सभी जातियों और सम्प्रदायों का जो समर्थन मिल रहा है। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी को हाल ही में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है।

# पश्चिमी यूपी में भाजपा की राजपूतों को रिझाने की कोशिश

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

राजपूतों की नाराजगी के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग के समर्थन में पिलखुवा में जनसभा को संबोधित किया। पिलखुवा साठा चौरासी के तहत आता है, जहां राजपूतों की संख्या बहुतायत में हैं। हालांकि मुख्यमंत्री की जनसभा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए लेकिन इस जनसभा का मतदान में कितना असर पड़ेगा, यह 4 जून को ही पता लग सकता है।

हालांकि पिलखुवा में बड़ी जनसभा को संबोधित कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राजपूतों को रिझा गए। जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मोदी सरकार के कार्य और योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि जनता की आवाज आज देश की आवाज बन रही है और वह आवाज है फिर से एक बार मोदी सरकार।

गाजियाबाद में विकास कार्यों का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हाईवे, रेलवे, मेट्रो, आईआईटी, आईआईएम, एम्स, विश्व स्तरीय विश्वविद्यालय, दिल्ली से मेरठ के बीच दस लेन का हाईवे बन चुका है। रेपिड रेल का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। मेरठ तक पहुंच चुकी है और इस वर्ष के अंत तक मेरठ सिटी के अंदर हम लोग मेट्रो का कार्य भी प्रारंभ कर देंगे। 2014 में पीएम मोदी आए थे तो देश के अंदर सिर्फ पांच शहरों में मेट्रो थी। आज बीस शहरों में मेट्रो है। गाजियाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, आगरा, कानपुर, लखनऊ अभी मेरठ के अंदर काम प्रारंभ करने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सपा बसपा और कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश को दंगा और कर्फ्यू की चपेट में ला दिया था। इस अवसर पर भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसोदिया, प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, स्वतंत्र प्रभार मंत्री नरेंद्र कश्यप, भाजपा प्रत्यागी अतुल गर्ग, जिलाध्यक्ष नरेश तोमर आदि मौजूद रहे।

# अवैध हथियार की फैक्ट्री पकड़ी, दो धरे

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

उत्तर प्रदेश के फतेहगढ़ और शाहजहांपुर गंगा कटारी में घरों में चोरी व डकैती करने वाले कुख्यात पंखिया गिरोह को हथियार सप्लाई करने वाले दो बदमाशों को ग्रेटर नोएडा के थाना ईकोटेक-1 पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

दोनों बदमाश ग्रेटर नोएडा की एक निर्माणाधीन बिल्डिंग में अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री चला रहे थे। इनके पास से बड़ी मात्रा में बने हुए हथियार तथा हथियार बनाने में इस्तेमाल होने वाले उपकरण बरामद हुए हैं। ग्रेटर नोएडा के ईकोटेक-1 थाना प्रभारी अनुज कुमार ने बताया कि चुनाव के चलते की जा रही चैकिंग के दौरान सूचना मिली कि पंखिया गिरोह के कुछ सदस्य इलाके में सक्रिय हैं और अवैध फैक्टरी चला रहे हैं। पूछताछ में पकड़े गए बदमाशों ने अपना नाम जुबेर तथा मसील बताया। दोनों बदमाशों ने बताया कि वह लोग फतेहगढ़ और शाहजहांपुर में सक्रिय पंखिया गिरोह से जुड़े हैं।

# जेवर एयरपोर्ट: नेविगेशन उपकरणों की जांच के लिए विमान ने भरी उड़ान

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

जेवर में बन रहे एशिया सबसे बड़े एयरपोर्ट नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का काम लगभग पूरा होने की कगार पर है। इस ड्रीम प्रोजेक्ट पर पूरे देश की नजर है। नोएडा हवाई अड्डे ने पहली कैलिब्रेशन उड़ान का ट्रायल किया है। इसके साथ सभी नेविगेशन व्यवस्थाओं की भी जांच की है। इसका एक वीडियो नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने अपने ट्विटर हैंडल से पोस्ट किया है।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने इस परियोजना में अपने एक महत्वपूर्ण कदम में पहली बार कैलिब्रेशन उड़ान का ट्रायल किया है। जिसमें विमान ने यह पता लगाने के लिए उड़ान भरी कि क्या भारतीय हवाईअड्डा प्राधिकरण द्वारा साइट पर की गई सभी व्यवस्थाएं सही से काम कर रही हैं। एनआईए का उद्घाटन इस साल दिसंबर तक होने वाला है। आपको बता दें कि बीचक्राफ्ट किंग एयर बी300, एक डीवीओआर अंशांकन उड़ान है। जिसको यह जांचने के लिए उड़ाया गया है कि क्या सभी नेविगेशन उपकरण ठीक से काम कर रहे हैं। इस अवसर पर एएआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, यह परीक्षण उड़ान बहुत महत्वपूर्ण थी क्योंकि इससे हमें एयरपोर्ट की सभी नेविगेशन प्रणालियों की स्थिति का पता चला। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने उड़ान में जानकारी देते हुए ट्विटर एक्स एक पोस्ट साझा करते हुए कहा, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सही और धूप वाले दिन में डीवीओआर उड़ान भरी गई है।


**PUBLIC NOTICE**

This is to inform Mr. RAKESH KATYAL S/o C. P. Katyal R/o Flat No. 17, Nehru Nagar, New Delhi, that his presence is required in the Court of Ld. ADJ, Saket Courts Complex, New Delhi bearing Court No. 615, on 22.04.2024 at 10:00 a.m. in the Case No. CS 464/23.

Sanjeev Malik, Advocate
Chamber No 223, Patiala House Courts, New Delhi-110001 Mobile No.- 9999901123

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, KUSUM PALIWAL W/O NO.JC734048M & RANK NB SUB SANDEEP KUMAR R/O HOUSE NO.746/29, VIKAS NAGAR SONIPAT, HARYANA, PIN-131 001 HAVE CHANGED MY NAME FROM KUSUM TO KUSUM PALIWAL FOR ALL FUTURE PURPOSES.

PD(374)C

**कब्जा सूचना**
**(अचल संपत्ति हेतु)**

जब कि,
**इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड (CIN:L65922DL2005PLC136029)** प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेन्ट ऑफ सिक्योरीटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अंतर्गत और नियम 3 के साथ धारा 13(12) के साथ सिक्योरीटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, 2002 के साथ पढ़ते हुए प्राप्त अधिकारों का उपयोग करके कर्जदार **गोविंद कुमार सक्सेना और तुषा उर्फ तुषारानी सक्सेना** को **24.01.2023** कातुर्षी सूचना में वर्णन के अनुसार कर्ज खाता नं. **HHLDCP00335305** की राशि **रू.13,20,123.63/- (रुपए तेरह लाख बीस हजार एक सौ तेईस और तिरेसठ पैसे मात्र)** और **12.01.2023** के अनुसार उस पर ब्याज उक्त सूचना की प्राप्ती की तारीख से स्पष्ट **60** दिनों के भीतर चुकता करने का आवाहन करते हुए अभियाचना सूचना जारी की थी।

धनराशि चुकता करने में कर्जदारों के असफल रहने पर एतत्द्वारा कर्जदार और सर्व सामान्य जनता को सूचना दी जाती है कि, अधोहस्ताक्षरी ने उक्त कानून की धारा **13** की उप धारा **(4)** के साथ उक्त कानून के नियम **8** के तहत सिक्योरीटी ईन्ट्रेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, **2002** के तहत प्राप्त अधिकारों का कार्यान्वयन करके **16.04.2024** को संपत्ति पर **आधिपत्य** कर लिया है। विशेषत: कर्जदारों और सामान्यत: जनता को एतत्द्वारा संपत्ति के साथ सौदा नहीं करने के लिए सावधान किया जाता है और संपत्ति के साथ कोई भी सौदा राशि **रू.13,20,123.63 /- (रुपए तेरह लाख बीस हजार एक सौ तेईस और तिरेसठ पैसे मात्र) 12.01.2023** के अनुसार और उस पर ब्याज के साथ **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड** के आधीन होगा।

उधारकर्ताओं का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप - धारा (8) के अन्तर्गत संपत्ति / संपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय की ओर आमंत्रित किया जाता है।

**अचल संपत्ति का विवरण**

**एक आवासीय एल.आई.जी.फ्लैट नं.एफएफ-4 (रूफ राईट्स के बिना), (आर.एच.बी.एस.) जिसका कुल कवर्ड एरिया मापित 325 स्के.फीट यानि 30.19 स्के.मी., प्लॉट नं. एफ-12 पर निर्मित, एसएलएफ वेद विहार में, गाँव लोनी में स्थित, तहसील और जिला गाज़ियाबाद, गाज़ियाबाद-201003, उत्तर प्रदेश, फ्लैट की सीमाएं**

**पूर्व: कॉमन पैसेज और सीढ़ी** — **पश्चिम:अन्य की संपत्ति**
**उत्तर: प्लॉट नं.एफ-11** — **दक्षिण: फ्लैट एनपीओ.एफएफ -3(एलआईजी)**

**दिनांक: 16.04.2024**
**स्थान : गाज़ियाबाद**

**सही/-**
**प्राधिकृत अधिकारी**
**इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित गाड़ी नंबर वाली कारें जो कि अपनी लाइफ पूरी कर चुकी हैं पेट्रोल कारें 15 साल, डीजल कारें 10 साल। पाइन व्यू टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एम् सी डी ड्राइव में जब्त की गई थी और अभी तक किसी के द्वारा भी क्लेम नहीं की गयी है। इन सभी गाड़ी मालिकों को सूचित किया जाता है कि कंपनी के ऑफिस में आ कर गाड़ी की स्क्रैप वैल्यू क्लेम कर लें। अन्यथा ये सभी गाड़ियां अगले तीन दिन में स्क्रैप कर दी जाएंगी।

| | | |
|---|---|---|
| DL1CQ0883, | DL8SAR3140, | DL2SF4700, |
| DL9CU0133, | DL7SAY7351, | DL4SBH7098, |
| DL8CL5636, | UP53V4422, | DL8SS7473, |
| DL3SBA5983, | DL7SAQ8693, | UP16A4455, |
| DL3SX8421, | DL13SC1429, | DL4SBC5275, |
| DL9SV3241, | UP14AT4637, | DL9SV5970, |
| DL7CJ4008, | DL2CAG9019, | DL4SBF3196, |
| DL2CAK0187, | DL7CK1855, | DL7SAB7306, |
| GJ6CB8169, | DL3SC3353, | DL7SAQ4032, |
| DL7CJ3049, | HP547949, | DL7SAQ9982, |
| DL4SAW2521, | DL9SAA1912, | DL9SK5930, |
| PB03R2171, | DL9SX0439, | DL6ST0812, |
| DL9SR9921, | MA3EVB11S | DL4SBK7130, |
| DL4SBB8636, | 00730544L5, | UP14AK7606, |
| DL7SAR1486, | DL7CK2482, | DL4SBK6989, |
| TN31S7017, | DL3CBA2958, | DL5SN4435, |
| DL7SAQ8579, | HR26AB3708, | DL3SZ0320, |
| DL7SAQ5675, | RJ271M3801, | DL5SW8717, |
| DL7SAK2090, | RJ19M1086, | DL4SBB9880, |
| DL7SX4576, | DHGBKF81972, | DL8SL9130, |
| DL7CJ3501, | MH12BM9530, | DL9SP0987, |
| DL9SAA1799, | DL9SQ5697, | DL3SBE7976, |
| DL9SL6256, | DL4SAK2888, | DL4SBM0909, |
| DL9SL6539, | DL9SK5269, | DL5CF3859, |
| CH04E5407, | UP43B5000, | DL4CND4051, |
| UP78AQ0566, | HR157045, | DL4CAF4009, |
| DL4SAQ8927, | DL4SND1979, | DL7SAQ1832, |
| DL9SV4858, | DL9SU4480, | DL7SX2661, |
| DL7SAK6063, | DL9SZ1032, | DL7SJ1107, |
| DL8SAF8838, | HR26AK4855, | DL13S1066, |
| DL7SAY7205, | DL3SAP8046, | DL2SF4168, |
| DL7SBA5120, | UP17D2412, | DL7SAQ6445, |
| DL6ST8907, | HR21C2651, | DL7SAT8539, |
| DL7SAN8436, | RJ01SC4170, | CH04F6730, |
| DL13SD1568, | DL5SAA2338, | DL3SBN2455, |
| DL13SA9899, | PB65F4246, | WB34U4261, |
| DL7SBB1750, | DL7SAK5556, | DL7SAT1063, |
| DL13C1256, | UP14AN7225, | DL9SX4654, |
| DL8SAE8378, | DL7SBE2575, | CH03D8378, |
| DAK1682, | DL4SAM9828, | DL3SBF7220, |
| DL9SW3022, | DL1SM2547, | DL9SX5525, |
| DL9SX2179, | DL7SN5264, | DL6SP9124, |
| PY01AD7761, | DL5SK6350, | DL8SAD4213, |
| DL8SAJ8975, | DL4SAG5963, | DL3SAE4749, |
| DL6SZ1789, | DL13SB1698, | MH02FA4428, |
| DL5SZ3504, | DL13SC2798, | DL9SU8794, |
| DL4SBL3306, | DL3SBK0145, | DL4SB2582, |
| DL7SAN5695, | DL7ST8960, | DL4SBE9565, |
| 747728, | DL7SY3446, | DL3SBC1983, |
| DL13S3378, | DL7SBC9960, | UP61J8823, |
| DL7SAF9025, | HR05J6038, | DL9SAA1588, |
| DL0591, | DL4SND3637, | DL4SAQ0902, |
| DL7SF5739, | DL9SR7365, | DL9SR6832, |
| DL7SAD1330, | DL13SA1872, | PB08T9410, |
| GJ6BC263, | DL7SAQ4590, | DL9SAA2339, |
| DL7SAP2260, | DL13SA7879, | DL9SAA0867, |
| UP30H2371, | RJ01SF7929, | DL9SAA1906, |
| DL3SBA3669, | DL3SAZ3615, | DL9CW0935, |
| DL3SBB6168, | DL3SBM0907, | DL4SR5327, |
| DL3CB9416, | DL7ST0895, | DL9SX4123, |
| DL9SL8035, | DL7SAY8827, | DL9SX5145, |
| DL9SM2838, | DL1LD2257, | DL4SND3095, |
| RJ09SA4977, | DL9SX4487, | DL9SV7430, |
| DL9SM9691, | PB08AH4489, | UP41J4127, |
| DL9SU3457, | DL4CS4591, | DL7SAN0582, |
| DL8SAP2121, | DL5CD1961, | DL3SAW9866, |
| DL4SZ0315, | HR06AC1888, | DL7SK5965, |
| DL4ST3632, | RJ147M9464, | DL8SNA3018, |
| HR26T3986, | DBT2511, | DL7SBD5828, |
| DL9SX4173, | BR1Q4365, | DL7SAC7393, |
| MP04X7331, | DL9SH8477, | DL2CAK3102, |
| DL9SX0728, | HR26W3586, | AW5E5062799 |
| CH03J2039, | UP16W1328, | DL2CAJ1738, |
| DL9SV2880, | UP80AF4470, | |

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that my client Mohammad Firoz is in process to purchase the Freehold Residential Plot, Area measuring 24 Sq. Yds., Out of Khasra no. 123, Situated at Sandeep Garden at Village Akbarpur Bahrampur Pargana Loni Tehsil & District Ghaziabad Uttar Pradesh. (availing loan from Piramal Capital & Housing Finance Ltd) from Mr. Sanjay Barman, who acquired the same vide Sale Deed dated 06.06.2022 (Doc. No. 2892) executed by Mr. Sambhu Mistri, Mr. Mahesh Mistri, Mrs. Manisha, Mrs. Durga Bishwas, Mrs. Nimita Das all are the legal heirs of Late Sunil Mistri
All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned.

Kamal Kant Gupta (Advocate)
Unit No. FF-2, First floor, Mahaluxmi Metro Tower Sec-4, Vaishali, Gzb., U.P., Mob. 9810063351

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that my client PRERNA SAXENA is in process to purchase the Flat No. 202 (L.I.G), on Second Floor, Front Side, area measuring 36 Sq. Mtrs., With roof rights built on Freehold Residential Plot No. 6/58, situated in Residential Colony of Vaishali, Ghaziabad, Tehsil & Distt. Ghaziabad, U.P. (availing loan from Piramal Capital & Housing Finance Ltd) from Mrs. Jeeta Kaul, Ms. Isha Kaul, Mr. Nihal Kaul, whereas they are the only legal heirs of their father Maharaj Krishan Kaul (who acquired the same vide sale deed dated 4/5/2012 doc. no. 16459)
All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned.

Kamal Kant Gupta (Advocate)
Unit No. FF-2, First floor, Mahaluxmi Metro Tower Sec-4, Vaishali, Gzb., U.P., Mob. 9810063351

**सांकेतिक कब्जे की सूचना**

ICICI Bank
**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अंकुर शर्मा/लता शर्मा/ LBMAT00005815262 | मकान नंबर 25, अंदरुन टीचर्स कॉलोनी पार्ट 2, वेक मौजा काशोपुर मनोहरपुरा, खसरा नंबर 451, 452, 453, 454, 564, 457, 458, 466, 460, 469 और 463, मथुरा, उत्तर प्रदेश- 281001/ अप्रैल 15, 2024 | अक्टूबर 30, 2023 रु. 1,36,882/- | मथुरा/ दिल्ली एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : अप्रैल 20, 2024**
**स्थान : दिल्ली/एनसीआर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**

**सिबली इंडस्ट्रीज लिमिटेड**
पंजी० कार्यालयः पवनपुरी, मुरादनगर, जिला गाजियाबाद (यू.पी.)
CIN: L17111UP1988PLC009594
फोनः 01232-261521, वेबसाइटः sybly.com, ई-मेलः sybly@rediffmail.com

**31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही/वार्षिक के लिए एकल लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण** (₹ लाख में)

| क्र. स. | विवरण | समाप्त तिमाही 31.03.2024 लेखापरीक्षित | समाप्त वर्ष 31.03.2024 लेखापरीक्षित | समाप्त तिमाही 31.03.2023 लेखापरीक्षित |
|---|---|---|---|---|
| 1. | संचालन से कुल आय | 3.41 | 3.41 | 72.83 |
| 2. | शुद्ध लाभ/(हानि) अवधि हेतु (अपवाद मद तथा कर से पूर्व) | -64.42 | -101.39 | -71.08 |
| 3. | शुद्ध लाभ/(हानि) अवधि हेतु तथा कर पूर्व (अपवाद मद से पश्चात) | -485.78 | -473.08 | -192.52 |
| 4. | शुद्ध लाभ/(हानि) अवधि हेतु (कर पश्चात तथा अपवाद मद से पश्चात) | -364.94 | -352.24 | -132.59 |
| 5. | अवधि हेतु कुल व्यापक आय (अवधि हेतु कर पश्चात लाभ/हानि शामिल करके तथा कर पश्चात अन्य व्यापक आय) | -364.94 | -352.24 | -132.59 |
| 6. | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (₹ 10/- का अंकित मूल्य) | 915.66 | 915.66 | 915.66 |
| 7. | अन्य इक्विटी | - | -830.30 | - |
| 8. | प्रति अंश आय (₹ 10/- प्रत्येक) सतत तथा असतत कार्य संचालन हेतु) | | | |
| | (अ) मूलभूत | -3.99 | -3.85 | -1.45 |
| | (ब) द्रव्य | -3.99 | -3.85 | -1.45 |

टिप्पणियाँ-
1. उपरोक्त लेखापरिक्षित वित्तीय परिणाम जैसा कि अंकेक्षण कार्य समिति द्वारा समीक्षित किए गए हैं तथा तिथि 19.04.2024 में आयोजित कम्पनी की बैठक में निदेशक मंडल द्वारा मान्यता प्राप्त थे।
2. उपरोक्त परिणाम स्टाक एक्सचेंज विनियम बोर्ड ऑफ इंडिया (सूचीबद्धता दायित्वों तथा प्रकटन आवश्यकता) विनियम, 2015 के विनियम 33 अन्तर्गत स्टाक एक्सचेंज में दर्ज तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारुप का एक सार विवरण है तथा तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रपत्र प्रारुप स्टाक एक्सचेंज की वेबसाइट : www.bseindia.com तथा कम्पनी की वेबसाइट : www.sybly.com पर भी उपलब्ध है।

स्थानः मुरादनगर
तिथिः 19.04.2024

सिबली इंडस्ट्रीज लिमिटेड
ह०
(महेश चन्द मित्तल)
प्रबंध निदेशक
डिनः 00284866

**कब्जा सूचना**
**(अचल संपत्ति हेतु)**

जब कि, **इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (''आईएचएफएल'')** ने सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रशन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेन्ट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 (2002 का 54) (''उक्त एक्ट'') और नियम 3 के साथ धारा 13 (12) के साथ सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, 2002 (उक्त रूल्स) के साथ पढ़ते हुए प्राप्त अधिकारों का उपयोग करके कर्जदार, गारंटर और गिरवीकर्ता **मोहम्मद तारिक, नगमा और तनवीर अहमद (गारंटर)** को **कर्ज खाता नं. HHLLAJ00304722** के तहत दिनांक **13.04.2021** की सूचना में **31.03.2021** तक उल्लिखित राशि जो **रु. 30,62,412/- (रुपए तीस लाख बासठ हजार चार सौ बारह मात्र)** है को उक्त सुविधा के संबंध में **01.04.2021** से भुगतान/वसूली तक अतिरिक्त ब्याज और दंडात्मक ब्याज के साथ, उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर चुकाने का आवाह्न करते हुए अभियाचना सूचना जारी की थी।

और जब कि बाद में, **आईएचएफएल** ने दिनांक **30.06.2021** के असाइनमेंट एग्रीमेंट के माध्यम से आईएचएफएल द्वारा कर्जदार/गारंटर/गिरवीकर्ता को दी गई सुविधाओं से उत्पन्न कर्जदार/गारंटर/गिरवीकर्ता द्वारा देय और देय ऋणों के संबंध में अपने सभी अधिकार, शीर्षक, ब्याज और लाभ अंतर्निहित प्रतिभूतियों के साथ **ईएआरसी ट्रस्ट - एससी 432 के ट्रस्टी** के रूप में **एडलवाइस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड** को सौंप दिए हैं।

इसके बाद में, **एडलवाइस एसेट रिकन्स्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड ने ईएआरसी ट्रस्ट - एससी 432 और ईएआरसी ट्रस्ट - एससी 439 के ट्रस्टी** के रूप में दिनांक **25.08.2023** के असाइनमेंट एग्रीमेंट के माध्यम से **आईएचएफएल** द्वारा कर्जदार / गारंटर/ गिरवीकर्ता को दी गई सुविधाओं से उत्पन्न कर्जदार / गारंटर / गिरवीकर्ता द्वारा देय और देय ऋणों के संबंध में सिक्योरिटी रिसिप्ट धारकों के लाभ के लिए **एआरसीआईएल-सीपीएस-IV, ट्रस्ट (''एआरसीआईएल'') के ट्रस्टी** के रूप में अपनी क्षमता में कार्य करते हुए अपने सभी अधिकार, शीर्षक, ब्याज और लाभ अंतर्निहित प्रतिभूतियों के साथ एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड को सौंप दिए हैं। इसलिए, उक्त असाइनमेंट को ध्यान में रखते हुए, **एडलवाइस एसेट रिकन्स्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड** के स्थान पर अब एआरसीआईएल को रखा गया है और एआरसीआईएल कर्जदार / गारंटर / गिरवीकर्ता के खिलाफ सभी और किसी भी कार्यवाही को शुरू करने / जारी रखने और वित्तीय दस्तावेजों के तहत अधिकारों और लाभों को लागू करने की हकदार होगी, जिसमें कर्जदार / गारंटर / गिरवीकर्ता द्वारा प्राप्त की गई उक्त सुविधाओं के लिए निष्पादित और बनाए गए सुरक्षा हित को लागू करना भी शामिल है।

एआरसीआईएल को उक्त धनराशि चुकता करने में कर्जदार / गारंटर / गिरवीकर्ता के विफल रहने पर एतद्वारा विशेषतः कर्जदार / गारंटर / गिरवीकर्ता और सर्व सामान्य जनता को सूचना दी जाती है कि एआरसीआईएल के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने उक्त कानून की धारा 13 की उप-धारा (4) के साथ उक्त कानून के नियम 8 के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए **15.04.2024** पर, नीचे वर्णित सुरक्षित संपत्तियों पर **सांकेतिक आधिपत्य** कर लिया है।

विशेषत : कर्जदार / गारंटर / गिरवीकर्ता और सर्व सामान्य जनता को नीचे उल्लिखित सुरक्षित संपत्तियों के साथ लेनदेन न करने के लिए आगाह किया जाता है और सुरक्षित संपत्तियों के साथ कोई भी लेनदेन **31.03.2021** तक **रु. 30,62,412/- (रुपए तीस लाख बासठ हजार चार सौ बारह मात्र)** की राशि के लिए उक्त सुविधा के संबंध में **01.04.2021** से भुगतान / वसूली तक सभी आकस्मिक लागतों, शुल्कों और खर्चों के साथ संविदात्मक दर पर अतिरिक्त ब्याज के साथ **एआरसीआईएल** के शुल्क के अधीन होगा।

नीचे उल्लिखित सुरक्षित संपत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में कर्जदार / गारंटर / गिरवीकर्ता का ध्यान उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर दिलाया जाता है।

**सुरक्षित संपत्तियों का विवरण**

**संपत्ति का स्वामित्व : मोहम्मद तारिक**
**आवासीय फ्लैट बेअरिंग नंबर एफ-1 (छत के अधिकारों के बिना), जिसका कवर्ड एरिया 900 वर्ग फीट का है जो 83.61 वर्ग मीटर के बराबर है, पहली मंजिल पर (सामने की तरफ), प्लॉट नंबर बी-1/29 पर निर्मित, ग्रुप हाउसिंग कॉम्प्लेक्स में जिसे ''डीएलएफ दिलशाद एक्सटेंशन - II'' कहा जाता है , गांव ब्रह्मपुर (भोपुरा), गाज़ियाबाद-201010, उत्तर प्रदेश।**

**दिनांक : 15.04.2024**
**स्थान : गाज़ियाबाद**

कृते
एसेट रिकन्स्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड
(एआरसीआईएल-सीपीएस-IV, ट्रस्ट के ट्रस्टी)
प्राधिकृत अधिकारी

# केजरीवाल के स्वास्थ्य को लेकर संग्राम

## मिठाई और आम खान के ईडी के दावे पर सीएम के वकील ने कोर्ट से कहा, उन्हें एक-दो बार ही ऐसा भोजन दिया

- आप का दावा- सेहत चार्ट के अनुसार खाया खाना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

तिहाड़ जेल में बंद आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सेहत और उनके खाने पर संग्राम मचा हुआ है। ईडी ने दावा किया है कि केजरीवाल जानबूझबू कर ऐसा खाना खा रहे जिससे कि उनका शुगर लेवल बढ़ जाए और फिर वो अपनी सेहत का हवाला देकर जमानत हासिल कर सकें। वहीं मुख्यमंत्री केजरीवाल ने प्रवर्तन निदेशालय पर जेल में उनके आहार पर संकीर्ण सोच रखने और राजनीति करने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को एक अदालत के समक्ष कहा कि उन्होंने जो खाना खाया वह उनके डॉक्टर द्वारा तैयार किए गए आहार चार्ट के अनुरूप था। उन्होंने जेल में उन्हें इंसुलिन दिए जाने का अनुरोध किया। केजरीवाल ने उनकी शर्करा के खतरनाक स्तर को नियंत्रण में रखने के वास्ते इंसुलिन दिए जाने की अनुमति देने का निर्देश जेल अधिकारियों को देने के लिए अदालत के समक्ष एक नई याचिका दायर की। उनके वकील वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने इसे चौंकाने वाला और खतरनाक बताते हुए कहा कि केजरीवाल को उनकी गिरफ्तारी के बाद से उनके शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने के लिए इंसुलिन नहीं दिया गया है।

केजरीवाल की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने अदालत से कहा, ईडी ने दावा किया है कि वह जमानत पाने के लिए अपना रक्त शर्करा का स्तर बढ़ाना चाहते हैं। वह क्या जमानत पाने के लिए लकवा होने का जोखिम उठाएंगा। वह जो भी भोजन कर रहे हैं वह गिरफ्तारी से पहले मेरे डॉक्टर द्वारा तैयार आहार चार्ट के अनुसार है। केजरीवाल को जेल में नियमित रूप से आम, मिठाई, आलू-पूरी खाने के ईडी के दावे पर उन्होंने कहा कि उन्हें एक-दो बार ही ऐसा भोजन दिया गया। सिंघवी ने अदालत से कहा, आरोप है कि मैं आम खा रहा हूं। घर से 48 बार भोजन भेजा गया जिसमें से केवल तीन बार आम भेजे गए। आठ अप्रैल के बाद कोई आम नहीं भेजा गया। आम को तो ऐसे दर्शाया गया है जैसे उसमें शुगर भरी पड़ी है। उनमें शर्करा का स्तर ब्राउन राइस या सफेद चावल से बहुत कम होता है।

केजरीवाल को जेल में घर के खाने की अनुमति दी गई है। उन्होंने अदालत से कहा, मैं अपनी चाय में केवल शुगर फ्री लेता हूं। ईडी कितनी संकीर्ण, राजनीतिक और हास्यास्पद हो सकती है। उनके बयान पूरी तरह झूठे और दुर्भावनापूर्ण हैं। आपका मीडिया में बहुत ज्यादा प्रभाव है, केवल इसलिए आप यह प्रकाशित करवा रहे हैं कि मैं आलू-पूरी खा रहे हैं जबकि ऐसा भोजन केवल एक बार नवरात्र में पूजा के समय भेजा गया था। केजरीवाल ने अपने शर्करा के स्तर में उतार-चढ़ाव के बारे में सप्ताह में तीन बार अपने चिकित्सक से परामर्श लेने की याचिका बृहस्पतिवार को वापस ले ली थी। उन्होंने शुक्रवार को एक नई याचिका दायर कर हर दिन 15 मिनट के लिए अपने चिकित्सक से परामर्श की मांग की।

सिंघवी ने कहा, क्योंकि वह कैदी है इसलिए क्या मुझे गरिमापूर्ण जीवन जीने और अच्छी सेहत का अधिकार नहीं है। मैं क्या कुख्यात अपराधी हूं जो मुझे 15 मिनट भी अपने डॉक्टर से वीडियो कॉन्फ्रेंस से परामर्श की अनुमति नहीं दी जा सकत। हमारे देश में 75 साल से लोकतंत्र है लेकिन वह इस तरह का रुख पहली बार देख रहे हैं। इस तरह की संकीर्णता पहले कभी नहीं देखी।




## डायटिशियन की निगरानी में दिया जाए केजरीवाल को खाना : बिधूड़ी

- भाजपा नेता ने कहा, बीमारी से भी राजनीतिक लाभ उठाना चाहती है आम आदमी पार्टी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भाजपा के वरिष्ठ नेता और दक्षिण दिल्ली लोकसभा सीट से पार्टी उम्मीदवार रामवीर सिंह बिधूड़ी ने आप के आरोपों पर पलटवार करते हुए दावा किया कि वे केजरीवाल की स्वास्थ्य स्थिति के जरिए राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रहे हैं। बिधूड़ी ने सुझाव दिया कि तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री को केवल एक आहार विशेषज्ञ की सलाह पर ही भोजन दिया जाना चाहिए। बिधूड़ी ने कहा कि न्यायालय ने केजरीवाल को घर का खाना खाने की छूट दी है लेकिन ईडी की सूचना के अनुसार वह जिस प्रकार का खाना खा रहे हैं और जैसी वस्तुओं का सेवन कर रहे हैं, वह उनकी सेहत के लिए ठीक नहीं है। उससे उनका शूगर लेवल बढ़ने की आशंका रहती है। इसी शूगर लेवल के आधार पर वह जमानत की अर्जी भी दाखिल करना चाहते हैं। आम आदमी पार्टी के नेता उनकी बीमारी का मुद्दा उठाकर पहले भी दोषारोपण कर चुके हैं। ऐसी स्थिति में तिहाड़ जेल प्रशासन को एक डायटिशियन की नियुक्ति करनी चाहिए। केजरीवाल के घर से आने वाला खाना उनकी निगरानी में ही तैयार हो और वही उन्हें दिया जाए।



### सहानुभूति लेने के लिए आप कर रही नौटंकी : सचदेवा



**नई दिल्ली।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि जेल मे बंद केजरीवाल के लिए जन संवेदना एकत्र करने के लिए आम आदमी पार्टी चला रही है जेल में मुख्यमंत्री को इंसुलिन नहीं मिलने का नौटंकी अभियान। शराब घोटाले के आरोपी केजरीवाल तिहाड़ जेल में बंद हैं जो उनकी अपनी सरकार की जेल है और यदि उनको कोई तकलीफ हो रही है तो इसकी जिम्मेदारी स्वयं उनकी सरकार की है। जानकारी के अनुसार जेल में दो डाक्टर मुख्यमंत्री केजरीवाल के स्वास्थ्य की नियमित देखभाल कर रहे हैं।

### मुख्यमंत्री के खिलाफ रची जा रही साजिश : संजय सिंह



**नई दिल्ली।** आप नेता संजय सिंह ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री मधुमेह के लिए इंसुलिन लेते हैं। उन्होंने कहा कि यदि मधुमेह से ग्रस्त व्यक्ति को समय पर इंसुलिन नहीं दी जाएगी तो उसकी मौत भी हो सकती है। राज्यसभा सदस्य ने पूछा, भाजपा के इशारे पर उनकी जिंदगी से क्यों खिलवाड़ किया जा रहा है और उन्हें इंसुलिन क्यों नहीं मुहैया कराई जा रही है।

संजय सिंह और आतिशी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि केजरीवाल की बीमारी का मजाक उड़ाने के लिए भाजपा नेताओं की आलोचना की। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री के बारे में मीडिया के माध्यम से भ्रामक खबरें फैलाई जा रही हैं। उन्होंने सवाल किया, यदि जेल के नियमों के अनुसार किसी कैदी की स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां साझा करने की इजाजत नहीं होती है तो ईडी ने बृहस्पतिवार को मीडिया में केजरीवाल का फर्जी आहार चार्ट क्यों साझा किया। वहीं आतिशी ने ईडी पर भाजपा का सहायक संगठन होने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया, यह भाजपा का एक राजनीतिक उपकरण है। मंत्री ने उन दावों से इनकार किया, जिसमें केजरीवाल पर नवरात्र के दौरान अंडे खाने का आरोप लगाया गया था।



तेज तपिश के बाद कर्तव्य पथ पर पेड़ की छांव में आराम करते लोग। फोटो: रंजन डिमरी

## मौसम का सबसे गर्म दिन रहा शुक्रवार

- अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री दर्ज, शनिवार को आंशिक रूप से बादल छाए रहने और तेज हवाएं चलने का पूर्वानुमान : आईएमडी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में शुक्रवार को दिन का तापमान 39.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो इस साल जनवरी से अब तक का सबसे अधिक तापमान है। इससे पहले 11 अप्रैल को अधिकतम तापमान 39.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था जो इस मौसम में अब तक का दूसरा सर्वाधिक तापमान था। इस अवधि में राष्ट्रीय राजधानी में सापेक्षिक आर्द्रता 27 से 69 प्रतिशत के बीच रही। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने शनिवार को आंशिक रूप से बादल छाए रहने और तेज सतही हवाएं चलने की भविष्यवाणी की है। इस दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान करीब 39 से 21 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। आईएमडी के आंकड़े के मुताबिक दिल्ली में शुक्रवार पारा 39.4 डिग्री तक पहुंच गया जो इस गर्मी के मौसम में अबतक का सबसे अधिक तापमान है। इतना ही तापमान 13 अप्रैल को भी रिकॉर्ड किया गया था।

### कोचिंग सेंटर के बाहर पिटाई से नाबालिग छात्र घायल

**नई दिल्ली।** भजनपुरा थाना क्षेत्र में एक कोचिंग सेंटर के बाहर हुए झगड़े में 16 वर्षीय लड़के की बुरी तरह से पिटाई की गई है, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि इस मामले में सात से आठ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। हालांकि, अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

शिकायतकर्ता दसवीं कक्षा का छात्र है। उसने पुलिस को बताया कि वह अपने कोचिंग सेंटर के बाहर था तो कुछ लोगों ने उसके साथ दुर्व्यवहार किया था। नाबालिग ने पुलिस को बताया, मैंने उनसे मेरे प्रति अभद्र भाषा का इस्तेमाल न करने के लिए कहा, जिसके बाद मैं कोचिंग सेंटर के अंदर चला गया। छात्र द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी में बताया गया है, शाम के लगभग सात बजे मैं अपने घर लौट रहा था तभी लगभग छह-सात लोगों ने मुझ पर हमला कर दिया, जिससे मैं घायल हो गया।

## कांग्रेस राजधानी की तीनों लोस सीटें जीतेगी: लवली

- बोले, न्याय पत्र के संदेश को सभी क्षेत्रों में लोगों तक पहुंचाएंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण बैठक में तीनों लोकसभा चॉदनी चौक, उत्तर पूर्वी और उत्तर पश्चिमी क्षेत्र में चुनाव अभियान के अंतर्गत सभी सीटों पर विजयी बनाने के लिए कांग्रेस का घोषणा पत्र न्याय पत्र का संदेश जनता तक पहुॅचाने के लिए दिल्ली के सभी क्षेत्रों में संपर्क साधने के लिए रणनीति बनाई गई। बैठक में फैसला लिया गया कि हिस्सेदारी न्याय, युवा न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और किसान न्याय से संबधित 25 गारंटियों की जानकारी प्रत्येक निवासी तक पहुॅचानी होगी। लवली ने कहा कि भाजपा के बहुत हुई महंगाई की मार के नारे का सच ये है पेट्रोल डीजल के दाम आजादी के बाद से सबसे ऊंचाई पर है। इस सरकार ने आटा, दाल, छाछ, पनीर, हर चीज पर जीएसटी लगा दिया और जहां हीरा खरीदने पर 3 फीसदी केवल जीएसटी है, वही बच्चो की पढ़ाई के लिए कॉपी पेंसिल पर 18 फीसदी जीएसटी लगाते है। एक तरफ फिल्मों को टैक्स फ्री करते हैं। वहीं कफन तक पर भी टैक्स लगा दिया। लोकसभा चुनाव जीतने के बाद केन्द्र में सरकार बनते ही देश के गरीब और जरुरतमंद लोगों के लिए बनाई गई कांग्रेस की गारंटी को लागू करेगी।

## संक्षिप्त समाचार



किरोड़ीमल कॉलेज के सेमिनार हॉल में अंबेडकर के दर्शन हुई चर्चा।

### अंबेडकर जयंती पर परिचर्चा का आयोजन

**नई दिल्ली।** नेशनल डेमोक्रेटिक टीचर्स फ्रंट, दिल्ली विश्वविद्यालय के अंबेडकर स्टडी सर्किल के संयोजन में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती के अवसर किरोड़ीमल कॉलेज के सेमिनार हॉल में डॉ. अंबेडकर के दर्शन परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस परिचर्चा में एनडीटीएफ के अध्यक्ष डॉ एके भागी, विश्वविद्यालय के राजनीति शास्त्र विभाग के प्रो. एचएम संजीव कुमार, अर्थशास्त्र विभाग के प्रो. परमजीत, लॉ फैकेल्टी के प्रो. पुष्प कुमार लक्ष्मण, हिन्दी विभाग के प्रो. श्योराज सिंह बेचैन, लक्ष्मीबाई महाविद्यालय की सहायक आचार्या डॉ. अदिति नारायणी पासवान और भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय के प्रो विष्णु मोहन दास बतौर विशेषज्ञ शामिल रहे। परिचर्चा की संयोजक लुके कुमारी और संचालन अदिति नारायण पासवान ने किया। प्रो. वीएस नेगी,सुनील कुमार, डा. बिजेन्द्र कुमार, डा. चमन सिंह, डा. धनपाल सिंह, डा. विवेक चौधरी, डा. मनीष कुमार अनेक शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहे।

### बाबा साहब को याद कर पुष्पांजलि अर्पित की



**नई दिल्ली।** आईटीपीओ ने भारतरत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर प्रदीप सिंह खरोला, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, रजत अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक, मथुरा प्रसाद कार्यकारी निदेशक (परियोजना) तथा आईटीपीओ के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गई ।

### थीम गीत 'हमारे मोदीजी' लॉन्च



**नई दिल्ली।** संविधान क्लब में आयोजित एक कार्यक्रम में 'हमारे मोदीजी गीत के लॉन्च ने उपस्थित लोगों पर गहरी छाप छोड़ी। इस अवसर पर भाजपा के महासचिव तरुण चुघ, दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और पीपीआरसी के निदेशक सुमित भसीन सहित सम्मानित गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। प्रेस कॉन्फ्रेंस में गाने के वीडियो और ऑडियो संस्करण का अनावरण किया गया, जो छह मिनट का है। हमारे मोदीजी केवल एक गीत नहीं है बल्कि भारत के विकास के लिए प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों का प्रतिबिंब है। संघटन संस्कृति संघ की सदस्य हरिप्रिया भारगव ने पूरी परियोजना की अवधारणा की।

### पीड़ित को मुआवजा देने से अपराध खत्म नहीं हो जाता: कोर्ट

*नई दिल्ली। उच्च न्यायालय ने पक्षों के बीच समझौते के आधार पर हत्या के प्रयास के एक मामले में प्राथमिकी को रद्द करने से इनकार करते हुए कहा कि आपराधिक कानून समाज में व्यक्तियों के आचरण को नियंत्रित करने का प्रयास करता है और मुआवजे के भुगतान से कोई अपराध खत्म नहीं हो जाता। न्यायमूर्ति अनूप कुमार मेंदीरत्ता ने आरोपियों की याचिका खारिज करते हुए कहा कि उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आईपीसी की धारा 307 जैसा गंभीर अपराध दोहराया नहीं जाए और समझौता अधिक आपराधिक कृत्यों को बढ़ावा न दे या बड़े पैमाने पर समाज के कल्याण को खतरे में नहीं डाले। अदालत ने पारित एक आदेश में कहा, वर्तमान मामले में एक छोटी सी बात पर याचिकाकर्ताओं द्वारा प्रतिवादी नंबर तीन के शरीर के महत्वपूर्ण हिस्से पर चाकू से वार किया गया था।*

## संकट के समय मेट्रो में हथियारों के साथ सफर का सकेंगे पुलिस कर्मी



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पहली बार, दिल्ली पुलिस के जवान आपातकालीन स्थिति के दौरान यातायात जाम में फंसने से बचने और घटनास्थल पर जल्दी पहुंचने के लिए हथियारों के साथ मेट्रो ट्रेन में सफर करते नजर आएंगे।

अधिकारियों के मुताबिक, डीएमआरसी (दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन) और मेट्रो स्टेशन पर सुरक्षा जांच के लिए तैनात सीआईएसएफ (केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल) के साथ हाल ही में हुई बैठक में दिल्ली पुलिस के प्रस्ताव पर हरी झंडी मिल गई है। फिलहाल दिल्ली पुलिस के जवानों को हथियार लेकर मेट्रो में सफर करने की इजाजत नहीं है।

दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी के मुताबिक, एसओपी (मानक संचालन प्रक्रिया) के लिए अंतिम तौर-तरीके तैयार कर लिए गए हैं और अगर संभव हुआ तो इसे दिल्ली में लोकसभा चुनाव से पहले लागू किया जा सकता है। अधिकारी ने कहा, हमें संकट या कानून-व्यवस्था की स्थिति के दौरान हथियारों के साथ मेट्रो में सफर करने की मंजूरी डीएमआरसी से मिल गई है। इस मामले को लेकर 16 अप्रैल को डीएमआरसी और सीआईएसएफ समेत सभी हितधारकों के साथ एक बैठक हुई थी। अधिकारी ने कहा कि कर्मियों का एक समूह बिना टोकन के सफर कर सकता है, लेकिन सफर से पहले उनके प्रभारी या प्रमुख को इसका कारण और कर्मियों का विवरण डीएमआरसी को देना होगा। उन्होंने कहा कि स्थिति के आधार पर कर्मियों के लिए एक कोच आवंटित किया जा सकता है।

अधिकारी ने कहा, उक्त सफर भुगतान के आधार पर होगा और सफर करने वाला प्रत्एक कर्मी वर्दी पहनेगा। अधिकारी ने दंगे जैसी स्थिति का उदाहरण देते हुए कहा कि ऐसी स्थिति में अतिरिक्त बल की आवश्यकता होती है।

## 'क्यूएस वर्ल्ड विवि रैंकिंग में डीयू अव्वल'

- प्रोफेसर योगेश सिंह ने कहा, दिल्ली विश्वविद्यालय रैंकिंग में कर रहा लगातार सुधार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय अपनी रैंकिंग में सुधार करते हुए क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग (स्थिरता) में भारत में पहले स्थान पर पहुंच गया है, जबकि पिछले वर्ष यह चौथे स्थान पर था। यह जानकारी दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने दिल्ली विश्वविद्यालय में एक पत्रकार वार्ता के दौरान दी।

कुलपति ने कहा, विश्वविद्यालय एक मल्टी फैकल्टी बड़ा संस्थान है जो बहुजन को शिक्षा प्रदान कर रहा है। रैंकिंग के मामले में इसकी तुलना छोटे आकार के प्रमुख संस्थानों के साथ करने से पहले इस अंतर को समझना चाहिए। एनआईआरएफ रैंकिंग में भी जल्द ही डीयू टॉप 10 में आ जाएगा। इस अवसर पर डीन रैंकिंग मुकेश महलावत ने रैंकिंग में डीयू की उपलब्धियों पर पीपीटी के माध्यम से जानकारी साझा की।



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते दिल्ली विवि के कुलपति योगेश सिंह।

### डीयू में दाखिला प्रक्रिया 25 से

इस अवसर पर कुलपति ने दाखिलों के कार्यक्रम की जानकारी दी, उन्होंने बताया कि दिल्ली विश्वविद्यालय में पोस्ट ग्रेजुएट (पीजी) दाखिले के लिए पंजीकरण 25 अप्रैल से शुरू होगा। 25 मई तक विद्यार्थी दाखिले के लिए पोर्टल पर पंजीकरण कर सकेंगे। कुलपति ने बताया कि सीयूईटी (यूजी) प्रक्रिया पूरी होने के बाद दाखिले मई माह के मध्य तक घोषित किए जाएंगे।

डीन एडमिशन प्रो. हनीत गांधी ने 2024-25 के लिए दाखिलों पर विस्तृत जानकारी दी। इस वर्ष पोस्ट ग्रेजुएट के लिए (एनसीवेब सहित) कुल 13500 सीट, बीटेक के लिए 120 प्रत्येक तथा बीए एलएलबी और बीबीए एलएलबी के लिए प्रत्येक में 60 सीटों पर दाखिले किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पीजी दाखिलों में इस बार एमए हिन्दू स्टडीज, एमए पब्लिक हेल्थ, एमए चाइनीज स्टडीज, एमए कोरियन स्टडीज और मास्टर इन फाइन आर्ट्स भी शामिल किए गए हैं। डीन रैंकिंग मुकेश महलावत ने डीयू की क्यूएस रैंकिंग पर विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग (स्थिरता) में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डीयू का स्थान 2023 में 381-400 में था जबकि 2024 में यह 220 हो गया है। इसी रैंकिंग में भारत में डीयू का स्थान अब पहला है।

## प्रधानमंत्री की उपलब्धियां बताएंगे कलाकार

- 1 से 23 तक सातों संसदीय क्षेत्रों में 8 हजार से अधिक नुक्कड़ नाटक होंगे : शर्मा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मतदाताओं तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपलब्धियां लोगों तक पहुंचाने के लिए भाजपा प्रचार के विभिन्न माध्यम अपना रही है।

प्रचार के परंपरागत तरीकों के साथ ही इंटरनेट मीडिया के माध्यम से पार्टी अपनी बात जनता तक पहुंचने में जुटी है इसी कड़ी में कलाकारों की टीम राजधानी की सड़कों पर उतारेगी। कलाकार अयोध्या में रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने जी-20 शिखर सम्मेलन, विश्व में भारत की मजबूत स्थिति नि:शुल्क राशन वितरण महिला जन कल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियां की जानकारी देकर प्रचार करेंगे संस्कृत विभाग की देखरेख में अभियान चलेगा। इसके अलावा नुक्कड़ नाटक के जरिए केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार की भी पोल खोलेगी। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव हेतू बनाये गये नुक्कड़ नाटकों का मीडिया ट्रायल शो मीडिया कर्मियों के साथ देखा। नुक्कड़ नाटकों के साथ ही पपेट शो, मैजिक शो, कवि सम्मेलन, म्यूजिक बैंड, फ्लैश मोब के माध्यम से जहाँ एक ओर प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों को जनता के बीच ले जायेंगे तो वहीं अरविंद केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार एवं कुशासन की भी पोल खोलेंगे।

यह सांस्कृतिक अभियान 1 मई को पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में होगा। नुक्कड़ नाटक समिति के प्रमुख सदस्य अनुज शर्मा ने बताया की नेशनल स्कूल आफ ड्रामा से प्रशिक्षित कलाकारों द्वारा बनाई 163 टीमें जिनमे अनेक रामलीलाओं से जुड़े कलाकार भी शामिल है। नुक्कड़ नाटकों के 1 से 23 मई के बीच 8 हजार से अधिक स्थानों पर शो होंगे।



दिल्ली भाजपा कार्यालय में अभ्यास करते हुए कलाकार।

### सिंघु बॉर्डर से अवरोधक हटाने का काम शुरू

**नई दिल्ली।** हरियाणा के शंभू सीमा पर पिछले काफी समय से किसान आंदोलन पर बैठे हुए हैं। आंदोलन को देखते हुए दिल्ली के सभी बॉर्डर को लोहे व सीमेंट के बेरिकेडस लगाकर बंद कर दिया गया था लेकिन अब दिल्ली की सभी सीमाओं को यातायात के लिये पूरी तरह से खोला जा रहा है। सिंघु बॉर्डर फ्लाईओवर पर बनाए गए सीमेंट बेरिकेडस को तोड़ने के लिये क्रेन और जेसीबी की सहायता से हटाया जा रहा है। अभी वाहनों को फ्लाईओवर के दोनों तरफ बने रोड से आने जाने दिया जा रहा था। जिससे सुबह और शाम दोनों तरफ काफी लंबा जाम लग जाता है। लेकिन अब किसान आंदोलन को देखते हुए।

राइट्स
राइट्स लिमिटेड
(भारत सरकार का एक उपक्रम)
शिखर, राइट्स भवन, प्लॉट नं. 1, सेक्टर - 29, गुड़गांव - 122001

अनुबंध पर जनशक्ति की नियुक्तिः

| रिक्ति सं. | पद | रिक्तियों की संख्या |
| --- | --- | --- |

वीसी संख्या 132/24-135/24 द्वारा विज्ञापित सहायक प्रबंधक (मैकेनिकल/धातुकर्म), सहायक प्रबंधक (इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक्स), सहायक प्रबंधक (सिविल) और सहायक प्रबंधक (आईटी/सीएस) के पदों के लिए लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। 05-05-2024. आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 29-04-2024 तक बढ़ा दी गई है। लिखित परीक्षा 05-05-2024 को गुवाहाटी, कोलकाता, मुंबई, चेन्नई, बैंगलोर, गुरुग्राम, हैदराबाद में आयोजित की जाएगी।

# फैटी लीवर से पीड़ित बच्चों की संख्या में हो रहा है इजाफा

विश्व लिवर दिवस पर विशेष

**संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम**

**गुरुग्राम** के एक अस्पताल में चिकित्सीय परीक्षण में लगभग 35 प्रतिशत मरीज और लगभग 100 प्रतिशत डायबिटीज मरीज फैटी लीवर बीमारी से पीड़ित पाए जा रहे हैं। इन मरीजों में से ज्यादातर यानी 75 प्रशित लोग शहरी निवासी ऑफिस जाने वाले लोग हैं। फैटी लीवर से पीड़ित बच्चों की भी संख्या बढ़ रही है।

खानपान में पश्चिमी देशों के बढ़ते तौर-तरीके जैसे फास्ट फूड का बढ़ता सेवन, स्वस्थ फलों और सब्जियों की कमी और गतिहीन लाइफ स्टाइल की वजह से इस तरह की बीमारी बढ़ रही है। इसके अलावा ओवर-द-काउंटर दवाओं का दुरुपयोग भी लीवर को नुकसान पहुंचा सकता है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) नई दिल्ली के हाल ही में हुए एक अध्ययन में पता चला है कि 38 प्रतिशत भारतीय नॉन-अल्कोहलिक फैटी लिवर रोग से पीड़ित है। दुनिया में भी यह बीमारी गंभीर रूप धारण कर चुकी है। क्योंकि दुनिया की लगभग 25 से 30 प्रतिशत आबादी फैटी लीवर से प्रभावित है।

पारस अस्पताल में गैस्ट्रोएंटरोलॉजी हेपेटॉलोजी विभाग के चेयरमैन डॉ. रजनीश मोंगा के मुताबिक विश्व लीवर दिवस के अवसर पर भारत में तेजी से फैलती हुई फैटी लीवर बीमारी की ओर



सांकेतिक तस्वीर।



डॉ. रजनीश मोंगा।

ध्यान आकर्षित करना बहुत जरूरी हो गया है। फैटी लीवर बीमारी की इस महामारी से निपटने के लिए हमें नियमित जांच और डायग्नोसिस, लाइफ स्टाइल में बदलाव, जैसे संतुलित डाइट, नियमित एक्सरसाइज और मोटे व्यक्तियों में वजन कम करना, सबसे महत्वपूर्ण रूप से खुद से दवा करने से बचने संबंधी सावधानियों का पालन करना चाहिए। स्वच्छ पेयजल पीने से हेपेटाइटिस-ए और ई को फैलने से रोका जा सकता है। क्योंकि इस बीमारी की वजह से भारत में एक्यूट लीवर फेलियर के 30 प्रतिशत केस सामने आते हैं।

### शरीर में 500 कार्यों में लिवर का योगदान

**हर** साल 19 अप्रैल को दुनियाभर में वर्ल्ड लिवर डे मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य लोगों को लिवर के स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता बढ़ाना है। सेहतमंद रहने के लिए हमारे शरीर में मौजूद हर एक अंग का ठीक ढंग से काम करना जरूरी है।

यह जानकार हैरानी हो सकती है कि लिवर हमारे शरीर के लिए जरूरी करीब 500 कार्यों में योगदान करता है। आज के समय में कई कारणां से कम उम्र में ही लोग लिवर से जुड़ी गंभीर बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। लिवर में किसी तरह की खराबी आने पर खासकर फैटी लिवर की स्थिति में समय-समय पर पेट के ऊपरी हिस्से में राइट साइड में तेज दर्द महसूस होता है। पसलियों के नीचे तेज दर्द महसूस किया जा सकता है। यह दर्द पीठ और कंधों तक भी फैल सकता है।

# सेना बलों में सेवारत जवान ईटीपीबीएस के जरिए ऑनलाईन कर सकते हैं मतदान

## दूसरे जिलों के कर्मचारी भी फार्म-12ए भरकर पोस्टल बैलेट पेपर से दे सकते हैं वोट

## पोस्टल बैलेट पेपर की कार्यशाला आयोजित हुई

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**जिला** से बाहर के जो कर्मचारी गुरुग्राम में ड्यूटी कर रहे हैं, वे फार्म 12ए भरकर अपना पोस्टल बैलेट पेपर यहां मंगवा सकते हैं। जिला में इन कर्मचारियों के लिए भी मतदान केंद्र बनाकर वोट डलवाए जाएंगे। यह बात डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत कुमार यादव ने शुक्रवार को लघु सचिवालय सभागार में पोस्टल बैलेट पेपर को लेकर आयोजित की गई वर्कशॉप में कही।





गुरुग्राम के लघु सचिवालय सभागार में पोस्टल बैलेट पेपर को लेकर वर्कशॉप लेते डीसी निशांत कुमार यादव।

निशांत कुमार यादव ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने वर्ष 2020 से अब नई नीति बनाकर पोस्टल बैलेट पेपर से भी वोट डालने की सहूलियत कर्मचारियों को दी है। जो कर्मचारी दूसरी विधानसभा क्षेत्र के गुरुग्राम जिला में सेवारत हैं और अपनी ड्यूटी कर रहे हैं, वे फार्म 12ए भरकर अपने कार्यक्षेत्र में ही मतदान कर सकते हैं। पोस्टल बैलेट पेपर का निर्वाचन आयोग ने पूरा मैकेनिज्म तैयार कर दिया है और उसकी अनुपालना करते हुए ये वोट डलवाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि हरियाणा के सभी जिलों में कर्मचारियों के फार्म-ए किसी जिममेदार अधिकारी की ड्यूटी लगाकर नौ मई के बाद भिजवाए जाएंगे, जिससे कि समय पर उनके पोस्टल बैलेट पेपर आ सकें। इसके बाद 22, 23 और 24 मई को स्पेशल बूथ बनाकर इन कर्मचारियों के वोट डलवाए जाएंगे।

डीसी ने बताया कि इसी प्रकार जो जवान सेना तथा अर्द्धसैनिक बलों में सेवारत हैं, वे ईटीपीबीएस पोस्टल पेपर के जरिए ऑनलाइन वोटिंग कर सकते हैं। निर्वाचन आयोग ने सर्विसवोटर.एनआईसी.इन तथा ईटीपीबीएस.इन दो पोर्टल भी सर्विस वोटरर्स के लिए बनाए हैं। जिला में 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग, हॉस्पिटल में एडमिट कोविड मरीज और दिव्यांगजन फार्म-12डी भरकर घर बैठे मतदान कर सकते हैं। गुरुग्राम जिला के चारों विधानसभा क्षेत्रों में करीब 29 हजार बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता हैं। चुनाव का नोटिफिकेशन जारी होने के बाद इन सभी को फार्म-12डी भिजवाया जाएगा, जिसमें वे घर से मतदान करने या बूथ पर जाकर वोट डालने के बारे में अपनी सहमति प्रकट करेंगे।

इसके बाद उनको मतदान की सुविधा प्रदान की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि एडिशनल लेबर कमिश्नर कुशल कटारिया को पोस्टल बैलेट पेपर के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जिनकी निगरानी में ऑनलाईन सर्विस वोट देने तथा पोस्टल बैलेट पेपर से मतदान करने की प्रक्रिया संपन्न करवाई जाएगी। ओएसडी प्रीति रावत ने पीपीटी के जरिए एलईडी स्क्रीन पर ईटीपीबीएस और पोस्टल बैलेट पेपर के नियमों के बारे में विस्तार से बताया।

# महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी का चुनाव में रहेगा बेहतर प्रदर्शन : आशीष दुआ

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**पहले** चरण के लोकसभा चुनाव महाराष्ट्र सहित कई प्रदेशों में शुक्रवार को मतदान हो गया है। प्रथम चरण के मतदान के लिए महाराष्ट्र के नागपुर जोन, विदर्भ की 5 सीटों पर कांग्रेस ने बड़ी मेहनत की है। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व महाराष्ट्र कांग्रेस के सह-प्रभारी आशीष दुआ ने कहा कि महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी का चुनाव में बेहतर प्रदर्शन रहेगा।

उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र की 5 सीटों पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, महाराष्ट्र के अध्यक्ष, विधि मंडल, प्रतिपक्ष एवं अन्य नेताओं के साथ उन्होंने व्यापक प्रचार किया है। उनका कहना है कि कांग्रेस पार्टी का महाराष्ट्र में बहुत अच्छा प्रदर्शन होगा और सभी 5 सीटों पर पार्टी के प्रत्याशी जीत हासिल करेंगे।

उनका यह भी कहना है कि कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर महाराष्ट्र के लोग बड़े उत्साहित हैं, जिसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि कांग्रेस द्वारा



महाराष्ट्र कांग्रेस के सह-प्रभारी आशीष दुआ।

आयोजित किए गए कार्यक्रमों व रैलियों में लोगों की जबरदस्त उपस्थिति रही। कांग्रेस की रैलियों को लेकर लोगों में बड़ा उत्साह दिखाई दिया, जबकि विपक्षी दल भाजपा की रैलियां व कार्यक्रम उपस्थिति के हिसाब से कमतर ही रहे। दुआ ने महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी के बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद जताई है। उनका कहना है कि अन्य प्रदेशों में होने वाले चुनाव में कांग्रेस का गठबंधन इंडिया बेहतर प्रदर्शन करेगा।

# सेक्टर-9 कालेज में बौद्धिक सम्पदा के संरक्षण पर हुआ व्याख्यान



राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-9 में बौद्धिक सम्पदा का अधिकार विषय पर व्याख्यान के दौरान मौजूद स्टाफ।

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**राजकीय** महाविद्यालय सेक्टर-9 के प्लेसमेंट प्रकोष्ठ द्वारा बौद्धिक सम्पदा का अधिकार विषय पर विस्तार व्याख्यान एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। एमेटी विश्वविद्यालय के सह प्राध्यापक डॉ. मैकियावेली सिंह ने इस कार्यशाला का संचालन किया। अमेटी विश्वविद्यालय की प्राध्यापिका संमिधा ने कार्यशाला के संचालन में विशेष सहयोग दिया। महाविद्यालय की प्राचार्या मधु अरोड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि आज के दौर में यह जानना अति आवश्यक है कि अपनी बौद्धिक सम्पदा, चाहे वह यू-ट्यूब लैक्चर हो अथवा शोध-पत्र अथवा पाठ्य पुस्तक, का संरक्षण किस प्रकार किया जाए। उन्होंने प्राध्यापकों को अपनी बौद्धिक क्षमता को बढ़ाने एवं अपनी उसे संरक्षित करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. मैकिपावेली सिंह ने आईपीआर एवं उसके विभिन्न भागों का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से कॉपीराइट कानून के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कॉपीराइट उल्लंघन पर मिलने वाले दंड के बारे में भी चर्चा की। इस अवसर पर डॉ. नीलम दहिया, डॉ. मुकेश शर्मा, डॉ. मीनू शर्मा, संजय कात्याल, डॉ. कौशल कुमारी, डॉ. भावना, वंदना, रितु फौगाट, ब्रिजेश, सहित महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

# भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष ने जारी की जिला कार्यकारिणी की सूची

## रोशन लाल अग्रवाल ने जिला अध्यक्ष कमल यादव, प्रदेश संयोजक नवीन गोयल ने चर्चा करने के बाद जारी की यह सूची

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

भारतीय जनता पार्टी के गुरुग्राम जिला अध्यक्ष कमल यादव व व्यापार प्रकोष्ठ हरियाणा के प्रदेश संयोजक नवीन गोयल से विचार-विमर्श करके प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रोशन लाल अग्रवाल (पिंटू चेयरमैन) ने प्रकोष्ठ की जिला कार्यकारिणी की घोषणा की है।

सभी पदाधिकारियों को संगठन के लिए मजबूती से काम करने की प्रेरणा भी दी। सभी पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों को व्यापार प्रकोष्ठ हरियाणा के संयोजक नवीन गोयल ने शुभकामनाएं देते हुए संगठन के लिए मजबूती से कार्य करने को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि लोकसभा के चुनावों का बिगुल बज चुका है। सभी कार्यकर्ता साथी चुनाव में सक्रिय हो जाएं। जिला अध्यक्ष रोशन लाल अग्रवाल की ओर से जारी की गई सूची के अनुसार अरुण अग्रवाल (भारत विकास परिषद), पीसी जैन सेक्टर-10, मनोज गुप्ता को जिला सह-संयोजक नियुक्त किया गया है। जिला कार्यकारिणी में पटौदी से रमेश सेठी, गुरुग्राम से सचिन जैन, बादशाहपुर से मोती लाल वर्मा, गुरुग्राम से अरविन्द सैनी, पटौदी से दिनेश गोयल, बादशाहपुर से राजीव मंगला, अजय अग्रवाल, गुरुग्राम से रामकिशन गुप्ता, अजीत यादव, सुनील गुपता, अंशुल गुप्ता, नरेश बंसल, आशीष वर्मा, हेम प्रकाश बंसल, कमल कांत, राकेश मित्तल, सुधीर बग्गा, दीपक यादव, मनोज बिहयानी, मोहित जैन, पटौदी से अमरनाथ गोयल को शामिल किया गया है।

जिला पदाधिकारियों में गुरुग्राम से अजय भारद्वाज को मीडिया प्रमुख, हिमांशु शर्मा को मीडिया सह-प्रमुख, ईशांत अग्रवाल को मीडिया सह-प्रमुख, विजेता नरवाना को सोशल मीडिया प्रमुख, राजकुमार आहूजा को सोशल मीडिया सह-प्रमुख, एडवोकेट सचिन गुप्ता को आईटी प्रमुख, रोशन लाल गर्ग को आईटी सह-प्रमुख, संदीप भारद्वाज को जिला प्रवक्ता, राजेश दत्ता को जिला सह-प्रवक्ता, यू.सी. गुप्ता को जिला सह-प्रवक्ता बनाया गया है।

जिला मंडल के पदाधिकारियों में नवीन कंसल को भोंडसी मंडल संयोजक, ललित गुप्ता को खेडक़ीदौला मंडल संयोजक, ध्यानचंद जैन को बादशाहपुर मंडल संयोजक, सत्यनारायण कादयान को नवीन मंडल संयोजक, दिनेश अरोड़ा को अर्जुन मंडल संयोजक, योगेश मुंजाल को अर्जुन मंडल सह-संयोजक, गणपत पांचाल को सरस्वती मंडल संयोजक, प्रमोद गुप्ता को सरस्वती मंडल सह-संयोजक, मनीष कौशिक को दयानंद मंडल संयोजक, मनोज गर्ग को शीतला मंडल संयोजक, अभिषेक सैनी को शीतला मंडल सह-संयोजक, सचिन गुप्ता को शीतला मंडल सह-संयोजक, रमेश को पटौदी मंडल संयोजक, जयप्रकाश यादव को मानेसर मंडल संयोजक बनाया गया है।

# पुलिस ने गो तस्करों से 17 गोवंश को कराया मुक्त

**तावडू।** नूंह पुलिस की एक टीम ने तावडू नगर के बाईपास पर घेराबंदी करते हुए गो तस्करों से 17 गोवंश को मुक्त कराया है।जबकि एक आरोपी को भी दबोचा है।शहर थाना पुलिस ने इस संदर्भ में चार के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सूचना मिली कि जावेद,इकराम,अरशद,और जैकम गो तस्करी में संलिप्त है,जो एक वाहन में गोवंश भरकर नगर के बाईपास से होते हुए राजस्थान चुहड़पुर जाएंगे।जिन्हें नाकाबंदी कर काबू किया जा सकता है।

सूचना के मुताबिक पुलिस ने मौके पर नाकेबंदी कर दी।करीब 15 मिनट बाद सोहना की ओर से एक कैंटर गाड़ी आती दिखाई दी। जिसे पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो उसमे सवार सभी ने भागने कोशिश की, लेकिन पुलिस ने चालक खिड़की से कूद कर भागने का प्रयास कर रहे एक व्यक्ति को दबोच लिया।जबकि तीन फरार हो गए। काबू किए गए व्यक्ति ने अपनी पहचान जावेद निवासी नई बस्ती इस्लामाबाद सहारनपुर थाना कुतुब शहर जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश बताई।

# ओला ने भारत को ईवी-रेडी बनाया एस 1 एक्स रेंज के इलेक्ट्रिक स्कूटर्स के साथ मास-मार्केट सेगमेंट में प्रवेश किया

**पायनियर समाचार सेवा। बैंगलुरू**

**आज** ओला इलेक्ट्रिक ने अपने एस1एक्स पोर्टफोलियो के लिए नई कीमतों की घोषणा करके इलेक्ट्रिक स्कूटरों की डिलीवरी के बारे में भी जानकारी दी। एस1एक्स तीन बैटरी कॉन्फिगुरेशंस-2 किलोवॉट घंटा, 3 किलोवॉट घंटा और 4 किलोवॉट घंटा में उपलब्ध होगा, जिनका मूल्य क्रमशः 69,999 रुपये (इंट्रोडक्टरी मूल्य), 84,999 रुपये, और 99,999 रुपये होगा। एस1एक्स की डिलीवरी अगले सप्ताह से शुरू होगी। कंपनी ने एस1 प्रो, एस1 एयर, और एस1 एक्स+ की नई कीमतों के बारे में भी बताया, जो अब क्रमशः 1,29,999 रुपये, 1,04,999 रुपये और 84,999 रुपये में मिलेंगे। साथ ही सभी एस1 स्कूटरों पर 8 साल/80,000 किलोमीटर की कॉम्प्लिमेंट्री बैटरी वॉरंटी बिना किसी अतिरिक्त लागत के दी जा रही है। एस1एक्स रेंज के साथ कंपनी ने मास मार्केट सेगमेंट में प्रवेश किया है। एस1एक्स पोर्टफोलियो के लिए स्वामित्व की लागत कम है, और इस पर 8 साल/80,000 किलोमीटर की कॉम्प्लिमेंट्री बैटरी वॉरंटी मिल रही है, जिसके कारण यह बाजार में बहुत ही आकर्षक मूल्य प्रस्ताव पेश कर रहा है। ओला के प्रवक्ता ने बताया, "हमारा मानना है, कि भारत





में ईवी का बाजार अपने चरम बिंदु तक पहुँच चुका है, और पिछले माह टू-व्हीलर सेगमेंट में ईवी का पेनेट्रेशन अब तक के सबसे ऊँचे स्तर पर था। हमारा एस1एक्स पोर्टफोलियो ईवी की ऊँची अपफ्रंट लागत का हल लेकर आया है, जो ईवी को अपनाने में आने वाली सबसे बड़ी अड़चनों में से एक है।

ओला की मजबूत लागत संरचना और वर्टिकली इंटीग्रेटेड इन-हाउस टेक्नोलॉजी एवं मैनुफैक्चरिंग क्षमताओं के कारण हम अपने इलेक्ट्रिक स्कूटर बहुत ही प्रतिस्पर्धी मूल्य में पेश कर पाए। एस1एक्स के नए मूल्यों और लोकप्रिय मूल्यों में विस्तृत उत्पाद पोर्टफोलियो के साथ हमें विश्वास है, कि हम देश में ईवी का पेनेट्रेशन बढ़ाने में मदद करेंगे।"

# भारतमाला परियोजना के तहत पनियाला-बरोडामियो एक्सप्रेसवे परियोजना की प्रगति के संबंध में कई अपडेट और चिंताएं हैं, मुख्य बिंदुओं का दिया गया विवरण

**पायनियर समाचार सेवा। अलवर**

**ज्वाइंट** स्टॉक कंपनी इंडस्ट्रियल एसोसिएशन वोज्रोज्डेनी एक्सप्रेसवे के पैकेज 1 (पनियाला से मटोर) और पैकेज 2 (मटोर से बड़ौदामेओ) दोनों खंडों के निर्माण अनुबंधों के लिए सबसे कम बोली लगाने वाले के रूप में उभरा। ये ठेके उनकी वित्तीय बोलियों के एनएचएआई के अनुमान से काफी कम होने के आधार पर दिए गए।

**इंतजार करना पड़ सकता है :** अनुबंध जीतने के बावजूद, विजेता कंपनी द्वारा निर्माण कार्य शुरू करने में देरी हुई है और ठेका दिए हुए लगभग 1.5 साल बीत चुके हैं। यह देरी परियोजना के पूरा होने की समयसीमा को लेकर चिंता पैदा करती है। ठेका देने के बाद 24 माह में इसे पूरा करना था, लेकिन अब तक काम शुरू नहीं हो सका है।

**ट्रैफिक डायवर्जन :** एनएचएआई का उद्देश्य अंबाला-कोटपुतली नेशनल कॉरिडोर और दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के बीच कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से अधिक ट्रैफिक को प्रस्तावित पनियाला-बरोडामियो एक्सप्रेसवे पर डायवर्ट करना है।

**NHAI अनुमानों के बारे में चिंताएँ :** विजेता कंपनी द्वारा प्रस्तुत की गई काफी कम बोलियाँ परियोजना के लिए NHAI के लागत अनुमानों की सटीकता पर सवाल उठाती हैं। यह अनुमानित परियोजना लागत और निर्माण की वास्तविक लागत के बीच संभावित विसंगति का सुझाव देता है।

**परियोजना का महत्व :** पनियाला-बरोडामियो एक्सप्रेसवे भारतमाला परियोजना का एक महत्वपूर्ण घटक है, जिसका लक्ष्य आर्थिक गलियारों, अंतर-गलियारों और फीडर मार्गों को विकसित करके भारत में माल ढुलाई दक्षता में सुधार करना है।

परियोजना के शिलान्यास के लिए करना पड़ेगा इंतजार और लागत अनुमानों की सटीकता के संबंध में उठाई गई चिंताओं को देखते हुए, समय पर पूरा होने और लागत-प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए एनएचएआई के लिए परियोजना की समय-सीमा और बजट का पुनर्मूल्यांकन करना आवश्यक हो सकता है। इसके अतिरिक्त, देरी का कारण बनने वाले किसी भी मुद्दे को संबोधित करना और सुचारू परियोजना कार्यान्वयन को सुविधाजनक बनाना इसमें शामिल सभी हितधारकों के लिए प्राथमिकता होनी चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### मानेसर पॉलिटेक्निक में नशे के विरुद्ध छात्रों को दिलाई शपथ



**गुरुग्राम।** राजकीय बहुतकनीकी संस्थान मानेसर में हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के जागरुकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को नशे के विरुद्ध जागरुक किया। प्राचार्य राजेश जिंदल और धर्मपाल की उपस्थिति में 750 विद्यार्थी मौजूद रहे। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह साहब के आदेशानुसार नशे के विरुद्ध जागरुकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं। ब्यूरो की पुलिस अधीक्षक पंखुड़ी कुमार के मार्गदर्शन में नशा मुक्त हरियाणा अभियान चलाए गए हैं। ब्यूरो के जागरुकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने प्रतिबंधित नशे की रोकथाम बारे विस्तारपूर्वक कहा कि स्वापक औषधी एवं मन प्रभावी पदार्थ अधिनियम 1985 के अंतर्गत नशीले पदार्थों का सेवन क्रय विक्रय तस्करी उत्पादन परिवहन आदि पूर्ण रूप से निषेध है। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से परिचित कराते हुए कहा कि यदि ये मनुष्य के उपभोग के लिए अच्छे होते तो सरकार इन्हें बिक्री के लिए खुला छोड़ देती। नशा मुक्त हो भारत मेरा ऐसी सोच बनानी है, नशे में ग्रस्त हो चुकी युवा पीढ़ी मिलकर सबको बचानी है। है सच्चाई नशा बुराई यह बात जन-जन तक पहुंचानी है। कविता के माध्यम से नशा मुक्त अभियान का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने बड़ी रूचि के साथ इस कार्यक्रम में सहभागिता की। विद्यार्थियों ने कहा कि वे इस अभियान में सहयोग करेंगे। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कोंगट्रोल ब्यूरो की यह पहल है, जिसमे सीधे विद्यार्थियों और नागरिकों को नशे के विरुद्ध कार्यक्रमों में जोडक़र नशा मुक्त हरियाणा अभियान को सार्थक किया जा रहा है। ब्यूरो के जागरूकता प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि कोई भी व्यक्ति इस प्रयास से जुड़ सकता है। अंत में शपथ ग्रहण करवाई गई।

### ओयो और होटल में बिजली शॉर्ट सर्किट से लगी आग






**सोहना।** शहर के अंबेडकर बाईपास के निकट बना ओयो समेत होटल में गुरुवार की देर रात आग लगी। जिसमें 50 फीसदी सामान जलकर राख हो गया। मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग की गाड़ी से आग को 30 से 40 मिनट में काबू कर लिया। गुरुवार की देर रात समय करीब दो बजे स्थानीय अंबेडकर बाईपास के निकट बना ओयो और होटल में आग लग गई। आग की शुरुआत होटल की पहली मंजिल से हुई। उस समय होटल में काम करने वाल कर्मचारी बाहर खुले में शोए हुए थे। होट में लग रही की सूचना राहगिरों ने अपने वाहन को रोक कर दी। उसके बाद होटल कर्मचारियों ने उसके मालिक से लेकर पुलिस और अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई। घटना स्थल से मात्र 400 मीटर दूरी पर अग्निशमन विभाग के खंड कार्यालय से मात्र 5 मिनट में दो गाड़ियों मौके पर पहुंच गई। 5 से 6 कर्मचारियों ने ओयो और होटल में लगी को काबू करने में जुट गए। दमकल कर्मियों को आग काबू करने में 30 से 40 मिनट का समय लगा। अग्निशमन विभाग के खंड सहायक अधिकारी जयवीर सिंह भड़ाना ने बताया कि आग लगने का कारण बिजली से शॉर्ट सर्किट होना है। इस आग को जब तक काबू करते। तब तक 50 फीसदी सामान जलकर राख हो गया था।

### मंगलनगर के बरसाती नाले की सफाई शुरु



**सोहना।** जलभराव की समस्या से सबसे अधिक प्रभावित शहर की मंगलनगर कॉलोनी में नाले की सफाई शुरु। कार्यकारी अधिकारी ने गुरुवार को ही नाले का औचक निरीक्षण के बाद सफाई कराने के आदेश जारी किए थे। बरसात के मौसम में शहर में होने वाली जलभराव की सबसे बड़ी समस्या वार्ड-19 की मंगलनगर कॉलोनी में होती है। एक भारी बरसात होने पर कॉलोनीवासियों के घरों से लेकर आम रास्ते और खेतखलियां जलभराव की चपेट में आ जाते है। जिससे कॉलोनी के किसानों की सब्जी बिजाई वाली फसलें खराब हो जाती है। जिससे एक-एक किसानों को लाखों रुपये का नुकसान होता है। कॉलोनीवासी हर बरसात के मौसम में नगर परिषद अधिकारियों से लेकर एसडीएम को अपनी समस्या का समाधान करने के लिए कहते है। लेकिन कॉलोनी के निवासियों को मात्र आश्वासन के कुछ नहीं मिलता और पूरे बरसात के मौसम में यहा के निवासी जलभराव की समस्या से झूंझते रह जाते है। नाले की सफाई शुरु गुरुवार को परिषद कार्यकारी अधिकारी के आदेश को 24 घंटा भी नही हुए थे। इससे पहले नाले की सफाई शुक्रवार की सुबह शुरु कर दी गईं। जिससे कॉलोनीवासी कुछ राहत की सास ले रहे है। यह तो आने वाला बरसात का मौसम ही बताएंगा। नाले की सफाई कॉलोनी के लोगों को कितना राहत देने वाली है। बीमारी का प्रकोप कॉलोनी में जलभराव की समस्या के दौरान यहा के लोगों में जान लेवा बीमारी फैलने का प्रकोप बढ़ जाता है। मक्खी व मच्छरों का आतंक इतना बढ़ जाता है कि कॉलोनी के लोग पूरी-पूरी रात बैठकर व्यतीत करते है। इसके अलावा मलेरियां, हैजा, उल्टी व दस्त जैसी बीमारियों की चपेट में यहा के लोग हर साल आ जाते है। नप कार्यकारी अधिकारी सुमन लता ने बताया कि इस बार शहर में जलभराव की समस्या को ध्यान में रखते हुए नालों की सफाई अभियान जल्द ही शुरु किया जाएगा। ताकि लोगों को जलभराव की समस्या से परेशानी उठानी नही पड़ें।

### गर्मियां में दाना-पानी व घोंसले वितरण को तैयार नवकल्प फाउंडेशन



**गुरुग्राम।** हर साल की तरह इस बार भी गर्मी के मौसम में पंछियों को गर्मी, धूप, भूख, प्यास से बचाने के लिए नवकल्प फाउंडेशन ने दाना-पानी व घोंसले वितरण की तैयारी कर ली है। जल्द ही जगह-जगह पर ये घोंसले लगे नजर आएंगे। नवकल्प फाउंडेशन के महासचिव डा. सुनील आर्य (आयुर्वेदाचार्य मेदांता मेडिसिटी) ने कहा कि पर्यावरण में पंछियों की भूमिका काफी अहम है। हम सबको इनके संरक्षण पर विशेष ध्यान देना चाहिए। गर्मियां आ गई हैं। आने वाले दिनों में तापमान की उग्रता से बढने् के साथ ही तेज धूप में निरीह पंछियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करना भी हम सब का दायित्व है, ताकि पंछी भूख-प्यास से अकाल मृत्यु को प्राप्त न हों। टीम नवकल्प ने इसी दायित्व बोध के तहत 2020 से दाना-पानी बॉक्स वितरण का अभियान शुरू किया था। गत चार सालों में विशेष रूप से बनवाए गए 2500 से अधिक बॉक्स गुरुग्राम, फरीदाबाद, मेवात, अलवर आदि जिलों में विभिन्न आरडब्ल्यूए, सामाजिक संस्थाओं व प्रकृति प्रेमी मित्रों के माध्यम से बांटे गए थे। यह अभियान इस साल भी 21 अप्रैल से शुरू कर रहे हैं। एनवायरमेंट फ्रेंडली दाना-पानी नेस्ट बनवा रहे हैं। इनमें पंछियों के लिए दाना-पानी के साथ घोंसले की व्यवस्था भी है। उन्होंने आमजन से अनुरोध किया है कि आप सब भी इस अभियान का हिस्सा बनें। अपने घरों की छतों पर या आसपास जहां सम्भव हो दाना-पानी जरूर रखें। ये बॉक्स या मिट्टी के पात्रों में या फिर जैसी उपलब्धता आपके पास हो, पंछियों के लिए यह व्यवस्था अवश्य करें। इस अभियान की अधिक जानकारी के लिए 9811190357 या 7982855055 पर व्हाट्सएप के माध्यम से सम्पर्क कर सकते हैं।

# दलाल ने सुहागन की बना दी विधवा पेंशन

## डेढ़ साल तक महिला का शारीरिक शोषण करता रहा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**अधिकारियों** और दलालों की मिलीभगत का एक हैरतअंगेज मामला सामने आया है। एक महिला के पति के जिंदा रहते हुए दलाल ने महिला की विधवा पेंशन बनवा दी। इसके बाद लगभग डेढ़ साल तक महिला का शारीरिक शोषण करता रहा। बाद में दलाल की नजर महिला की बेटी पर गई, तो उनमें अनबन हो गई।

आरोप है कि इसके बाद आरोपी ने महिला को फर्जी कागजातों से विधवा पेंशन लेने का डर दिखाकर उसे ब्लैकमेल किया। उससे पेंशन कटवाने के नाम पर लाखों रुपये की डिमांड कर दी। महिला ने इसकी शिकायत महिला आयोग से की। शुक्रवार को आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने इस



मामले का खुलासा किया है। रेनू भाटिया ने बताया कि वह फरीदाबाद में छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, पति-पत्नी के बीच वाद-विवाद के मामलों को सुनवाई कर रही थीं। इसी दौरान महिला के साथ विधवा पेंशन के नाम पर धोखा करने का मामला आया। केस को समझा गया तो मालूम हुआ कि पीड़ित महिला को लाड़ली योजना के तहत अपनी बेटी की पेंशन बनवानी थी, लेकिन महिला की विधवा पेंशन बना दी गई। आयोग की चेयरपर्सन ने कहा कि हैरानी की बात है कि महिला को करीब डेढ़ साल तक यह नहीं मालूम था कि उसकी विधवा पेंशन बनी हुई है। विधवा पेंशन बनवाने के लिए पति का डेथ सर्टिफिकेट और श्मशान घाट की पर्ची भी जरूरी होती है। अब सवाल उठता है कि उन्होंने पति के जिंदा रहते हुए कैसे एक महिला की विधवा पेंशन बनवा दी। ऐसे में साफ होता है कि नगर निगम के पेंशन विभाग में काम करने वाले अधिकारियों द्वारा दलाल के साथ मिलकर बड़ा घोटाला किया जा रहा है। रेनू भाटिया ने आगे बताया कि जिस दलाल के जरिए महिला ने पेंशन बनवाई थी, उसने महिला को ब्लैकमेल करते हुए करीब डेढ़ साल तक उससे शारीरिक संबंध बनाए। दलाल की नजर अब महिला की बेटी पर थी। इसका विरोध महिला ने किया तो बात बिगड़ गई, और दलाल ने महिला के खिलाफ शिकायत दर्ज करवा दी।

# अभिभावक नहीं निभा रहे जिम्मेदारी, न ही विभाग ध्यान दे रहा

## कहीं अभिभावक चल रहे बिना हैलमेट तो कहीं नाबालिग को दे रहे स्कूटर की चाबी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**कनीना** हादसे के बावजूद न तो स्कूल प्रशासन अपनी जिम्मेदारी समझने को तैयार हैं, और न ही अभिभावक। वहीं विभाग की ओर ध्यान नहीं दे रहा है। स्कूलों की छुट्टी होने पर बच्चों व अभिभावकों को घर जाने की जल्दी होती है। ऐसे में जाम तो लगता ही है, नियमों की अनदेखी से हादसे का भी डर रहता है। इसका सबसे बड़ा कारण है अभिभावकों और ट्रैफिक विभाग की लापरवाही। अभिभावक स्कूल जाने के लिए अपने बच्चों के हाथों में बाइक की चाबी दे देते हैं और ये नाबालिग बच्चे सड़कों पर फर्राटेदार बाइक भगाते हैं। दूसरी ओर ट्रैफिक विभाग के आला अफसर भी यदा कदा अभियान चलाकर अपने कर्तव्य की इति श्री कर लेते हैं। यदि वे कड़ाई से जांच करें और नाबालिग बाइक चालकों पर कार्रवाई करें तो सड़क हादसों में कमी आ सकती है। शहर के मुख्य मार्ग और भीड़ वाले सड़कों पर वाहनों की स्पीड निर्धारित की जाती है। पर स्कूल के आसपास व गलियों में 70 से 80 की स्पीड में भी बाइक सवार फर्राटे से चलाते हुए निकलते हैं, पर कार्रवाई नहीं होती। इसके कारण कई बार बड़ी दुर्घटना भी हो चुकी हैं। हाई स्पीड पर वाहन चलाने वाले दो पहिया वाहन चालकों पर लगाम कसने के प्रति परिवहन और यातायात विभाग गंभीर नहीं है।

दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए जरूरी है कि शहर की सड़कों व सार्वजनिक स्थानों पर धीमी गति से वाहन चलाएं। कम उम्र के बच्चों को वाहन चलाने से रोकें, ट्रैफिक निमय का पालन हर हाल में कराएं। गौरतलब है कि कई यूथ कान में माइक्रोफोन लगा म्यूजिक सुनते हुए बाइक चलाते हैं। इससे भी दुर्घटना होती है। मोटर यान अधिनियम के तहत 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को वाहन चलाना गैरकानूनी है। वहीं 16




से 18 वर्ष के बच्चों के बच्चे बिना गियर के दो पहिया वाहन चलाने का लायसेंस दिया जाता है। नियम का पालन नहीं करने पर केंद्रीय मोटर यान नियम 1933 की धारा 19 व केंद्रीय मोटर यान नियम 21 के तहत ड्रायविंग लायसेंस निरस्त करने का प्रावधान है। स्थानीय नागरिक भी इस बात को मानते हैं कि बड़ी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए नाबालिगों के हाथ में दो पहिया वाहन देना उचित नहीं है। सड़क पर होने वाली दुर्घटना के लिए बच्चों से ज्यादा उनके अभिभावक दोषी हैं। जो उन्हें नियम तोड़ने के लिए उकसाते हैं और गाड़ी की चाबी दे देते हैं। बच्चे आगे निकलने की प्रतिस्पर्धा में स्पीड से गाड़ी चलाते हैं। वहीं वाहनों की कम से कम स्पीड निर्धारित कर उसका कड़ाई से पालन कराने पर ही दुर्घटना में लाई जा सकती है।

# पलवल में आग से झुलसे तीन बच्चों की मौत

## दुकान में छोड़ नमाज पढ़ने गया था पिता, बिजली जाने पर जलाई थी मोमबत्ती

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**दो** दिन पहले परचून की दुकान में आग लगने से झुलसे तीनों बच्चों की मौत हो गई है। मृतकों में दो सगे भाई बहन हैं, जबकि तीसरा बच्चा पड़ोस का रहने वाला है। तीनों को पहले नल्हड़ मेडिकल कॉलेज और इसके बाद दिल्ली के ट्रामा सेंटर में रेफर किया गया था। चंद मिनटों में ही परिवार उजड़ जाने से पूरे गांव में मातम का माहौल है। पुलिस मामला दर्ज कर छानबीन में लगी है।

जानकारी के अनुसार, पलवल के लखनका गांव निवासी खलील अहमद ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उसने गांव में परचून की दुकान खोली हुई है। बुधवार देर शाम वह नमाज पढ़ने के लिए दुकान से मस्जिद में चला गया। उसी वक्त दुकान पर उसका बेटा हुजेफा (15) व बेटी सारमीन (13) व पड़ोस के रहने वाले याकूब का बेटा मोहम्मद खान (12) मौजूद थे।

बिजली चली गई तो उसके बेटे ने रोशनी के लिए मोमबत्ती जला दी। इसी बीच जलाई गई मोमबत्ती से दुकान में आग लग गई। आग लगने पर तीनों बच्चे घबरा गए और दुकान



से बाहर नहीं निकल सके। आग की चपेट में आने के कारण वे बुरी तरह झुलस गए।

दुकान में आग लगी देख कर आसपास के लोगों ने बड़ी मुश्किल से तीनों बच्चों को दुकान से निकला। वे बुरी तरह से जले हुए थे। बच्चों को नल्हड़ स्थिति मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। वहां से डॉक्टरों में बच्चों की हालत गंभीर देखते हुए दिल्ली के ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया।

दिल्ली में इलाज के दौरान हुजेफा व सारमीन ने दम तोड़ दिया। कुछ देर बाद ही तीसरे बच्चे मोहम्मद खान की भी मौत हो गई। एक साथ तीन बच्चों की मौत से लखनका गांव में शोक का माहौल है। मृतक बच्चों के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। हादसे के बाद बच्चों के परिवार को सांत्वना देने के लिए गांव के लोग लोगों का आना-जाना लगा हुआ है। मामले की सूचना पुलिस को दी गई, पुलिस ने शिकायत के आधार पर अपनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## बिजली विभाग का एएलएम 5000 की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा



**फरीदाबाद।** बिजली विभाग के कर्मचारी को 5000 रूपये की रिश्वत लेते हुए पुलिस ने रंगे हाथ पकड़ा है। आरोपी कर्मचारी बिजली चोरी के केस में लगाए जुर्माने को कम करने के लिए पैसे की मांग कर रहा था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भगतसिंह कॉलोनी बल्लभगढ़ के सतवेंद्र सिंह पुत्र कुलदीप सिंहने एंटी करप्शन ब्यूरो फरीदाबाद को दी अपनी शिकायत में कहा था आरोपी राकेश तेवतिया एएलएम जोकि बदरौला डीएचवीपीएन सब डिवीजन फरीदाबाद में कार्यरत है।

वह उससे बिजली जुर्माने की राशि कम करने के बदले मे 5000 रुपये की मांग कर रहा है। एंटी करप्शन ब्यूरो फरीदाबाद के इंस्पेकटर भगवान ने आरोपी को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। इसके लिए एजीएम एचएसआईडीसी फरीदाबाद की देखरेख में आरोपी राकेश तेवतिया को 5000 रुपये रिश्वत की राशि लेते हुए मौके से ही गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तरी शुक्रवार की सुबह हुई। आरोपी को गिरफ्तार करके पुलिस ने कोर्ट में पेश किया है।

# लोकसभा आम चुनाव के लिए पोलिंग पार्टियों की हुई प्रथम रेंडमाइजेशन




## जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त नेहा सिंह ने की अध्यक्षता

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**लोकसभा** आम चुनाव-2024 के सफल आयोजन के लिए शुक्रवार को जिला सचिवालय के द्वितीय तल पर स्थित सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त नेहा सिंह की अध्यक्षता में लोकसभा आम चुनाव के लिए पोलिंग पार्टियों की ड्यूटी लगाने के लिए प्रथम रेंडमाइजेशन प्रक्रिया की गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा सिंह ने बताया कि प्रथम रेंडमाइजेशन प्रक्रिया में पीठासीन और सहायक पीठासीन अधिकारियों की ड्यूटी तय की गई है। अब इन अधिकारियों की जिला प्रशासन द्वारा ट्रेनिंग करवाई जाएगी। देशभर में लोकसभा चुनाव-2024 सात चरणों में करवाएं जाएंगे। हरियाणा प्रदेश की सभी दस लोकसभा सीटों के लिए छठे चरण में आगामी 25 मई को लोकसभा आम चुनाव करवाएं जाएंगे। उन्होंने बताया कि पलवल जिला फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है। आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए जिला में बनाए गए पोलिंग स्टेशनों के लिए पीठासीन अधिकारी तथा सहायक पीठासीन अधिकारियों की ड्यूटी तय की गई है। इसके अलावा जिला में रिजर्व स्टॉफ भी रखा गया है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि चुनावी ड्यूटी का कार्य बहुत जिम्मेदारी वाला होता है, इसलिए जिन अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी चुनाव को लेकर लगाई गई हैं वें पूरी जिम्मेदारी और कर्त्तव्यनिष्ठा के साथ अपना दायित्व निभाएं। इस मौके पर पलवल के एसडीएम नरेंद्र कुमार, होडल के एसडीएम रणवीर सिंह मौजूद थे।

## वीडियो लाइक करने के नाम पर 2.92 लाख रुपये ठगे

**फरीदाबाद।** साइबर ठगों ने यूट्यूब पर वीडियो लाइक कर पैसे कमाने का झांसा देकर ग्रीन फील्ड कॉलोनी निवासी एक युवती से 2.92 लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

दिव्या ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कुछ माह पहले उनके पास एक अंजान नंबर से कॉल आई। फोन करने वाली महिला ने कहा कि यूट्यूब पर वीडियो लाइक और शेयर कर घर बैठे पैसा कमाया जा सकता है। दिव्या ने इसके लिए मना कर दिया। इसके बाद भी आरोपी महिला ने फोन करना बंद नहीं किया। बार-बार फोन करने पर दिव्या उसकी बातों में आ गई और काम करने के लिए सहमति दे दी। महिला ने दिव्या को एक टेलीग्राम ग्रुप से जोड़ दिया। इसके बाद दिव्या को वीडियो लाइक करने का टास्क दिया गया। आरोपियों ने उसके अकाउंट में कुछ पैसे भेजे।

# नगराधीश ने राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की बैठक कर दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**नगराधीश** अंकित कुमार ने शुक्रवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में जिला फरीदाबाद की विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ फ्री एंड फेयर चुनाव संपन्न करवाने हेतु समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों का जिला प्रशासन संपूर्ण समर्थन करते है और आयोग के अनुसार जिला फरीदाबाद में सभी राजनीतिक पार्टियों और चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार को भी अपने आप को आयोग के हिदायतों के अनुसार ढाल लेना चाहिए जिससे जिला में चुनावों का निष्पक्ष चुनाव और साफ सुथरा माहौल बना रहे और आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करें। ऐसा न करने पर उनके विरुद्ध प्रशासनिक कार्यवाही एवं एफआईआर भी दर्ज हो सकती है। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 के उम्मीदवारों को चुनाव आयोग ने साफ किया है कि अपने नामांकन पत्र को भरते समय उम्मीदवार पूरी सावधानी बरतें और नामांकन पत्र का कोई भी कॉलम खाली न छोड़ें। ऐसा करने वालों पर नामांकन पत्र अवैध माना जाएगा। ऐसे नामांकन फॉर्म खारिज कर दिए जाएंगे।

प्रत्याशियों की ओर से दाखिल किए जाने वाले नामांकन पत्र और उसके साथ संलग्न किए जाने वाले शपथ पत्र की बारीकी से जांच की जाएगी। सूचना के अधिकार कानून के अनुच्छेद- 33ए का जिक्र करते हुए कहा गया है कि उम्मीदवार को नामांकन पत्र में केस के संबंध में स्पष्ट उल्लेख करना होगा। बताना होगा कि वह किसी आपराधिक मामले में दो साल या इससे अधिक की सजा पा चुका है या फिर उसे



किसी मामले में एक साल या इससे अधिक की सजा मिल चुकी है।

**नामांकन करने वाले उम्मीदवार की योग्यता**

भारतीय कानून के तहत नामांकन करने वाला उम्मीदवार भारत का नागरिक होना चाहिए, आयु कम से कम 25 वर्ष होनी चाहिए, चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित नहीं होना चाहिए। लोकसभा की स्थिति में उसका नाम भारत के किसी भी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में दर्ज होना चाहिए, दिवालिया या पागल घोषित नहीं होना चाहिए, तथा सरकारी लाभ के पद पर नहीं होना चाहिए।

लोकसभा के चुनाव में जनरल उम्मीदवार द्वारा राशि 25,000/- की राशि और सामान्य जाति के उम्मीदवार के रूप में राशि 12,500/- जमा करवानी होगी। प्रत्येक उम्मीदवार को अपने नामांकन पत्र (5) के साथ अपनी तस्वीर जमा करनी होती है। फोटो अधिसूचना की तारीख से 3 महीने पहले की अवधि के दौरान ली गई होनी चाहिए।

फोटोग्राफ के पीछे उम्मीदवार / चुनाव एजेंट के हस्ताक्षर होने चाहिए। फोटोग्राफ स्टांप आकार 2 सेमी ङ्ग 2.5 सेमी (2 सेमी चौड़ाई और 2.5 सेमी ऊंचाई) सफेद/कम सफेद पृष्ठभूमि में होना चाहिए, जिसमें पूरा चेहरा सीधे कैमरे के सामने हो, खुली आंखों के साथ तटस्थ चेहरे की अभिव्यक्ति हो। फोटो सामान्य कपड़ों में होना चाहिए। वर्दी में फोटो नहीं होना चाहिए और काले चश्मे से भी बचना चाहिए। नगराधीश अंकित कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार उम्मीदवार चुनाव के समय 95,00,000/- अपने चुनाव आदि पर खर्च कर सकते हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## कर्मवीर गार्डन में शादी समारोह में लगी आग



**फरीदाबाद।** सेक्टर-11 स्थित कर्मवीर गार्डन में बने मैरिज हॉल में आग लग गई। आपको बता दें घटना देर रात की है। जब मैरिज हॉल में शादी समारोह चल रहा था हालांकि आग लगते ही हॉल में भगदड़ मच गई। तो सभी लोग बाहर निकल गए और जान की हानि नहीं हुई लेकिन मैरिज हॉल जलकर राख हो गया। मौके पर पुलिस और दमकल विभाग की टीम पहुंची। लोगों का कहना है कि मैरिज हॉल के अंदर लड़की की शादी समारोह चल रहा था। तभी शॉर्ट सर्किट हो गया और अचानक आग लग गई, और धीरे- धीरे स्थिति काबू से बाहर चला गया। हालांकि आग पर काबू पाने की कोशिश की गई लेकिन सफलता नहीं मिली। जिसके बाद मौके पर पुलिस टीम समेत फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंची और पहुंचकर आग पर काबू पाया गया। लोगों यह भी कहना है कि जैसे ही वहां पर मौजूद सिक्योरिटी गार्ड और कर्मचारियों को आग के बारे में पता चला तो तुरंत प्रभाव से लाइट काट दी गई, ताकि यह आग और ना फैले। उनका कहना है कि हॉल के अंदर लगभग 100 लोग मौजूद थे। जब आग हल्की थी तो बुझाने की कोशिश की गई। सिलेंडर बाहर फेंगा गया, लेकिन जब आग बेकाबू हो गई तो पुलिस प्रशासन और फायर ब्रिगेड की गाड़ी को फोन किया गया। जिसके बाद वे लोग यहां पर पहुंचे। सेक्टर 11 चौकी इंचार्ज मोहित का कहना है कि उन्हें डायल 112 के माध्यम से सूचना मिली। जिसके तुरंत बाद वे मौके पहुंचे और जांच की। उन्होंने बताया कि आग शोर्ट सर्किट के कारण लगी है।

## संस्था ने प्रकृति संरक्षण का दिया संदेश



**फरीदाबाद।** मिशन प्रकृति बचाओ पर्यावरण सचेतक समिति द्वारा नव निर्माणाधीन श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, लक्ष्मी नगर पलवल में संस्कृति संग प्रकृति संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। ग्रीन एंबेसडर डॉ. आचार्य राम कुमार बघेल ने बताया कि हमें हमेशा मातृशक्ति का सम्मान करना चाहिए। नवरात्रों में कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन कराते समय अपने जीवन में बेटियों की रक्षा का संकल्प लेना सच्ची देवी भक्ति है। श्री दुर्गा नवमी तथा श्रीराम जन्मोत्सव पर्व पर कन्या के हाथ से पीपल देव स्थापना करा नारी शक्ति वंदन संग प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया गया। बेटियों को बेटों के समान अवसर प्रदान किए जाने से वह माता- पिता व समाज ओर देश का नाम रोशन करती हैं। धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रमों में बच्चों को पौधारोपण, जल बचाने, जीव-जंतुओं तथा पर्यावरण संरक्षण के साथ अच्छे संस्कार अपनी संस्कृति संग प्रकृति से स्नेह तथा सेवा के प्रति जागरूक किया जाना आवश्यक है। पौधारोपण तथा इनका संरक्षण परोपकार के कार्य हैं। इस अवसर पर मास्टर थानसिंह, मास्टर मानिकचंद, देव, ईश्वरराज, कौशल, मिलन, धर्मेंद्र माहौर, भूपसिंह, अर्जुन सैनी, भूपेंद्र, पिंकी, सोनल, दक्ष, संध्या आदि सहित नन्हे बच्चे तथा युवा उपस्थित रहे।

## रैली में जनकल्याण युवा टीम का हुआ स्वागत




**पलवल।** विधायक दीपक मंगला की रैली में जन कल्याण युवा टीम अलावलपुर पहुंची। जहां पर टीम का जोरदार स्वागत किया गया। युवा समाजसेवी अमित शर्मा ने विधायक दीपक मंगला, सांसद कृष्णपाल गुर्जर, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल, आशा भारद्वाज, गौरव गौतम, नेपाल रावत, तुषार मंगला के साथ राजेंद्र मुकेश ठेकेदार व गांव की सरदारी का धन्यवाद किया।

## बीके अस्पताल में हीमोफीलिया जागरूकता दिवस मनाया




**फरीदाबाद।** शुक्रवार को सुबह 11 बजे हीमोफीलिया जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत सिविल अस्पताल फरीदाबाद में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। सिविल सर्जन डॉ. विनय गुप्ता और प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ. सविता यादव के कुशल मार्गदर्शन और समर्थन में, जिले के कई हीमोफिलिया रोगी, स्टाफ नर्स, प्रयोगशाला तकनीशियन और सामान्य रोगी बैठक में शामिल हुए। हीमोग्लोबिनोपैथी के जिला नोडल अधिकारी डॉ. एसएस दहिया, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. संध्या पपनेजा, डॉ. अवधेश माइक्रो बायोलॉजिस्ट मुख्य वक्ताओं में शामिल थे। डॉ. एसएस दहिया ने बताया कि हीमोफीलिया आनुवंशिक रूप से फैलने वाली बीमारी है, जिसमें रक्तस्राव नहीं रुकता है। हीमोफीलिया पर ऐसे जागरूकता कार्यक्रम पिछले तीन दिनों के दौरान सीएचसी खेड़ीकलां, सीएचसी पाली, सीएचसी तिगांव, पीएचसी फतेहपुर बिल्लोच, यूएचसी मेवला महाराजपुर, यूएचसी सेहतपुर, यूपीएचसी भीम बस्ती, यूपीएचसी शिव दुर्गा विहार और यूपीएचसी सुभाष कॉलोनी में भी बड़े उत्साह के साथ आयोजित किए गए। राजकीय महाविद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। ट्रेनिंग स्कूल फरीदाबाद जिसमें 19-4-24 को 15 प्रतियोगियों ने भाग लिया। प्राचार्या बृज बाला, डॉ. काउंसलर प्रीति व अन्य मौजूद रहे। पुरस्कार विजेताओं में प्रथम रोशनी पुत्री रामाशीष, द्वितीय पूजा पुत्री सतीश और तृतीय पुरस्कार तम्मना और वर्षा को संयुक्त रूप से मिला।

## वायरल हेपेटाइटिस भारत में एक सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या



**फरीदाबाद।** वायरल हेपेटाइटिस के मामलों में भारत दुनिया में दूसरे स्थान पर है। हेपेटाइटिस ए और ई बीमारी के एक्यूट रूप का कारण बनते हैं, जबकि हेपेटाइटिस बी और सी सिरोसिस और यहां तक कि लिवर कैंसर सहित लंबे समय में लिवर रोग का कारण बनते हैं। विश्व लिवर दिवस पर अमृता अस्पताल फरीदाबाद के गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट ने कहा, हेपेटाइटिस बी संक्रमण अकेले भारत में सभी पुरानी लिवर बीमारियों में से एक तिहाई और 50 प्रतिशत से अधिक सभी लिवर कैंसर रोगियों के लिए जिम्मेदार है। भारत में अधिकांश एक्यूट लिवर फेलियर का कारण हेपेटाइटिस ए है। हेपेटाइटिस ए, बी और ई हेपेटाइटिस के कई रूपों में से हैं, जो सूजन संबंधी लिवर की बीमारियों का एक समूह है।

## भारत की जनसंख्या

### लगातार वृद्धि

भारत की जनसंख्या लगातार बढ़ रही है। यदि इसे रोकने के लिए कुछ नहीं किया जाता है तो यह 77 वर्ष में दूनी हो सकती है। भारत अपनी जनसंख्या यात्रा में महत्वपूर्ण मोड़ पर है। उसने चीन को पीछे छोड़ दिया है और अब 1.44 बिलियन लोगों का देश बन गया है। 77 साल के भीतर संख्या दूनी होने की संभावना भयंकर चुनौती पेश करती है। यह सच है कि भारत की बढ़ती जनसंख्या एक महत्वपूर्ण 'जनसंख्या लाभांश' का अवसर भी देती है। यदि युवा कार्यबल को उपयुक्त कौशल और अवसरों से लैस किया जाए तो यह आर्थिक प्रगति, खोज एवं उत्पादकता के लिए संचालक शक्ति बन सकता है। शिक्षा, स्वास्थ्यरक्षा तथा रोजगार अवसरों में समुचित निवेश कर भारत में आर्थिक महाशक्ति बनने की क्षमता मौजूद है। लेकिन अवसरों के साथ ही भारत को तेजी से हो रही जनसंख्या वृद्धि के कारण अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। संसाधनों तथा ढांचागत संरचना पर दबाव बहुत है, जबकि स्वास्थ्यरक्षा, शिक्षा, आवास तथा परिवहन पहले से ही जरूरतें पूरी नहीं कर पा रहे हैं। जनसंख्या अधिक होने के कारण भोजन, पानी, ऊर्जा और आवास की मांग बढ़ जाती है जिससे पर्यावरण क्षरण तथा सामाजिक-आर्थिक असमानतायें बढ़ती हैं। इन चुनौतियों का सामना करने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण की जरूरत है। सबसे पहले 'मानव पूंजी' में निवेश के सुनियोजित प्रयास होने चाहिए। अर्थव्यवस्था में सार्थक सहभागिता के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान प्रदान कर लोगों को सशक्त बनाने हेतु शिक्षा व स्वास्थ्यरक्षा को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। सौभाग्य से हमारी जनसंख्या वृद्धि दर में धीमी होने की प्रवृत्ति है। इसकी वृद्धि रोकने के लिए समग्र जनसंख्या रणनीति की तत्काल आवश्यकता है, लेकिन देश के पास ऐसी कोई योजना नहीं है।



लेकिन जनसंख्या नियंत्रण का कोई प्रयास अत्यधिक अलोकप्रिय हो सकता है। श्रीमती इंदिरा गांधी और संजय गांधी ने इसका प्रयास 1970 के दशक में किया था जिसका नतीजा अंततः उनकी सत्ता से विदाई था। इससे सभी राजनीतिक पार्टियों ने सबक सीखा। निश्चित रूप से हम चीन नहीं हैं और दबाव डालने वाले कोई कदम नहीं उठाए जाने चाहिए, लेकिन सरकार को सचेतन रूप से परिवार नियोजन को पुरस्कृत करने तथा बड़े परिवारों को दंड देने के प्रयास करने चाहिए। व्यक्तियों व खासकर महिलाओं को प्रजनन स्वास्थ्य व गर्भनिरोध के बारे में सशक्त बनाने के समग्र कार्यक्रम जनसंख्या वृद्धि स्थिर करने में सहायक हो सकते हैं।

इसके साथ ही बढ़ती जनसंख्या की आवश्यकतायें पूरी करने के लिए स्वास्थ्यरक्षा, सफाई, परिवहन और आवास जैसे क्षेत्रों में ज्यादा निवेश आवश्यक है। पर्यावरण क्षरण की भरपाई के लिए टिकाऊ विकास व्यवहार अपनाए जाने चाहिए। जनसंख्या वृद्धि के प्रभावी प्रबंधन के लिए रोजगार सृजन भी महत्वपूर्ण है। उद्यमिता को बढ़ावा देने, निवेशों को आकर्षित करने तथा छोटे एवं मझोले उद्यमों के विकास में सहायता के लिए नीतियां बनाई जानी चाहिए। इनसे रोजगार सृजन में सहायता मिलेगी। जेंडर समानता तथा महिला सशक्तीकरण की ऐसी पहलों की आवश्यकता है जो शिक्षा, स्वास्थ्यरक्षा तथा आर्थिक अवसरों को प्रोत्साहन दें। सशक्त महिलायें परिवार नियोजन के बारे में सूचनाओं के आधार पर पसंद निर्धारित करती हैं जिनसे परिवार छोटा रखने तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य बेहतर रखने में सहायता मिलेगी। इस बारे में समाधानों की कोई कमी नहीं है, लेकिन सवाल है कि इनको लागू कौन करेगा?

# मजबूत भारत-ईरान संबंध

**भू-राजनीतिक जटिलताओं के बीच भारत ईरान, इज़राइल तथा अपने देश की आवश्यकताओं के बीच नाजुक संबंध बनाने का प्रयास कर रहा है।**



**भूपिंदर सिंह**
(लेखक, सेवानिवृत्त सेनाधिकारी हैं)



भारत और ईरान के बीच मजबूत ऐतिहासिक संबंध हैं। वर्तमान समय में भारत भू-राजनीतिक जटिलताओं के बीच भारत ईरान, इज़राइल तथा अपने देश की आवश्यकताओं के बीच नाजुक संबंध बनाने का प्रयास कर रहा है। फारस और हिंदुस्तान, यानी भारत के बीच बहुत प्राचीन काल से सभ्यतामूलक संबंध बने हुए हैं। ईरान में 1979 में हुई 'इस्लामी क्रांति' तथा उसके सर्वोच्च नेता अयातुल्ला रोहुल्ला खुमैनी के शासनकाल में भी भारत के साथ मजबूत संबंध बने रहे। खुमैनी के परदादा सैयद अहमद मुसावी 'हिन्दी' का जन्म लखनऊ के निकट किंतूर में हुआ था। हालांकि, कुछ कारणों से सैयद अहमद मुसावी ने अवध छोड़ दिया और वे खुमैन में बस गए, पर फारस में वे 'हिन्दी' के नाम से लोकप्रिय बने रहे। बाद में रोहुल्ला खुमैनी ने 'हिन्दी' तखल्लुस से कवितायें लिखीं जो बहुत लोकप्रिय हुईं। भारत में भी अनेक शिया वंश-परिवार फले फूले जो शरणार्थी के रूप में यहां आए थे। अरब-सुन्नी शासकों के उत्पीड़न से स्वयं को बचा कर भारत आने वाले शिया परिवार दकन, रामपुर, अवध और बंगाल, आदि स्थानों पर बसे और खूब फले-फूले।

उस समय लखनऊ भारतीय शियाओं के गढ़ के रूप में विकसित हुआ था। मध्यपूर्व से एकदम उलट भारत में नस्ली तनाव तुलनात्मक रूप से बहुत कम थे। गिलगिट एजेंसी के गजेटियर के अनुसार, 'सुन्नी और शिया जहां एकसाथ रहते थे, वे परस्पर सहिष्णुता की भावना अपनाते थे जो अन्य इस्लामी समुदायों में बहुत विरल चीज थी। चिलाज़ और सिंधु घाटी के अलावा आमतौर से यहां कट्टरता का पूर्ण अभाव है।'

लेकिन बाद में समय बदलने के साथ कट्टर नस्लवादियों के लेखन से समाज में कट्टरपंथ का उदय हुआ। इस कारण खूनी टकराव तथा ध्रुवीकरण ने जन्म लिया। जल्द ही भारत में भी संख्याबल में कम होने के कारण शिया लोगों को काफी अधिक संख्या वाली सुन्नी जनसंख्या से उत्पीड़न झेलना पड़ा। इसके परिणामस्वरूप केवल लखनऊ व कारगिल जैसे क्षेत्रों में शिया बहुसंख्य रहे, जबकि अन्य क्षेत्रों में सुन्नियों ने उन पर प्रभुत्व स्थापित कर लिया।

पड़ोसी पाकिस्तान में भी 'शियाफोबिया' को बहुत बढ़ावा मिला। इसके साथ ही सुन्नी-शिया विभाजन जल्द ही पूरी दुनिया में फैल गया। इसने उस समय राजनीतिक-संप्रभु रंग भी धारण कर लिया, जब ईरान ने विश्व स्तर पर शियाओं की संवेदनाओं तथा उनके अनेक देशों में उत्पीड़न को अपना स्वर दिया। इस व्यापक उथलपुथल के कारण 'उम्मा' या मुस्लिम दुनिया नस्ली आधार पर दो 'समूहों' में विभाजित हो गई। इसके साथ ही शिया-सुन्नी मिश्रित जनसंख्या वाले क्षेत्रों में ईरान बनाम अरब शेख शासनों की अंतर्निहित भावनाओं ने खुलेआम हिंसक झड़पों का रूप लेना शुरू कर दिया। इन क्षेत्रों में लेबेनान, यमन, सीरिया, बहरीन, पाकिस्तान तथा यहां तक कि भारत भी शामिल हो गया। हालांकि, भारत में शिया-सुन्नी नस्ली तनाव व टकराव अन्य देशों की तुलना में ज्यादा तीखे नहीं हो पाए। भारत में तुलनात्मक रूप से अधिक सुरक्षा, स्वतंत्रता तथा शियाओं के फलने-फूलने पर ईरान की जनता तथा तेहरान के शासकों ने भी गौर किया। हालांकि, भारत में भी अन्य इस्लामी देशों की तरह सुन्नी जनसंख्या की तुलना में शिया बहुत छोटे अल्पसंख्यक हैं, लेकिन भारत में उनको पूर्ण स्वतंत्रता तथा विकास और अपनी विशिष्ट सांस्कृतिक व्यवहारों के पालन के अवसर मिले हैं। आधुनिक समय में भारत शियाओं के लिए एक 'विरल स्वर्ग' बना रहा। इस कारण ईरान ने अक्सर आर्गेनाइजेशन आफ इस्लामिक कोआपरेशन-ओआईसी जैसे अनेक मंचों पर भारत-समर्थक दृष्टिकोण अपनाया है। पाकिस्तान में अल्पसंख्यक शियाओं का भविष्य खासकर संकट में है। इसे तेहरान ने स्वाभाविक रूप से भू-राजनीतिक स्तर पर दिल्ली-समर्थक दृष्टिकोण अपनाया है। 'शीत युद्ध' के दौरान अरब शेख खासकर पाकिस्तान के निकट थे, ऐसे में ईरान ने प्रतिक्रिया में भारत के साथ गहरे संबंध स्थापित किए। लेकिन 'ईरानी क्रांति' के अपरिहार्य परिणाम के रूप में ईरान ने ज्यादा शुद्धतावादी दृष्टिकोण अपनाया तथा उसने सऊदी-नीत शेख शासनों समेत मुस्लिम उम्मा के नेतृत्व से संबंध सुधारने के प्रयास किए।

इसके कारण कभी-कभी कश्मीर जैसे मुद्दों पर ईरान के दृष्टिकोण में विरोधाभास दिखाई पड़े। लेकिन वैश्विक स्थितियों तथा शिया-सुन्नी सबंधों की जटिलता ने सुनिश्चित किया कि अनेक संवेदनशील मुद्दों पर ईरान और भारत एक ही पाले में खड़े दिखे। इनमें अफगानिस्तान प्रमुख है जहां दोनों देशों ने पाकिस्तान-नीत तालिबानी बलों का विरोध किया। लेकिन इसी समय भारत अमेरिका और इज़राइल के साथ अपने संबंध सुधार कर उनको रणनीतिक संबंधों में विकसित कर रहा था। वाशिंगटन और तेलअबीब के साथ दिल्ली के बढ़ते संबंधों के कारण भारत ने ईरान से तेल खरीदना बंद कर दिया जिसके पीछे अमेरिका द्वारा ईरान पर लगाए प्रतिबंध भी थे। इसके साथ ही चाबहार बंदरगाह जैसी रणनीतिक परियोजनायें भी प्रभावित हुईं। इसके बावजूद दिल्ली और तेहरान के बीच एक अघोषित समझदारी हमेशा बनी रही है जिसके कारण द्विपक्षीय विश्वास तथा इरादों पर कभी सवाल नहीं उठे हैं।

भारत में 'बहुसंख्यकवादी' राजनीति के उभार से स्वाभाविक रूप से उम्मा में चिन्ता पैदा हुई, हालांकि शेख शासक विश्व मंच पर भारत के उभरने का स्वागत करते हुए उससे संबंध मजबूत कर रहे हैं। इसके साथ ही शियाओं के लिए स्थितियों में कोई बदलाव नहीं आया है क्योंकि सत्तारूढ़ राजनीतिक अवस्थापना सक्रिय रूप से शियाओं को अपने साथ जोड़ रही है। 2014 व 2019 के आम चुनाव में लखनऊ के प्रमुख शिया नेताओं ने सक्रिय रूप से विजेताओं का समर्थन किया। ईरान ने इस परिघटना पर भी अच्छी तरह गौर किया क्योंकि वह दुनिया भर में शियाओं के प्रति अति-संवेदनशील है। जहां तक शियाओं के साथ व्यवहार का सवाल है, भारत एक 'सम्माननीय अपवाद' बना हुआ है। इस असंदिग्ध यथार्थ ने नई दिल्ली को शेख शासकों की राजधानियों तथा तेलअबीब के साथ समानान्तर व अभूतपूर्व संबंध बनाने में सहायता की है। हालांकि, आज जब इज़राइल-फिलिस्तीन युद्ध ईरान को भी अपने दायरे मे घसीट रहा है तब नई दिल्ली के लिए अपना पक्ष चुनना कठिन हो सकता है। हालांकि, रूस-यूक्रेन युद्ध की तरह इस मामले में भी 'रणनीतिक स्वतंत्रता' का दृष्टिकोण अपनाया जा सकता है। इससे भारत नैतिक रूप से टकराव से दूर रह कर व्यावहारिक रूप से एक सौम्य-बयानबाजी वाली स्थिति अपना सकता है। इससे कोई आहत नहीं होगा और वास्तव में शांति की तलाश की संभावनायें बनी रहेंगी।

दिल्ली अच्छी तरह जानती है कि इस टकराव के प्रति भारतीय मुसलमानों व खासकर ईरान का मामला आने पर शियाओं की भावनायें क्या हैं। चुनावी दृष्टिकोण से अवस्थापना शियाओं व पसमांदा मुसलमानों को साथ लेना चाहता है, लेकिन इज़राइल के कारण पूरे मामले में जटिलता पैदा होती है। इससे 'बहुसंख्यकवादी' सोच भी प्रभावित होती है जो वैचारिक रूप से वैश्विक-इस्लामवाद का मुकाबला कर रही है। इज़राइल का अक्सर जरूरत से ज्यादा समर्थन किया जाता है तथा उसकी प्रशंसा की जाती है। लेकिन अब यह नैतिक रूप से अप्रासंगिक होता जा रहा है। मजेदार बात है कि इज़राइल और ईरान, दोनों के तर्कों और विमर्शों में अनेक ऐसे तथ्य हैं जो भारत की 'व्यापक मजबूरियों' को उचित ठहराने के काम आ सकते हैं। भारत ने ईरान, फिलिस्तीन तथा इज़राइल के साथ औपचारिक राजनयिक संबंधों के अलावा शक्तिशाली 'बैक चैनल' या परोक्ष संबंध भी स्थापित किए हैं। इन शक्तिशाली बैकडोर चैनलों तथा भारत-ईरान के बीच गहरे ऐतिहासिक सभ्यतामूलक संबंधों का लाभ उठाते हुए सुनियोजित ढंग से राजनयिक प्रयास करने की आवश्यकता है। विश्व मंच पर भारत के कद तथा उसकी भावी रणनीति के साथ ही भारत-ईरान संबंधों को मजबूत बनाए रखने के लिए जरूरी है कि भारत विभिन्न पक्षों के साथ संबंधों के बजाय विश्व शांति को प्राथमिकता दे।

# भ्रष्टाचार और राजनीतिक पालाबदल

> "धार्मिकता के सिद्धांतों के बजाय चुनावी अंकगणित, अक्सर राजनीतिक निर्णयों की दिशा तय करती है।"

**अतुल सहगल**
(लेखक, प्रबंध सलाहकार हैं)



पिछले सप्ताह, भारत के एक प्रमुख दैनिक समाचार पत्र की सामग्री पढ़ते समय, एक दिलचस्प लेख ने मेरा ध्यान खींचा और इसे पूरे समय पढ़ने के लिए बाध्य किया। लेख का शीर्षक था - 2014 के बाद से, भ्रष्टाचार की जांच का सामना कर रहे 25 विपक्षी नेता भाजपा में शामिल हो गए, उनमें से 23 को राहत मिली। निस्संदेह, यह लेख हमारे देश में प्रचलित राजनीतिक व्यवस्था की खामियों पर एक स्पष्ट टिप्पणी थी। यह स्पष्ट रूप से स्पष्ट तथ्य का एक शर्मनाक विवरण था कि सभी रंगों और रंगों के राजनीतिक दल हमारी राजनीतिक प्रणाली में दोष रेखाओं द्वारा उत्पन्न ज्वार के साथ बहने के लिए मजबूर हैं और वह भी कभी-कभी केवल राजनीतिक अस्तित्व के लिए।

उपरोक्त विवरण की बारीकियों में गहराई से जाना और पवित्र राजनीतिक दलों और व्यक्तित्वों के बारे में बेशर्मी से आलोचना करना उचित नहीं होगा। भारत में मौजूदा व्यवस्था की कमियों पर ध्यान देना और अफसोस के साथ यह कहना उचित प्रतीत होता है कि चुनावी अंकगणित हमारी राजनीतिक व्यवस्था का सबसे बड़ा अभिशाप है। मायावी बहुमत जुटाने के लिए राजनीतिक दलों को खामियों से भरी कानूनी व्यवस्था के तहत स्थिर सरकारें बनाने और यहां तक कि सुचारु रूप से शासन कर सकने वाली मजबूत सरकारें बनाने के लिए संख्याएं जुटाने के लिए ऐसे हथकंडों का सहारा लेना पड़ता है।

हमारे लोकतंत्र में निश्चित कमियाँ हैं। बल्कि यह बिल्कुल सही नहीं है। बहुदलीय लोकतंत्र को लोकतंत्र के गैर-आदर्श, कमजोर रूप के रूप में वर्णित करना बेहतर है, खासकर हमारे जैसे सांस्कृतिक रूप से भिन्न समाज में। लोकतंत्र का सबसे शुद्ध रूप हमारे प्राचीन ग्रंथ मनुस्मृति में उल्लिखित है। मनुस्मृति का उल्लेख करते समय यह स्पष्ट करने की आवश्यकता है कि इस अवलोकन को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए, भले ही इस प्राचीन ग्रंथ से कोई विवाद जुड़ा हो। बेईमान व्यक्तियों द्वारा ऐतिहासिक व्याख्याओं के कारण वह विवाद अपने विकृत संस्करण से उत्पन्न हुआ। मनुस्मृति का मूल, अभ्रष्ट संस्करण एक आदर्श शासन व्यवस्था का दिव्य खाका है। धर्मग्रंथ लोकतंत्र की बात करता है जो लोकतंत्र (प्रजातंत्र) की निम्नलिखित तीन विशिष्ट विशेषताओं का संकेत देता है:- चुनाव और शासन की दलविहीन प्रणाली, मतदाताओं द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों को वापस बुलाने का अधिकार, धार्मिकता या धर्म के सिद्धांतों के अनुरूप। यहां यह बताना भी प्रासंगिक होगा कि उपरोक्त आदिम, ईश्वरीय ग्रंथ लोकतांत्रिक शासन प्रणाली के लिए एक संरचनात्मक ढाँचा भी प्रदान करता है। यह तीन सभाओं की बात करता है - राजर्यसभा (कार्यकारी सभा), विद्यार्यसभा (विषय विशेषज्ञ सभा) और धर्मार्यसभा (धार्मिक विशेषज्ञों की सभा)। अंतिम उल्लिखित सभा या परिषद प्रतिष्ठित नैतिक प्रतिष्ठा और त्रुटिहीन चरित्र वाले व्यक्तियों से बनी है जो कार्यकारी परिषद के कामकाज पर एक प्रकार के नैतिक अधिकार के रूप में सामूहिक रूप से कार्य करते हैं। यह देखना आसान है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में मौजूदा राजनीति और शासन संरचना उपर्युक्त आदर्श राजनीति और शासन प्रणाली से कितनी दूर है। एक दलीय कम लोकतांत्रिक राजनीति में, चुनावी अंकगणित की सभी समस्याएं और उनके द्वारा उत्पन्न होने वाली बुराइयां गायब हो जाएंगी। कोई बड़ी चुनावी रैलियां नहीं होंगी, चुनावों पर कोई भारी खर्च नहीं होगा, कोई खरीद-फरोख्त नहीं होगी, कोई पार्टी नहीं बदलेगी, कोई दलबदलू नहीं होगा, भ्रष्ट और अपराधी राजनेताओं पर मुकदमा चलाने में कोई देरी नहीं होगी और बहुसंख्यकवाद या अल्पसंख्यकवाद की कोई मूर्खतापूर्ण अवधारणा नहीं होगी।



कोई अल्पसंख्यक-केंद्रित शासन नहीं होने जा रहा है। यह समझना भी मुश्किल नहीं है कि अगर हम पवित्र ग्रंथ मनुस्मृति के सिद्धांतों को अपनी राजनीति और शासन में शामिल कर लें तो हमारे देश में मौजूदा राजनीतिक व्यवस्था की कितनी माध्यमिक बुराइयां खत्म हो जाएंगी। यह उम्मीद करना दूर की कौड़ी हो सकती है कि हम वर्तमान प्रणाली से उपरोक्त यूटोपियन संरचना के अनुरूप कुछ बना सकते हैं, लेकिन अगर हम इसमें अपने देश में पार्टी रहित लोकतांत्रिक प्रणाली जैसी एक या दो महत्वपूर्ण विशेषताओं को शामिल करते हैं, तो भी हमारे शासन को बहुत लाभ हो सकता है। .ऊपर जो कहा गया है, उसके आलोक में, हमें निश्चित रूप से अपनी लोकतांत्रिक प्रणाली में सुधार करने की आवश्यकता है जो बहुत अच्छा परिणाम नहीं देती है।

तदनुसार, हम आशा करते हैं कि तीसरी बार मोदी सरकार व्यापक संवैधानिक, चुनावी और नौकरशाही सुधार लाएगी ताकि हमारा देश कंगारू छलांग लगाकर प्रगति कर सके, जिसमें वह सक्षम है। विश्व के नैतिक और आध्यात्मिक पथप्रदर्शक के रूप में अपने प्राचीन कद को बनाए रखते हुए, भारत विश्व का अग्रणी वैश्विक राष्ट्र-राज्य बनने के लिए दैवीय रूप से नियत है। ऐसा इसलिए है क्योंकि भारत संतों, संतों और द्रष्टाओं की भूमि है जो इस ग्रह पर अपने लंबे और उतार-चढ़ाव वाले ऐतिहासिक अस्तित्व के दौरान मानवता के लिए प्रकाशस्तंभ रहे हैं।

## आप की बात

### गहलोत की समझ

**राजस्थान** के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भाजपा के संकल्प पत्र पर निशाना साधते हुए कहा कि 2019 और 2014 में जो स्थितियां थीं वे अब बदल गई है, भाजपा विश्वसनीयता खो चुकी है, वे कब तक पीएम मोदी के नाम पर राजनीति करते रहेंगे? गहलोत को समझना चाहिए कि मोदी काल को अभी 10 बरस हुए हैं, कांग्रेस जैसे 70 साल नहीं जिसने परिवारवाद के नाम पर इतने बरस राज करते-करते निकाल दिए। लेकिन अब इसी परिवारवाद के चलते कांग्रेस की हलात लगातार खराब होती जा रही है। कांग्रेस के अच्छे-अच्छे सूरमां पार्टी छोड़ कर अन्य पार्टियों में किस्मत आजमाने जा रहे हैं। भाजपा परिवारवादी नहीं, सुधारवादी दृष्टिकोण वाली पार्टी है। भाजपा के प्रति जनता की विश्वसनीयता बढ़ी है, जबकि कांग्रेस की घटती जा रही है। कांग्रेसियों को अपने आप से पूछना चाहिए कि देश की आजादी की लड़ाई से जन्मी कांग्रेस आखिर लगातार अविश्वसनीय क्यों होती जा रही है? कांग्रेस को अब क्षेत्रीय दल भी कुछ नहीं समझते हैं। इसी कारण इस बार कांग्रेस ऐतिहासिक रूप से सबसे कम लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने जा रही है। गहलोत को यह भी समझ लेना चाहिए कि अब आम जनता उनके जैसे वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं के बयानों पर भी जल्दी से विश्वास करने नहीं जा रही है।

**-शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### ईवीएम पर विवाद

**सुप्रीम कोर्ट** के न्यायाधीश ने स्पष्ट रूप से कहा कि मतपत्रों द्वारा वोटिंग किए जाने की मांग के पीछे छिपी असलियत वे जानते हैं। पिछली बार जब ईवीएम को लेकर विपक्षी दलों द्वारा चुनाव आयोग पर दबाव बनाया गया तो चुनाव आयोग ने सभी विपक्षी दलों को चुनौती दी थी कि वे किसी भी विशेषज्ञ को लाकर ईवीएम हैक कर कर दिखाएं। तब किसी भी दल ने यह चुनौती स्वीकार नहीं की थी। जाहिर है ईवीएम शत-प्रतिशत दोष रहित आधुनिक वोटिंग मशीन है। जिस देश में 97 करोड़ मतदाता हों वहां पर मतदान में यदि अपनी आसन्न पराजय को देखकर कुछ राजनीतिक दल ईवीएम और वीवीपैट पर्ची के शत-प्रतिशत मिलान की मांग करते हैं तो वह भी अव्यावहारिक है। चुनाव आयोग कुछ स्थानों की मशीनों से वीवीपेट का मिलान करके उसकी प्रामाणिकता जांच लेते हैं। शत-प्रतिशत वीवीपैट से मिलान की मांग वैसी ही है। जैसे कोई चावल पकने के परीक्षण के लिए पतीले के सभी चावलों की परीक्षा की बात करे। चुनाव परिणाम में पराजय को मतदाताओं का आदेश न मानकर ईवीएम पर हार का ठीकरा फोड़ना और जीतने पर चुपचाप सत्ता भोगना अतार्किक और अनुचित है।

**- सुभाष बुडावन वाला,** रतलाम

### राहत की बात

**मतदान** से पहले छत्तीसगढ़ में हमारे सुरक्षा वालों ने जिस तरह से नक्सलियों का सफाया किया वह बड़ी राहत देने वाली बात है। अक्सर चुनाव के समय नक्सली न केवल चुनाव बहिष्कार का आह्वान करते हैं, बल्कि दूसरों को आम चुनाव में वोटिंग नहीं करने देते हैं। छत्तीसगढ़ में कांकेर जिला नक्सलियों का बड़ा गढ़ कहलाता है। इस आपरेशन की सफलता के बाद देश के अन्य नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भी ऐसे ही अभियान फौरन चलाए जाने चाहिए ताकि नक्सली किसी प्रकार मतदान को प्रभावित न कर सकें। विश्वास है कि लोकसभा चुनाव के बाद केंद्र एवं राज्य सरकार मिलकर एक बड़ा अभियान नक्सलवाद के खिलाफ अवश्य चलाएंगे। नक्सलवादी हमेशा ही इस क्षेत्र के विकास में बड़ी बाधा बनते हैं एवं क्षेत्र की आम जनता को भी दहशत में रखते हैं। अक्सर चुनाव के समय नक्सलवादी मतदान में बाधा डाल कर अपना लोकतंत्र-विरोधी विमर्श आगे बढ़ाने का प्रयास करते हैं। स्थानीय स्वशासी संस्थाओं, स्वयंसेवी संस्थाओं, शिक्षकों, राजस्व कर्मचारियों तथा आम जनता को विकास संबंधी मुद्दों में पारदर्शिता बरतने तथा उनको विचार-विमर्श में शामिल कर नक्सलियों की कमर तोड़ने के कदम स्थाई रूप से उठाए जाने चाहिए।

**- एमएम राजावत,** शाजापुर

### नक्सल समस्या

**नक्सलवाद,** आतंकवाद और उग्रवाद देश की तीन बड़ी समस्याएं हैं जो आए दिन सिर उठाती रहती है। कदम-कदम पर मौत बिछी होने के बावजूद हमारे जवान नक्सली आक्रामकता का मुंहतोड़ जवाब देते हैं। लगातार जवाबी कार्यवाही से नक्सली घटनाओं में कमी अवश्य आई है, तथापि दहशत अभी भी कायम है। छत्तीसगढ़ के कांकेर में सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई में कई बड़े ईनामी नक्सलियों के साि 29 नक्सलियों का सफाया कर दिया है। यह नक्सल-विरोधी अभियान में मारे जाने वाले नक्सलियों की संख्या के दृष्टिकोण से दूसरा सर्वाधिक सफल आपरेशन है। हालांकि, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी सुरक्षा बलों के नौजवानों की प्रशंसा की श लेकिन इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि उनके पिछले पांच साल के शासनकाल में राज्य में नक्सली आंदोलन फला-फूला तथा नक्सल समस्या और गंभीर हुई। नक्सल समस्या समाप्त करने के लिए जमीनी स्तर पर आदिवासियों में विकास और प्रगति के प्रति विश्वास मजबूत करना भी जरूरी है। विकास को जमीन तक पहुंचाना जरूरी हो गया है।

**-अमृतलाल मारू,** इन्दौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# यूपी में पहले चरण की आठ सीटों पर हुआ 57.54 प्रतिशत मतदान

● निष्पक्ष मतदान के लिए व्यापक इंतजाम व सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराई गईः नवदीप रिणवा ● मतदान प्रक्रिया को स्वतंत्र व निष्पक्ष बनाए रखने के लिए 7582 मतदेय स्थलों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था कराई गई ● 1510 मतदेय स्थलों पर वीडियोग्राफी की भी थी व्यवस्था



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** में पहले चरण के दौरान आठ लोकसभा सीटों पर मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि मतदान प्रात: 5 बजे से शुरू होकर सायं 6 बजे समाप्त हुआ। सायं 5 बजे तक जनपदों से प्राप्त सूचना के आधार पर प्रदेश के 8 लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 57.54 प्रतिशत मतदान हुआ है, जिसमें सहारनपुर-63.29 प्रतिशत, कैराना-58.68 प्रतिशत, मुजफ्फरनगर-54.91 प्रतिशत, बिजनौर-54.68 प्रतिशत, नगीना(अजा)-58.05 प्रतिशत, मुरादाबाद-57.65 प्रतिशत,-रामपुर-52.42 प्रतिशत और पीलीभीत में 60.23 प्रतिशत मतदान हुआ।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी न बताया कि मतदान की प्रक्रिया को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष बनाये रखे जाने के उद्देश्य के लिए प्रभावी पर्यवेक्षण हेतु कुल 7582 मतदेय स्थलों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई, जिसका पर्यवेक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं भारत निर्वाचन आयोग तीनों स्तरों पर किया गया। उक्त के अतिरिक्त 1510 मतदेय स्थलों पर वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था की गई थी। प्रथम चरण के पोस्टल बैलेट मतदान हेतु अर्ह श्रेणियों (यथा- 85 वर्ष की आयु से अधिक के मतदाता, दिव्यांग, अनिवार्य सेवायें तथा मतदान कार्मिक) में 14264 मतदाताओं द्वारा पोस्टल बैलेट कास्ट किया गया। 85 वर्ष की आयु से अधिक के मतदाता एवं दिव्यांग मतदाताओं में जिनके द्वारा पोस्टल बैलेट का विकल्प चुना गया था, उनके घर पर जाकर मतदान दल द्वारा मतदान कराया गया। प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाये जाने हेतु मतदान दल के साथ एक माइक्रो आब्जर्वर तथा वीडियोग्राफर की तैनाती की गई थी एवं प्रत्याशियों को सम्पूर्ण प्रक्रिया को देखने हेतु स्वयं अथवा अपने अभिकर्ता को भेजने के लिए मतदान दल का शिड्यूल उपलब्ध कराया गया था एवं इस श्रेणी के अर्ह मतदाताओं की सूची भी प्रत्याशियों को उपलब्ध कराई गई थी।

इस मतदान प्रक्रिया की पूरी वीडियोग्राफी भी कराई गई है। उपरोक्त के अतिरिक्त कुल 27938 सेवा मतदाताओं को भी रिटर्निंग अधिकारी द्वारा इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से (ईटीपीबीएस) पोस्टल बैलेट का प्रेषण किया गया। 7943 कार्मिकों को ई0डी0सी0 जारी किया गया है। मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए आयोग द्वारा 08 सामान्य प्रेक्षक, 05 पुलिस प्रेक्षक तथा 10 व्यय प्रेक्षक भी तैनात किये गये थे। उक्त के अतिरिक्त 1272 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 150 जोनल मजिस्ट्रेट, 103 स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा 1861 माइक्रो ऑब्जर्वर भी तैनात किये गये थे। उपरोक्त के अतिरिक्त भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य स्तर पर एक वरिष्ठ सामान्य प्रेक्षक, 01 वरिष्ठ पुलिस प्रेक्षक तथा 01 वरिष्ठ व्यय प्रेक्षक भी तैनात किये गये थे, जिनके द्वारा क्षेत्र में रहकर सम्पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया का पर्यवेक्षण किया गया।

### विभिन्न राजनैतिक दलों से प्राप्त हुई शिकायतों का आयोग ने तत्परता से कराया निस्तारण

मतदान के दौरान विभिन्न राजनैतिक दलों द्वारा ईमेल के माध्यम से कतिपय शिकायतें प्राप्त हुई, जिन्हें जनपद के अधिकारियों से तत्परता से निस्तारण कराते हुए राजनैतिक दलों को ईमेल के माध्यम से अवगत भी कराया गया। चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु पर्याप्त मात्रा में अर्द्ध सैनिक बलों की तैनाती की गई थी। ईवीएम के स्ट्रांग रूम की सुरक्षा की जिम्मेदारी अर्द्ध सैनिक बलों को दी गई है। चुनाव में सभी 14845 मतदेय स्थलों हेतु मतदान के लिए आवश्यक ईवीएम एवं वीवीपैट तथा अलग-अलग जनपदों में पर्याप्त मात्रा में रिजर्व ईवीएम एवं वीवीपैट की व्यवस्था की गई थी एवं मतदान के दौरान जहाँ कहीं भी शिकायत प्राप्त हुई हैं, वहाँ तत्काल प्रभावी कार्यवाही करते हुए ईवीएम एवं वीवीपैट को बदलने की कार्यवाही की गई है। जनपदों से प्राप्त सूचना के अनुसार मॉक पोल के दौरान कुल 85 बीयू, 184 सीयू एवं 259 वीवीपैट बदले गए एवं मतदान प्रारम्भ होने के पश्चात सायं 5 बजे तक कुल 50 बीयू, 50 सीयू एवं 152 वीवीपैट बदले गए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि चुनाव पूरी तरीके से शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराया गया एवं कहीं से भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना की कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई।

# कांग्रेस, सपा और बसपा देश की समस्या तो बीजेपी है समाधानः योगी

● बुलंदशहर लोकसभा क्षेत्र में बोले मुख्यमंत्री, देश की आस्था, सुरक्षा और विकास से वंचित रखने वालों को एक-एक वोट के लिए है तरसाना



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ बुलंदशहर

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा ने देश की अस्मिता को बचाने के लिए कई नारे दिए, जिसका कांग्रेस मजाक उड़ाया करती थी। वहीं सपा और बसपा उनका सपोर्ट करती थी। कांग्रेस, बसपा और सपा देश की तमाम समस्याओं की जड़ है जबकि भारतीय जनता पार्टी इन समस्याओं का समाधान है। कांग्रेस ने देश को धारा 370 दिया, जबकि बीजेपी ने इसे समाप्त करके आतंकवाद की ताबूत पर अंतिम कील ठोकने का काम किया है। अब यहां विस्टोफ और आतंकवादी गतिविधियां नहीं होती हैं क्योंकि वह जानते हैं कि उनके साथ उनके आका को भी ठीक कर दिया जाएगा। ऐसे में इस बार आस्था और सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों, विकास से वंचित रखने वालों, युवा पीढ़ी और अन्नदाता किसानों के साथ अन्याय करने वालों और बेटी- व्यापारी को डराने वालों को एक-एक वोट के लिए तरसा दीजिये। उन्हे बोल दीजिये कि जो देश, विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के बारे में सोचेगा उसी को वोट करेंगे। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को बुलंदशहर के शिकारपुर में लोकसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहीं। इस दौरान उन्होंने लोकसभा प्रत्याशी डॉ. भोला सिंह के पक्ष में वोट की अपील की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में आज लोकसभा-2024 के चुनाव के प्रथम चरण का मतदान हो रहा है, जिसके परिणामों को लेकर हम निश्चिंत हैं। इस भाव के साथ पूरा देश एक बार फिर से मोदी सरकार बनाने के लिए संकल्पित दिखायी दे रहा है। इसी के तहत दूसरे चरण के मतदान के लिए हम सभी से आवाह्न करने आये हैं। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को एक नई पहचान, दुनिया में सम्मान और आतंकवाद की समस्या से निजात दिलायी है। ऐसे में हमारा भी दायित्व है कि देश में तीसरी बार भी मोदी सरकार बनानी है। देश में वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर और हाईवे-एक्सप्रेस-वे का निर्माण हो रहा है। वहीं बुलंदशहर भी गंगा एक्सप्रेसवे के साथ जुड़ रहा है। इससे प्रयागराज की दूरी मात्र 6 घंटे में तय की जा सकेगी। ऐसे में बुलंदशहर वासी अगले वर्ष महाकुंभ में स्नान के लिए सुबह जाएंगे और शाम को वापस लौट आएंगे। बुलंदशहर को अपना मेडिकल कॉलेज, वर्ल्ड क्लास यूनिवर्सिटी, आईआईटी, आईआईएम और एम्स मिलने जा रहे हैं। वहीं बगल में जेवर में इंटरनेशनल एयरपोर्ट और फिल्म सिटी बना रहे हैं। इससे यहां के युवाओं को फिल्मों में काम करने के लिए मुंबई नहीं जाना पड़ेगा। मोदी सरकार देश की सुरक्षा, कल्याण और विकास के लिए काम कर रही है जबकि सपा और बसपा दंगा करवाते हैं। वर्ष 1980 में दंगा करने वाले दंगाई को बचाने के लिए कांग्रेस, सपा और बसपा ने फाइल दबा दी। वहीं बीजेपी सरकार ने दोबारा फाइल निकाली और दोषियों को सजा दिलायी।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रामनवमी के अवसर पर भगवान राम का सूर्य तिलक हुआ, जिसे पूरी दुनिया ने देखा। वहीं कांग्रेस, सपा और बसपा ने हमे इससे वंचित रखने का पाप किया। इतना ही नहीं ये सभी भगवान राम के होने का प्रमाण मांगते रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में रामलला का दिव्य, भव्य और नव्य मंदिर बनाया तो ये सभी कहने के लिए मजबूर हो गये कि राम सबके हैं। यह आपके एक वोट की ताकत से संभव हो पाया है, जिन्होंने इनके स्वर ही बदल दिये हैं। आज पूरा देश एक बार फिर से मोदी सरकार पर सहमत है क्योंकि समस्याओं का समाधान करना ही मोदी सरकार का दायित्व है।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में देश विकास के पथ पर निरंतर आगे बढ़ रहाः स्वतंत्र देव सिंह

● विभिन्न राजनैतिक व सामाजिक संगठनों ने की भाजपा को समर्थन की घोषणा



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भाजपा** के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की उपस्थिति में भाजपा प्रदेश मुख्यालय में शुक्रवार को विभिन्न राजनैतिक एवं सामाजिक संगठनों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण की नीति से प्रभावित होकर भाजपा को समर्थन की घोषणा की। स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के पथ पर निरन्तर आगे बढ़ रहा है। साथ ही गांव, गरीब, किसान, महिला, मजदूर तथा युवाओं की आर्थिक व सामाजिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त हुआ है। मोदी सरकार में सबको घर, नल से जल, शिक्षा, चिकित्सा तथा सुरक्षा की गारंटी है।

इस अवसर पर प्रदेश के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जे.पी.एस. राठौर, प्रदेश महामंत्री राम प्रताप सिंह चौहान, प्रदेश मंत्री श्री शिव भूषण सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, सह प्रभारी हिमांशु दुबे सहित अन्य प्रमुख नेता उपस्थित रहे। संचालन प्रदेश महामंत्री संजय राय ने किया। भाजपा को समर्थन देने वाले दलित शोषित पिछड़ा वर्ग अधिकार दल के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बलवीर प्रजापति, अपनी पार्टी सेकुलर के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलीप सिंह चौहान, पूर्वांचल मुक्ति फाउन्डेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम सुन्दर स्वामी उर्फ श्यामानन्द महाराज, राष्ट्रीय निषाद संघ के प्रदेश अध्यक्ष कैलाशनाथ निषाद, हिस्सेदारी मोर्चा के संयोजक कृष्ण गोपाल सिंह कश्यप, राष्ट्रीय लोनिया चौहान एकता परिषद के राष्ट्रीय संयोजक छविराम सिंह लोनिया, राष्ट्रीय जनवादी पार्टी (सोशलिस्ट) के राष्ट्रीय संयोजक हरवंश सिंह, अखंड जलवंशी सेवा संस्थान अखंड जलवंशी सेना के अध्यक्ष अजय कश्यप ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में अपने संगठनों का समर्थन पत्र सौंपते हुए अबकी बार 400 पार के संकल्प को पूर्ण करने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता प्रकट की। भाजपा के चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक व प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने भाजपा को समर्थन देने वाले सभी संगठनों का अभिनंदन करते हुए कहा कि एक ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के आर्थिक, सामरिक तथा सांस्कृतिक उत्थान के साथ देश के प्रत्येक नागरिक की आत्मनिर्भरता का लक्ष्य लेकर सतत कार्य कर रहे है।

# निर्वाचन ड्यूटी पर जाने वाले होमगार्ड्स स्वयंसेवकों को होगा अग्रिम भुगतान

● दिए जाने वाले भत्तों की धनराशि के 40 प्रतिशत अग्रिम भुगतान की मिली मंजूरी

● लोकसभा आम चुनावों में निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात किए जाएंगे करीब 50 हजार होमगार्ड्स स्वयंसेवक

**लखनऊ।** लोकसभा चुनावों की तैयारियों के साथ ही उत्तर प्रदेश शासन मतदान से जुड़े कर्मियों का भी पूरा ध्यान रख रहा है। इसी क्रम में शासन की ओर से लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 ड्यूटी करने वाले होमगार्ड्स स्वयंसेवकों (वॉलंटियर्स) के ड्यूटी भत्ते के अग्रिम भुगतान की स्वीकृति दे दी गई है। इसके तहत निर्वाचन ड्यूटी में तैनात किए जाने वाले होमगार्ड्स को ड्यूटी भत्ते के मद में प्राविधानित धनराशि का 40 प्रतिशत अग्रिम के रूप में भुगतान किया जाएगा। पूरे प्रदेश में इस व्यवस्था को लागू किए जाने से निर्वाचन ड्यूटी में जाने वाले होमगार्ड्स को काफी राहत मिलेगी। इसके माध्यम से वह ड्यूटी पर जाने से पूर्व अपने परिजनों की जरूरतों को पूर्ण कर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकेंगे। प्रदेश में आम चुनाव समेत किसी भी संवेदनशील परिस्थितियों में सिक्योरिटी फोर्सेज के साथ-साथ होमगार्ड्स स्वयंसेवक भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बिना हथियार के भी यह बल बाह्य सुरक्षा की जिम्मेदारियों को बखूबी निभाता है। इसी वजह से हर बार चुनाव में इनकी भी ड्यूटी लगाई जाती है। इस बार गृह जनपद के साथ-साथ इन्हें दूसरे जनपदों में भी चुनाव ड्यूटी पर भेजे जाने की तैयारी है। होमगार्ड विभाग के मंत्री पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि इस बार लोकसभा आम चुनाव में करीब 50 हजार होमगार्ड्स की विभिन्न चरणों में चुनाव ड्यूटी लगाई जाएगी। ऐसे में होमगार्ड्स विभाग द्वारा होमगार्ड्स स्वयंसेवकों को अग्रिम भुगतान दिए जाने का प्रस्ताव भेजा गया था। इस क्रम में शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के इनकम एक्सपेंडीचर के तहत प्राविधानित धनराशि 2634 करोड़ 39 लाख रुपए की स्वीकृति पहले ही दी जा चुकी है। अब लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए निर्वाचन ड्यूटी पर नियोजित किए जाने वाले होमगार्ड्स स्वयंसेवकों के ड्यूटी भत्ते के भुगतान के लिए इस धनराशि का 40 प्रतिशत अग्रिम के रूप मे निकालकर होमगार्ड्स स्वयंसेवकों के बैंक खातों के माध्यम से भुगतान किए जाने की अनुमति प्रदान की गई है। हालांकि इस संबंध में शासन द्वारा कुछ शर्तों का भी उल्लेख किया गया है। इसके अंतर्गत वित्तीय नियम संग्रह में दी गई व्यवस्था के अनुसार जो सरकारी कर्मचारी व अधिकारी धन को आहरित करेगा, वही उसके समायोजन के लिए भी जिम्मेदार होगा तथा यदि कोई क्षति होती है तो उसके लिए भी संबंधित सरकारी कर्मचारी व अधिकारी जिम्मेदार होगा। इसके अतिरिक्त विभागाध्यक्ष द्वारा पिछले स्वीकृत किए गए समस्त एडवांस और अब स्वीकृत किए जा रहे एडवांस के समायोजन की स्थिति से शासन/वित्त विभाग को प्रत्येक दशा में अवगत कराया जाएगा। समायोजन सुनिश्चित हो जाने के उपरांत ही अगले एडवांस का प्रस्ताव किया जाएगा। ब्याज की देयता के संबंध में विभागाध्यक्ष अपने स्तर से आवश्यक कार्यवाही करेंगे। साथ ही विभागाध्यक्ष प्रश्नगत धनराशि को स्टेट जेम पूल एकाउंट के अलावा किसी अन्य खाते में नहीं रखेंगे।

## विपक्षी इंडी पार्टनर्स को फिर से घर बैठाने का समय आ गयाः केशव प्रसाद मौर्य



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भारतीय** जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को उन्नाव एवं लखीमपुर खीरी में बूथ अध्यक्ष सम्मेलनों को संबोधित करते हुए कहा कि अब पिछले रिकार्ड को तोड़ने का समय आ गया हैं। उन्होंने कहा 2024 का लोकसभा चुनाव भारत को 100 वर्ष आगे ले जाएगा। यह चुनाव विकसित भारत का चुनाव है। विपक्षी इंडी पार्टनर्स को फिर से घर बैठाने का समय आ गया है। जनता को पीएम मोदी पर भरोसा है, इसलिए प्रदेश की सभी 80 सीटों पर कमल खिलेगा। उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि 2014 से 17 तक सपा कि सरकार थी, लेकिन जब 2017 का चुनाव हुआ तो भारतीय जनता पार्टी को प्रदेश की जनता ने 300 प्लस विधायक देकर सरकार बनाकर समाजवादी मुखिया के अहंकार को गिरा दिया। 2024 का चुनाव वह हार चुके हैं, भाजपा 400 सीटें पाकर चुनाव जीत चुकी हैं। उन्होंने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि टुकड़े-टुकड़े समूह को सबक सिखाने के लिए अबकी बार 400 पार चाहिए। भ्रष्टाचार समाप्त करने के लिए भाजपा को 400 पार सीटें चाहिए। 30 करोड़ दीदियों को लखपति बनाने के लिए 400 पार चाहिए। भारत के वैज्ञानिक हर गृह पर यान भेज सके, इसलिए चार सौ पार चाहिए। कमल का फूल ही सुशासन और मोदी की गारंटी है। सपा, बसपा और कांग्रेस से मुक्ति के लिए भाजपा को ही जिताना होगा। भाजपा जीतेगी तो देश में सनातन का डंका बजेगा, हमारी संस्कृति का गौरव लौटेगा। भाजपा जीतेगी तो गुंडों, दंगाईयों की वापसी नहीं होगी।

# जनता के सवालों पर क्यों मौन हैं पीएमः अजय राय

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने प्रधानमंत्री मोदी के अमरोहा लोकसभा क्षेत्र में आज हुए चुनावी भाषण पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आज मोदी जी मोहम्मद शामी की तारीफ भरे मंच से कर रहे हैं जबकि 2021 में इन्हीं के लोग थे, और इन्हीं की बोई नफ़रत की सियासत थी जब पाकिस्तान से हुए एक मैंच में अच्छी गेंदबाजी न कर पाने के कारण मोहम्मद शामी को गद्दार तक घोषित कर दिया गया था। भारतीय जनता पार्टी और मोदी सरकार अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए धर्म का सहारा लेती है, आज एक बार फिर पीएम मोदी वही पुरानी स्क्रिप्ट पढ़ते नजर आए।

राय ने कहा कि प्रधानमंत्री अपने हर भाषण में भारत की भोली भाली जनता को छलते हैं। वो यूरिया के बढ़ते हुए दामों पर चर्चा तो नहीं करते मगर अमेरिका से तुलना जरूर करते हैं। प्रधानमंत्री यह भूल जाते हैं कि अमेरिका की प्रति व्यक्ति प्रतिदिन आय 19415 रूपये है, वहीं भारत की प्रति व्यक्ति प्रतिदिन आय मात्र 620 रूपये है। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि महंगाई से पीड़ित आम आदमी के जख्मों पर मरहम लगाने के बजाय प्रधानमंत्री विकसित देशों का उदाहरण देकर बच निकलने का रास्ते देखते हैं।

राय ने कहा कि प्रधानमंत्री यह नहीं बताते कि क्यों यूपी में गन्ने की कीमतें 360 रुपये प्रति कुन्तल पर अटकी हुई हैं? क्यों अगल बगल के राज्यों जैसे हरियाणा में 391 रुपये प्रति कुन्तल, पंजाब में 386 रुपये प्रति कुन्तल, से भी बहुत कम क्यों हैं? प्रधानमंत्री यह भी नहीं बता पर रहे कि क्यों पिछले 3 वर्षों में खेती की बढ़ती लागत से खेती का क्षेत्रफल लगभग 4000 हेक्टेयर कम हो गया है? प्रधानमंत्री इस सवाल पर भी मौन हैं कि क्यों गन्ना किसानों का भुगतान समय से नहीं हो पा रहा है।,

अजय राय ने कहा कि पीएम मोदी अपने भाषण में सामाजिक न्याय की बात तो करते हैं लेकिन जाति जनगणना के नाम पर चुप्पी साध लेते हैं। आज प्रधानमंत्री मोदी ने बाबा साहब अम्बेडकर का ज़िक्र तो किया लेकिन इन्ही की पार्टी के सांसद और नेता संविधान बदलने की बात कह रहे हैं, जो ये दर्शाता है कि यह सिर्फ बाबा साहब अंबेडकर का नाम राजनैतिक रोटियां सेंकने के लिए इस्तेमाल करते रहें हैं। अजय राय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जिस लहजे और भाषा में राहुल गांधी एवं अखिलेश यादव के बारे में बात करते हैं वह बहुत ही सतही और सस्ती ज़बान है। यह सोचकर ही शर्म आती है कि यह भाषा हमारे देश के प्रधानमंत्री की है।

# पश्चिम से जो लहर चली वह मतदान के अंतिम चरण तक सुनामी में बदल जाएगीः बृजेश पाठक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भारतीय** जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि पहले चरण का चुनाव समाप्त हुआ है, वोटिंग के रुझान बता रहे हैं कि भारतीय जनता पार्टी प्रचंड बहुमत से एक बार फिर वापसी करने जा रही है। पाठक शुक्रवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर प्रेस वार्ता कर रहे थे। उन्होंने जनता जनार्दन को मोदी के नेतृत्व के प्रति अपना अपार समर्थन देने के लिए हृदय से आभार जताया। आज मतदान के समय जनता जनार्दन का उत्साह देखने के लायक़ था। मोदी को पुनः सेवा करने के लिए जनता ने चुन लिया है। भाजपा पहले चरण की सभी आठ सीटों को भारी अंतर से जीत रही है क्योंकि गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति का समर्थन भाजपा के पक्ष में है।

आज पश्चिम से जो लहर चली है वह मतदान के अंतिम चरण तक सुनामी में बदल जाएगी और भाजपा प्रदेश की सभी 80 सीटें जीतकर इतिहास रचेगी। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि भ्रष्टाचारी और आतताई गठबंधन को जनता जीरो पर आउट करने जा रही है। पीएम ही मैच फिनिशर हैं उन्होंने विपक्षियों का अभी से सूपड़ा साफ़ कर दिया है। सपा बसपा और कांग्रेस इस चुनाव में पूरी तरह से साफ़ हो चुकी हैं। वे जनता द्वारा नकारी जा चुकी हैं। इस बार के चुनाव में जनता ने जातिवाद की दीवारें तोड़कर सुरक्षा, सुशासन और विकास को मुद्दा बनाया और समाज को जाति, मत, मजहब के नाम पर बांटने की विपक्ष की कोशिशों को फेल करने का काम किया है। पहले चरण की पोलिंग से साफ़ है कि जनता ने देश को कांग्रेस मुक्त और प्रदेश को सपा और बसपा से मुक्त करने के लिए ईवीएम का बटन जोर से दबाया है। 2014 और 2019 की तरह फिर से पश्चिम यूपी में कमल का फूल खिलेगा और आने वाले चरणों में भाजपा को जनसमर्थन और भी पुष्ट होता जाएगा। हम 80 की 80 सीटों को जीतने में सफल रहेंगे।

# पहले चरण में ही पश्चिम की हवा ने भाजपा का कर दिया सफायाः अखिलेश

● सपा अध्यक्ष ने गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र के सिकन्दराबाद में प्रत्याशी डॉ. महेन्द्र सिंह नागर के समर्थन में जनसभा को सम्बोधित किया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ गौतमबुद्धनगर

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि पहले चरण में ही पश्चिम की हवा ने भाजपा का सफाया कर दिया है। भाजपा का पहला शो ही फ्लॉप हो गया है। भाजपा का झूठ और लूट जनता के सामने उजागर हो गया है। पिछले दस साल में इतना झूठ किसी ने नहीं बोला है। भाजपा सबसे झूठी पार्टी है। किसानों, नौजवानों, व्यापारियों सभी से झूठ बोला। भाजपा ने सभी से विश्वासघात किया है। गाजियाबाद से गाजीपुर तक जनता भाजपा का सफाया करेगी।

अखिलेश यादव शुक्रवार को गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र के सिकन्दराबाद में समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. महेन्द्र सिंह नागर के समर्थन में विशाल चुनावी जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन जनता की इच्छा पर बना है। जनता चाहती थी गठबंधन बने। गठबंधन में कांग्रेस, आम आदमी पार्टी सभी है। भाजपा ने किसानों को धोखा दिया। भाजपा सरकार ने तीन काले कानून लाकर किसानों की उपज और जमीन छीनने की साजिश रची थी। किसानों ने आंदोलन किया। भाजपा सरकार को झुकना पड़ा। तीनों कानून वापस हुए लेकिन भाजपा सरकार ने किसानों को एमएसपी का कानूनी अधिकार नहीं दिया। किसान आंदोलन में हजारों किसान शहीद हुए। भाजपा ने आंदोलनकारी किसानों को अपमानित किया।

कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही किसानों को एमएसपी का कानूनी अधिकार दिया जाएगा। भाजपा ने किसानों के साथ नौजवानों को धोखा दिया। नौकरी, रोजगार नहीं दिया। नौकरियों के लिए परीक्षाओं के जो पेपर हुए वह सब लीक हो गये। भाजपा नौकरी, रोजगार नहीं देना चाहती है। जानबूझकर पेपर लीक कराये है।

अखिलेश यादव ने कहा कि किसान और नौजवान भाजपा के खिलाफ हैं। भाजपा की सरकार जानी तय है। भाजपा सरकार ने इलेक्टोरल बांड के नाम पर भारी भ्रष्टाचार किया, पूरे देश में लूट मचाई है। इलेक्टोरल बांड की चोरी जबसे पकड़ी गयी है, भाजपा के लोग घबरा गये हैं। इलेक्टोरल बांड का नाम सुनते ही भाजपा के कई नेताओं को बेहोशी छा जाती है। वे इलेक्ट्राल पाउडर की मांग करने लगते है।

अखिलेश यादव ने कहा कि चंदा तो 5 हजार, 10 हजार रूपये दिया जाता है। 50 करोड, सौ करोड़ और एक हजार करोड़ रूपये चंदा कोई नहीं देता है लेकिन भाजपा ने हजारों करोड़ रूपये चंदा वसूली की है। भाजपा के लोग कहते थे न खायेंगे और न खाने देंगे। लेकिन अब तो ऐसा खा रहे है कि डकार भी नहीं ले रहे है। यादव ने कहा कि जर्मनी का तानाशाह हिटलर भी लोकतंत्र के माध्यम से गद्दी पर बैठा था। वोट के माध्यम से तानाशाही खत्म करने की साजिश है। लोकतंत्र को बचाना है। भाजपा के लोग झूठे हैं। झूठ के साथ-साथ लूटने का काम करते हैं। भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार के लिए नए-नए तरीके निकाले हैं।

अखिलेश यादव ने कहा कि गौतमबुद्ध नगर, नोएडा, मेरठ, सभी इतिहास बनाने जा रहे है। पहले चरण से ही हवा इंडिया गठबंधन के पक्ष में है। इसलिए एक भी वोट न बंटे सब लोग बूथों पर पहुंच कर वोट डालें। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को जितायें। इंडिया गठबंधन देश की उम्मीद है, यह देश की मिली जुली संस्कृति को आगे बढायेगा। भाईचारा मजबूत करेगा। इंडिया गठबंधन देश को आगे बढ़ायेगा।

# यूपी सहित पूरे देश में 102 सीटों पर जनता ने भाजपा को नकाराः राय

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के चेयरमैन व पूर्व मंत्री सीपी राय ने कहा कि लोकसभा चुनाव का पहले चरण का मतदान आज सम्पन्न हुआ। जिसमें उप्र की 8 सीटों सहित पूरे देश में 102 सीटों पर जनता ने भारतीय जनता पार्टी को पूरी तरह से नकार दिया है और भाजपा इस चुनाव में बुरी तरह हारने जा रही है।

राय ने कहा कि भाजपा के पिछले 10 साल के झूठे वादों की पोल खुल चुकी है। प्रधानमंत्री मोदी तथा भाजपा सरकार देश चलाने के लिए पूरी तरह से अक्षम एवं अयोग्य साबित हो चुके है। सभी मुद्दों पर सरकार फ्लाप हो चुकी है और जनता में इसको लेकर भारी निराशा हैं। जहां भ्रष्टाचार आसमान पर है वहीं देश का रूपया पाताल में हैं। महंगाई ने जहां देशवासियों की कमर तोड़ दी है तो वहीं बेरोजगारी अपने चरम पर है, जो कि पिछले 45 साल के रिकार्ड को तोड़ चुकी है।

राय ने कहा कि हर दिन देश के दो किसान एवं दो नौजवान आत्महत्या कर रहे हैं। पिछले कई सालों से किसान अपनी मांगों को लेकर तथा देश के नौकरी चाहने वाले युवा आंदोलित हैं। उन्हें रोजगार मिलने के बजाय मुकदमा, पुलिस की लाठियां तथा अश्रु गैस के गोले मिलते रहे हैं। महिलाओं के बारे में बात की जाये तो उनके प्रति प्रधानमंत्री की बड़ी-बड़ी बातें पूरी तरह से निरर्थक साबित हो चुकी है। जितनी भी परेशानियां हैं वह देश की आबादी के 85 प्रतिशत हिन्दुओं को भी हैं। उन मुद्दों पर भी ना बोलने हिन्दुओ का साथ ना देने से हिन्दुओं की ठेकेदारी का दंभ भरने वाले आरएसएस की असलियत भी सामने आ चुकी है। राय ने कहा कि पहले चरण के चुनाव में चली हुई सत्ता विरोधी लहर अंतिम चरण तक आते-आते बवंडर साबित होगी।

## बसपा ने 11 और सीटों पर घोषित किए प्रत्याशी, वाराणसी व फिरोजाबाद में उम्मीदवार बदला

**लखनऊ।** लोस चुनाव के लिए बसपा मुखिया मायावती ने प्रत्याशियों की एक और लिस्ट जारी कर दी। 11 प्रत्याशियों का नाम है। 11 प्रत्याशियों में 5 मुस्लिम समाज से हैं। मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी और फिरोजाबाद में प्रत्याशी बदल दिया गया है। वाराणसी में पहले अतहर जमाल लारी को उतारा गया था। अब यहां से सैय्यद नेयाज को टिकट दिया गया है। फिरोजाबाद से सतेंद्र जैन सोली की जगह अब चौधरी बशीर को उतारा गया है। सीतापुर से महेंद्र सिंह यादव, हरदोई से भीम राव आंबेडकर, संतकबीरनगर से मो. आलम को टिकट दिया गया है। फतेहपुर से मनीष सिंह सचान, फिरोजाबाद से चौधरी बशीर, मिश्रिख से बीआर अहिरवार को उतारा गया है। वाराणसी से अतहर जमाल लारी की जगह अब सैय्यद नेयाज को टिकट दिया है। मछलीशहर सीट से कृपाशंकर सरोज पर दांव लगाया गया है। भदोही से अतहर अंसारी, प्रयागराज की फूलपुर सीट से जगन्नाथ पाल और महाराजगंज से मो. मौसमे आलम को टिकट दिया गया है।

# प्रदेश में परिवारवाद का सफाया हो रहा है : केशव प्रसाद



**निघासन खीरी।** भाजपा बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का आयोजन निघासन के ऊषा इवेंट गार्डन किया गया।आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप यूपी डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य रहे।दोपहर लगभग सवा एक बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे मुख्य अतिथि का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।28 खीरी लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी अजय मिश्र टेनी ने मुख्य अतिथि को प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने बूथ अध्यक्षों को संबोधित करते हुए कहा मुझे विश्वास है आप सब 2014 और 2019 से ज्यादा रिकार्ड तोड़कर भारी बहुमत से चुनाव जितायेंगे। लगातार आपके कंधों पर यह जिम्मेदारी है इस लिए आपको प्रणाम करता हूं।आप कार्यकर्ता बंधु ही अपने बूथ के मोदी योगी केशव व अजय मिश्र टेनी हैं। मेरा बूथ सबसे मजबूत जब होगा तब रिकार्ड तोड वोटों से तीसरी बार मोदी सरकार बनेंगी। पहले चरण की आठ सीटों पर मतदान आज हो रहा है।आठों की आठों सीटों पर विरोधियों की जमानत जब्त होगी। इसके साथ ही भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश की 80 की 80 सीटों पर विजय प्राप्त करेगी। मोदी जी की दस साल की सरकार का यह तो ट्रेलर है। भारतीय जनता पार्टी प्रचंड बहुमत से सरकार बनाने जा रही विपक्षी बौखलाएं हुए हैं सपा अब सफा हो चुकी है। आतंकवाद नक्सलवाद, परिवारवाद का सफाया हो रहा है। इस कार्यक्रम में दर्जनों लोगों ने सपा छोड़कर भाजपा में शामिल हुए।इस दौरान जिला प्रभारी भाजपा वासुदेव मौर्य दौरान सदर विधायक योगेश वर्मा भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह लोकसभा प्रभारी अचिन मल्होत्रा, जिला संयोजक विनीत मनार, सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय,चेयरमैन बद्री प्रसाद मौर्य,जिला महामंत्री विनोद कुमार लोधी, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अमनदीप सिंह,व मंडल अध्यक्ष से लेकर बूथ अध्यक्ष तक के भाजपा के सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे?।

## खीरी पहुंचे धौरहरा लोस क्षेत्र के व्यय प्रेक्षक, ली अफसरों की बैठक, दिए निर्देश

**लखीमपुर खीरी।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर धौरहरा संसदीय क्षेत्र के लिए आयोग से नामित व्यय प्रेक्षक सुमित बेसरा ने निर्वाचन व्यय पर निगरानी रखने के लिए गठित टीमों की बैठक ली और प्रत्याशियों के व्यय पर पैनीनजर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने निष्पक्ष रहकर जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को व्यय प्रेक्षक सुमित बेसरा की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में सीडीओ/रिटर्निंग अधिकारी 29-धौरहरा संसदीय क्षेत्र अनिल कुमार सिंह ने जनपद में निर्वाचन सबंधी अबतक की गई तैयारियों के बारे में बताया। उन्होने जनपद की भौगोलिक स्थिति, मतदेय स्थलों, मतदान केंद्रों की जानकारी दी। प्रेक्षक ने प्रभारी अधिकारियों को निष्पक्ष कार्य करने के साथ आचार संहिता का पूर्ण अनुपालन करने के निर्देश दिए। व्यय प्रेक्षक ने अबतक की गई तैयारियों को संतोषजनक बताते हुए वीडियोग्राफी पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। वीडियो रिकार्डिंग को सुरक्षित रखा जाए। व्यय लेखा टीमों को निर्देश देते हुए कहा कि व्यय लेखा जोखा सुरक्षित और सुव्यवस्थित रखा जाए। प्रत्याशियों के खर्चे का मदवार रिकार्ड रखा जाए। व्यय प्रेक्षक ने प्रभारी अधिकारी (व्यय लेखा) अमित कुमार राय से उड़नदस्ता टीम के बारे में भी जानकारी ली। कहा कि टीमों को जो भी कार्य दिए गए हैं, उन्हें पूरी जिम्मेदारी के साथ के निर्वहन करें। यदि कहीं पर किसी प्रकार की दिक्कत हो तो तत्काल उच्चाधिकारी को अवगत कराया जाए। एमसीएमसी कमेटी, पेड न्यूज की निगरानी, सोशल मीडिया निगरानी टीम के बारे में भी जानकारी ली। बैठक में सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम/डिप्टी डीईओ संजय कुमार सिंह, प्रभारी अधिकारी (व्यय लेखा) अमित कुमार राय, एआरओ एसडीएम डॉ अवनीश कुमार, विनीत उपाध्याय, राजेश कुमार, 147द्दहरगांव से एआरओ एसडीएम ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी, 145द्दमहोली से एआरओ एसडीएम अभिनव यादव, प्रभारी अधिकारी (एमसीएमसी) एसडीएम रेनू मिश्र सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# ऊर्जा मंत्री मोहम्मदी में बूथ सम्मेलन को किया संबोधित, बोले अबकी बार 400 पार



**मोहम्मदी खीरी,धौरहरा।** लोकसभा प्रत्याशी रेखा अरुण वर्मा के समर्थन में मोहम्मदी नगर के एक मैरिज लाइन में ऊर्जा मंत्री एक शर्मा ने बूथ कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को किया संबोधित, बोले अटल जी की कर्मभूमि रही है मोहम्मदी ,उन्होंने कहा अबकी बार 400पार,अन्य प्रत्याशी जाति धर्म के आधार पर मांग रहे बोट,कश्मीर से धारा 370 हटाई, श्री राम मंदिर का हुआ भव्यनिर्माण, 2047 तक देश को विश्व गुरु बनाना है,भाजपा मे कार्यकर्ताविधायक,मंत्री ,प्रधान मंत्री और राष्ट्रपति बनता है,मोहम्मदी में आठ विद्युतउपकेंद्र बने बिजली की समस्या में हुआ व्यापक सुधार भाजपा प्रत्याशी को जिताने की की अपील कार्यक्रम मे भाजपा प्रत्याशी और सांसद रेखा और वर्मा ने बूथ सम्मेलन में सभी कार्यकर्ताओं को पदाधिकारी से अपने लिए वोट की अपील की और कहां जाने अनजाने मुझे कोई भूल हुई हो तो उसके लिए क्षमा चाहती हूं आपका सहयोग हमेशा हमारे साथ रहा है और इस बार भी रहेगा स्थानीय विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह मैं भूत सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आज जो कुछ हूं मैं वह संगठन के बल पर हूं उसे अध्यक्ष से लेकर संगठन के जिला अध्यक्ष के पद से लेकर प्रदेश के संगठन में भी काम किया है संगठन पार्टी की रेल की हड्डी होती है सभी लोग जी जान से लोकसभा प्रत्याशी को जगाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा ने ऊर्जा मंत्री को केतकी का फूल भेंट किया कार्यक्रम में सहित संगठन के पदाधिकारी रहे मौजूद कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख महेंद्र बाजपेई जिला महामंत्री ज्योर्तिमय् बरतरिया, नगर अध्यक्ष संजय चतुर्वेदी, पूर्व नगर अध्यक्ष सौरभ गुप्ता सुशील त्रिवेदी राम जी रस्तोगी मंडल अध्यक्ष योगेश सिंह हित सभी मंडल अध्यक्ष सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लोस चुनाव के संचालन के लिए पदाधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

### बूथ स्तर पर अपनी पकड़ मजबूत करें कार्यकर्ता : अखिलेश



**फ्तेहपुर।** आगामी लोकसभा चुनाव में हरसंभव गठबंधन प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित कराने हेतु ज्वालागंज स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपस्थित लोकसभा कोऑर्डिनेटर अखिलेश शुक्ल ने बताते हुए कहा कि प्रदेश की मंशानुरूप सभी कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारियों का भरपूर निर्वहन करते हुए बूथ स्तर तक अपनी पकड़ मजबूत करें। जरूरत पड़ने पर प्रदेश से लेकर जिला स्तर के सभी नेता उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे। शहर अध्यक्ष आरिफ गुड्डा ने कहा कि इस बार के चुनाव में हम कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। जनता हमारे साथ है। बस हमे उन तक पहुंचना है। बैठक में जिलाध्यक्ष बीरेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि सभी विधानसभाओं में नियुक्त प्रभारी अपने ब्लॉक प्रभारियों के साथ हर गांव का दौरा करेंगे। साथ ही हर बूथ के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशों का पालन कराएंगे। इसी के साथ संगठन के बाबत जानकारी देते हुए कहा कि हर कर्मठ कार्यकर्ता को कार्य के अनुरूप पद से नवाजा गया है परंतु भूल बस अगर कोई छूट गया है तो उसे आगे समायोजित किया जाएगा। बैठक में शामिल वरिष्ठ नेता डा. निर्मल तिवारी, सुधाकर अवस्थी, शेख एजाज, सईद चच्चा, राजन तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष अल्प संख्यक मिस्बाहुल, लोकसभा कोऑर्डिनेटर मिडिया डीपी दुबे, हुसैनगंज विधानसभा प्रभारी शिवाकांत तिवारी आदि ने भी चुनाव को सफ्ल बनाने की प्रतिज्ञा की।

## जीरो वेस्ट इवेंट के साथ गोष्ठी में मतदाताओ को किया जागरूक

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** शासन के निर्देश पर ज़िलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेशानुसार नगर के मोहल्ला गांधी नगर वार्ड संख्या 04 पटेल नगर में पालिका टीम द्वारा भ्रमण कर नागरिकों को मतदान करने हेतु प्रोत्साहित किया गया एवं गोष्ठी आयोजित कर जीरो वेस्ट इवेंन्ट के लिये प्रोत्साहित करते हुये मतदान करने की अपील की गई। शुक्रवार को नगर पालिका के वार्ड संख्या 04 पटेलनगर में आयोजित गोष्ठी में अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित नें नागरिकों को सफ़ाई व्यवस्था में सहयोग देने तथा गीला एवं सूखा कूड़ा अलग अलग प्रदान किए जाने हेतु प्रोत्साहित करते हुये कहा कि कचरे को रिसाईकल करके खाद सहित अन्य कार्यों में प्रयुक्त किया जायेगा। इसके बाद उन्होनें मौजूद नागरिकों को मतदान का महत्व बताते हुये चुनाव पर्व 13 मई को मतदान करनें के लिये प्रेरित करते हुये कहा कि आपके द्वारा चुना गया जनप्रतिनिधि सदन में आपकी समस्याओ को उठाकर निस्तारित करानें का कार्य करेगा।

# भाजपा ने सर्वसमाज को सम्मान दिया : पाठक

### ●उप मुख्यमंत्री नें बूथ सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को किया प्रेरित




**कन्नौज।** लोक सभा चुनाव 2024 में विजय श्री हासिल करनें को लेकर आज भाजपा जिला संगठन द्वारा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया की अध्यक्षता में विधान सभा कन्नौज का बूथ अध्यक्ष सम्मेलन होटल एमजे पैलेस में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक उपस्थित रहे। वही मंच पर सांसद सुब्रत पाठक, मंत्री असीम अरुण, विधायक कैलाश राजपूत, लोकसभा संयोजक नरेंद्र राजपूत, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संजू कटियार ,ब्लॉक प्रमुख तालग्राम दिनेश यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य उपस्थित रहे।
सम्मेलन में बूथ अध्यक्ष को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा की चुनाव मोदी भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध लड़ रहे हैं समाजवादी पार्टी ने जाति के नाम पर यादवों का वोट तो लिया पर उनके उत्थान के लिए कुछ नहीं किया न उनको उचित सम्मान नही दिया। बीजेपी हर समाज की पार्टी है और बीजेपी ने समाज के हर वर्ग को सम्मान दिया है। कहा कि अगर सुब्रत को जिताएंगे तो मोदी जी पीएम बनेंगे और भारत का झंडा विश्व पटल पर लहराएगा। वही सांसद सुब्रत पाठक ने कहा कि मोदी की हार का सपना देखने वाले राम मंदिर के विरोधी हैं। राष्ट्रवादी राजनिति करने वाले माफ्यिा के दरवाजे पर नहीं जाते। वहीं रामलाला के मंदिर का निमंत्रण ठुकराने वाले राष्ट्र प्रेमी नही हो सकते है। वहीं मंत्री असीम अरुण ने बाबा साहब के नाम पर पुन: मेडिकल कॉलेज का होने पर योगी का धन्यवाद किया, वही बाबा साहब के नाम पर बने मेडिकल कॉलेज का नाम बदलने पर समाजवादी पार्टी को कोसा और कहा कि बाबा साहब का सम्मान नही करते वो दलित, पिछड़ों का क्या सम्मान करेंगे। वही विधायक कैलाश राजपूत व जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने बूथ प्रमुखों को जीत के मंत्र बताए और कहा की बूथ जीते तो चुनाव जीता और कहा कि इस बार सुब्रत पाठक 2.5 लाख मतों से जीतेगे। वही कार्यक्रम में कन्नौज विधानसभा के समस्त बूथ प्रमुख सहित पार्टी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सीओ ने अर्दली रूम का किया निरीक्षण

**खागा (फ्तेहपुर)।** सीओ बृजमोहन राय ने कोतवाली में अर्दली रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान कुछ लोगों को शाबासी तो कुछ को लंबित विवेचनाओं को शीघ्र पूरा करने का सख्त निर्देश दिया। क्षेत्राधिकारी ने शासन की जनसुनवाई व शिकायत प्रकोष्ठ से प्राप्त प्रार्थना पत्रों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण व मुकदमों की विवेचना को समयावधि में पूर्ण करने को कहा। उन्होंने अपराधियों के खिलाफकड़ी कार्रवाई और फ्रियादियों के साथ अच्छा व्यवहार करने व समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आदेश दिया।इस अवसर पर कोतवाली प्रभारी तेज बहादुर सिंह चंदेल, सुल्तानपुर घोष थाना प्रभारी राजेंद्र त्रिपाठी व किशनपुर थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह, एसआई सत्य प्रकाश पाठक, एसआई विवेक यादव, उमेन्द्र सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

## खड़े ट्रक से टकराई बाइक, दो युवक घायल

**फ्तेहपुर।** थरियांव थाना क्षेत्र के हाईवे महिचा मंदिर के समीप बाइक सवार की बाइक अनियंत्रित होकर ट्रक से टकरा गई जिसे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पहुंची 108 एंबुलेंस घायल अवस्था में दोनों युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर उनका इलाज कर रहे हैं।जानकारी के अनुसार बरई बुजुर्ग गांव निवासी राजू पुत्र मंगल सिंह 32 वर्षीय श्यामू पुत्र मंगल सिंह बाइक पर सवार होकर शादी समारोह से वापस घर आ रहे थे। जब वह थरियांव थाना क्षेत्र के महिचा मंदिर के समीप पहुंचा तभी उसकी बाइक अनियंत्रित होकर खड़े ट्रक से टक्करा गई। जिससे बाइक सवार दोनो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने सूचना 108 एंबुलेंस को दी मौके पर पहुंचीएंबुलेंस घायल अवस्था में मरीज को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। 108 एंबुलेंस कर्मचारी रामानंद ने बताया कि रामू शादी समारोह से वापस घर जा रहे थे।

## बस की टक्कर से कार सवार दंपति घायल

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** बीती देर रात अनियंत्रित गति से आ रही रोडवेज बस की टक्कर लगने से कार सवार दंपत्ति गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें इलाज के लिए कोतवाली पुलिस द्वारा अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पड़ोसी जनपद हरदोई के थाना अलवर के ग्राम बानामऊ निवासी बदन सिंह पुत्र जदुवीर सिंह द्वारा कोतवाली में दर्ज कराये गये मुकदमें में कहा गया है कि गुरूवार की देरशाम वह कार पर सवार होकर अपनी पत्नी पुष्पा के साथ रिश्तेदारी से वापस लौट रहे थे। जैसे ही रामाश्रम स्थित बुलबुल पेट्रोल पंप के सामने पहुंचे तभी अनियंत्रित गति से आ रही रोडवेज बस के अज्ञात चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह एवं उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गये।

## चोरों के गैंग का पर्दाफाश, पांच गिरफ्तार

**फ्तेहपुर।** जहानाबाद थाना पुलिस ने कस्बे में ज्वैलर्स की दुकान में हुई टप्पेबाजी की घटना में वांछित दो महिलाओं समेत पांच अभियुक्तों को शुक्रवार की सुबह पुष्पा देवी स्कूल के सामने मैदान से मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया। सभी के खिलाफसुसंगत धाराओं में कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया। बताते चलें कि जहानाबाद कस्बा निवासी मनोज कुमार ने थाने में तहरीर देकर बताया कि 10 अप्रैल को कस्बा स्थित उनके प्रतिष्ठान मुरली ज्वैलर्स में टप्पेबाजी कर चोरी की गई थी। सूचना के आधार पर थाने में मुकदमा पंजीकृत कर चोरों की पुलिस ने तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पुष्पा देवी स्कूल के सामने मैदान से दो महिलाओं समेत पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपने नाम ऋषि शुक्ला पुत्र विष्णु शुक्ला, शिवम दुबे पुत्र रामदत्त दुबे, छुन्ना तिवारी उर्फउमा तिवारी पत्नी रतीन्द्र तिवारीनिवासीगण नया पुरवा थाना बेनीगंज जनपद हरदोई, शोभित दुबे पुत्र राकेश दुबे, ऊषा दुबे पत्नी राकेश दुबे निवासीगण भगवंत नगर थाना मल्लावां जनपद हरदोई बताया।

# धौरहरा से दो प्रत्याशियों ने दाखिल किया नामांकन

**लखीमपुर खीरी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए चतुर्थ चरण में खीरी व धौरहरा संसदीय सीट के लिए चल रही नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन शुक्रवार को 29द्द धौरहरा संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नरसिंह और पॉलिटिकल जस्टिस पार्टी से राजेश कुमार ने रिटर्निंग ऑफिसर सीडीओ अनिल कुमार सिंह के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। वही 04 अभ्यर्थियों ने सात सेट नामांकन सेट प्राप्त किया। 28द्दखीरी संसदीय क्षेत्र के लिए कोई भी नामांकन दाखिल नहीं हुआ। वही चार व्यक्तियों ने सात सेट नामांकन पत्र प्राप्त किए। बताते चले कि नामांकन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कलेक्ट्रेट में भारी पुलिस बल तैनात रहा। सुबह 11 बजे से तीन बजे तक प्रक्रिया चली। निर्वाचन आयोग ने नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए सामान्य वर्ग के प्रत्याशी के लिए 25 हजार रुपये और अनुसूचित जाति, जनजाति के प्रत्याशी के लिए साढ़े 12 हजार रुपये जमानत राशि रखी है।

# निर्वाचन व्यय के अनुवीक्षण निर्वाचन व्यय तंत्र को और सजगता से कार्य करना जरूरी




**कानपुर देहात।** व्यय प्रेक्षक, इटावा (सिकंदरा लोक सभा क्षेत्र) राजीव थामपुला एवं व्यय प्रेक्षक, कन्नौज(रसूलाबाद लोक सभा क्षेत्र) नन्था कुमार एस द्वारा आज उप जिला निर्वाचन अधिकारी/ अपर जिलाधिकारी(प्रशासन) अमित कुमार एवं अपर जिलाधिकारी (वि/रा) केशवनाथ गुप्त की उपस्थिति में मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष में व्यय अनुवीक्षण समिति के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों को जानकारी देते हुए बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में अभ्यर्थियों द्वारा किए जाने वाले दैनिक निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण हेतु नामित अधिकारियों को व्यय अनुवीक्षण हेतु प्रशिक्षण पूर्व में ही दिया जा चुका है, इसके अतिरिक्त व्यय प्रेक्षक द्वारा सभी को अपनी भूमिका एवं उनको प्रेषित की जाने वाली नियमित रिपोर्ट के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान सहायक व्यय प्रेक्षक एवं उनकी भूमिका के संबंध में भी विस्तार से चर्चा करते हुए वीडियो निगरानी टीमों द्वारा बरती जाने वाली सावधानियां सहित वीडियो अवलोकन टीम द्वारा व्यय परीक्षण किए जाने हेतु भरे जाने वाले प्रपत्र एवं विभिन्न प्रकार से किए जाने वाले प्रचार-प्रसार का ब्यौरा रखे जाने हेतु भरे जाने वाले पत्रों के बारे में जानकारी दी गई जिसके उपरांत लेखा टीम द्वारा उन रिपोर्ट के आधार पर किए जाने वाले व्यय को किस प्रकार संबंधित अभ्यर्थी व राजनीतिक दलों के खाते में बांटा जाएगा इस संबंध में विस्तार में चर्चा करते हुए प्रश्नोत्तरी भी किया गया। बैठक में मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति द्वारा पेड न्यूज़ व सोशल मीडिया के अंतर्गत प्रत्याशियों के सोशल एकाउंट पर तीक्ष्ण नज़र बनाये रखने, आदि के संबंध में व पेड न्यूज़ किस प्रकार के विज्ञापन तथा न्यूज़ को कहा जाए के संबंध में भी विस्तार से चर्चा की गई।

# निजी अस्पताल में जच्चा-बच्चा की मौत में उलझी गुत्थी

### पिता ने अस्पताल प्रशासन पर जिंदा बच्चे को मृत बच्चे से बदलने का मढ़ा आरोप

**फ्तेहपुर।** शहर के नऊवाबाग स्थित नर्सिंग होम में तीन दिन पूर्व आपरेशन के दौरान बच्चे को जन्म देने के बाद जच्चा की हालत बिगड़ गई। जिस पर उसे कानपुर के लिए रेफ्र कर दिया। जिसकी रास्ते में मौत हो गई। मृतका के परिजनों ने हंगामा काटा। परिजनों को तीन दिन बाद सदर चौकी में मरा हुआ बच्चा सौंपा गया जिस पर पिता का कहना है कि वह उसका बच्चा नहीं है और उसके जीवित बच्चे को गायब कर दिया है। बताते चलें कि सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के चकअब्दुल्लापुर गांव निवासी पितांबर की पत्नी उर्मिला को 16 अप्रैल की रात प्रसव के लिए शहर के नऊवाबाग स्थित मदर केयर नर्सिंग होम लाया गया जहां डाक्टर ने आपरेशन किया। महिला ने एक बच्चे को जन्म दिया और कुछ ही देर बाद उसकी हालत बिगड़ गई। जिस पर डाक्टर ने उसे कानपुर रेफ्र कर दिया। परिजन महिला को लेकर कानपुर जा रहे थे तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। परिजन उसे जिला चिकित्सालय लाए। जहां चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। आज दिन में लगभग एक बजे एक कागज के डिब्बे में मरे हुए बच्चे को सदर अस्पताल लाकर पुलिस को सौंपा गया। चौकी में मौजूद मृतका के पति का कहना है कि यह उसका बच्चा नहीं है। जन्म के बाद उसने बच्चे को नहीं देखा है। उसकी पत्नी ने जीवित बच्चे को जन्म दिया था डाक्टर ने बच्चे को बदल दिया है। कोतवाली प्रभारी राजेंद्र सिंह का कहना है कि मामले की तहकीकात की जा रही है। सच्चाई सामने आने पर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

## विद्यालयों में आयोजित हुई मेंहदी प्रतियोगिता

**फ्तेहपुर।** स्वीप प्रभारी/मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना के निर्देशानुसार बेसिक शिक्षा विभाग अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालयों, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में कक्षा 6 से 8 तक अध्यनरत बालिकाओं द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन कर मतदाताओं को 20 मई को मतदान करने हेतु जागरूक किया गया। विद्यालयों में मतदाता जागरूकता अंतर्गत आकर्षक ग्रीटिंग कार्ड विद्यालयों में बनवाये गए तदोपरांत उन्हें अभिवावकों को देकर 20 मई को मतदान हेतु संकल्प दिलाया गया।

## नाबालिक पुत्री से किया दुराचार,बनाया वीडियो,दो के खिलाफ पास्को में केस दर्ज

**फर्रुखाबाद ।** ई-रिक्शा चालक की नाबालिक पुत्री के साथ दुष्कर्म करने के दौरान उसका वीडियो बनाकर वायरल करनें की धमकी दी जा रही है। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस नें दो के खिलाफमुकदमा दर्ज किया।थाना कादरी गेट के एक मोहगा निवासी ई-रिक्शा चालक नें मुकदमा दर्ज कराया । जिसमे कहा कि उसकी 14 वर्षीय पुत्री को आरोपी नन्ही पत्नी सुभाष बाथम निवासी सोरा कोठी मन्नीगंज व सुधीर वर्मा बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गये । सुभाष वर्मा नें अपने गाम अमेठी निवासी अपने बहनोई के मकान में ले जाकर सुधीर वर्मा नें उसके साथ दुष्कर्म किया और नन्ही नें उसका निर्वस्त्र का वीडियो बनाया। जिसके बाद उसे घर छोड़ गये। आरोपी दोबारा फ्रि से उसे अपने साथ ले जानें की धमकी दे रहे है।

# लू पर स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया अलर्ट



लखीमपुर खीरी। अप्रैल के महीने में तापमान में बढ़ौतरी बाद स्वास्थ्य विभाग ने हीटवेव (लू) को लेकर अलर्ट दिशा निर्देश जारी किए हैं। जिससे आमजन मानस को हीट वेव (लू) से बचाया जा सके। हीट वेव के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए सीएमओ डॉ संतोष कुमार गुप्ता द्वारा एडवाइजरी जारी की गई है। उन्होंने बताया है कि तीन महीने अप्रैल, मई व जून में लू का मौसम रहता है जिसके चलते बीमारियों से बचाव में नियंत्रण के स्वास्थ्य विभाग उपाय भी जारी कर रहा है। मरीजों की संख्या में बढ़ावा होने पर स्टाफ को सक्रिय रहने व विपरीत परिस्थितियों में तत्काल राहत देने के लिए प्रशिक्षित किया गया है। आगे उन्होंने बताया कि अत्यधिक गर्मी और उमस बेहद असुविधाजनक हो सकती है और विशेष रूप से शिशुओं, बच्चों, गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों के लिए गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा कर सकती है। उचित सावधानी के बिना, अत्यधिक गर्मी से हीट स्ट्रोक और इससे भी बदतर, मृत्यु हो सकती है। जलवायु परिवर्तन के परिणामस्वरूप, गर्मी की लहरें लंबी, अधिक लगातार और अधिक गंभीर होती जाती हैं। ऐसे में जरूरी है कि हम सावधान रहें। बताया कि लू (हीट-वेव) के दृष्टिगत जनपद एवं ब्लॉक स्तर पर इलाज की समुचित व्यवस्था के लिए ओआरएस एवं आईवी फ्ल्यूड आदि का पर्याप्त स्टॉक करा दिया गया है। मानव संसाधन को भी अलर्ट कर दिया गया है। ग्रामीण एवं शहरी स्वास्थ्य केन्द्रों पर आवश्यक दवाओं की आपूर्ति सुनिश्चित करा दी गई है। माह अप्रैल, मई व जून लू (हीट-वेव) के प्रकोप के माह माने गये हैं। जनपद में अभी तक कोई अप्रिय घटना रिपोर्ट नहीं हुई है।

***ऐसे करें बचाव***

अधिक से अधिक पानी पिएं, पसीना सोखने वाले व हल्के रंग के वस्त्र पहनें। धूप मे निकलते समय चश्मे छाते व चप्पलों का प्रयोग करें। खुले मे कार्य करते हैं तो चेहरा, हांथ पैरों को गीले कपड़े से ढके रहें यदि सम्भव हो तो छाते का प्रयोग करें। सम्भव हो तो पूर्वाहन 11ः00 बजे से 04ः00 बजे के मध्य धूप मे निकलने से बचें। घर मे बने पेय पदार्थ लस्सी, नींबू पानी एवं छाछ इत्यादि का प्रयोग करें। पेट में मरोड़, घमोरियां, शरीर में कमजोरी, चक्कर आना, सिर में तेज दर्द, उबकाई जैसे लक्षण सामने आए तो नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर जाकर चिकित्सीय सलाह लें।

## चार बच्चों की मां प्रेमी के साथ चंपत

**मौदहा( हमीरपुर )।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी चार बच्चों की मां अपने प्रेमी के साथ चम्पत जाने पर ससुर ने क्षेत्राअधिकारी की चौखट पर पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र के इचौली गांव निवासी प्रहलाद प्रजापति ने क्षेत्राधिकार श्रेय त्रिपाठी को तेरी सौंपते हुए बताया कि उसकी बहू एक लड़का और तीन बच्चियों की मां है जो प्रेमी के साथ गुरुवार को घर में रखी नगदी और जेवरात लेकर नौ दो ग्यारह हो गई। जिसके छोटे-छोटे बच्चेअसहज महसूस कर रहे हैं पीड़ित ने यह भी बताया है उसका लड़का बिजली विभाग में संविदा कर्मी के पद पर कार्य कर रहा था जिसका एक्सीडेंट हो जाने पर विभाग की ओर से आर्थिक क्षति पूर्ति का मुआवजा मिला हुआ था जिसका पैसा स्टेट बैंक और आर्यावर्त बैंक में बहू के नाम जमा है उस पैसे संचालन पर रोक लगाते हुए और प्रेमी और बहू के साथ कड़ी कार्यवाही करने की जोरदार मांग की है।

# इंडिया गठबंधन में भाजपा के लगे पिलर चुनाव से पहले बिखरे: विश्वनाथ पाल

### विस में अनेक दलों के साथ मिलकर भी सपा नहीं कर सकी कमाल



**फ्तेहपुर।** लोकसभा प्रत्याशी की घोषणा करने आए बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने डा. मनीष सचान को अधिकारिक रूप से फ्तेहपुर लोकसभा सीट से प्रत्याशी घोषित किया। इस दौरान उन्होने विरोधियों पर जमकर निशाना साधा। उन्होने इंडिया गठबंधन की अगुवाई कर रही कांग्रेस की चुटकी लेते हुए कहा कि जिसके पास प्रदेश में दो परसेंट वोट शेयर है और एक लोकसभा सीट है वह इंडिया गठबंधन की अगुवाई कर रहे हैं। वीआईपी रोड स्थित एक गार्डेन में बहुजन समाज पार्टी का एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने शिरकत करते हुए कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए भाजपा सरकार पर जहां जमकर निशाना साधा वहीं कांग्रेस व समाजवादी पार्टी पर जमकर प्रहार किया। इंडिया गठबंधन पर कटाक्ष करते हुए बसपा प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव में विपक्ष द्वारा बनाया गया इंडिया गठबंधन भाजपा के भेजे गये समूह थे। चुनाव से पहले ही गठबंधन के अगुवा व जेडीयू अध्यक्ष नितीश व त्रमूल कांग्रेस गठबंधन से अलग हो चुके हैं। इंडिया व पीडीए समेत सभी गठबंधन को जनता ध्वस्त करते हुए सर्व समाज के बनाये हुए गठबंधन के दम पर लोकसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी जीत हासिल करने का काम करेगी। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के पास प्रदेश में मात्र एक एमपी है, सपा के पास 07 या 08 प्रतिशत वोट है जबकि बसपा अकेले 25 प्रतिशत वोट बैंक का समूह है।

## मार्ग दुर्घटना में सात घायल,अस्पताल मे भर्ती

**राठ(हमीरपुर)।** क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर हुई मार्ग दुर्घटना में सात लोग बाइक से गिरकर घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया है। मझगवां थाने के जराखर गांव निवासी विजय पुत्र महेश बाइक से रामरतन पुत्र रामस्वरूप के साथ राठ आ रहा था। तभी रास्ते में संतुलन बिगड़ जाने पर वह दोनों बाइक से गिरकर घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया है। वहीं कुम्हारिया गांव निवासी दयाशंकर, पड़रा गांव निवासी भानु प्रताप , मुस्करा थाने के बिहूंनी निवासी हरीराम पुत्र गनपत, जरिया थाने के अमूंद गांव निवासी राकेश पुत्र रघुनाथ, कस्बे के बुधौलियाना मोहल्ला निवासी विजय पुत्र बिहारीलाल मार्ग दुर्घटना में घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

## महुआ बीन रही महिला की बाइक की टक्कर से मृत्यु

**राठ(हमीरपुर)** खेत के किनारे महुआ बीन रही वृद्धा को तेज रफ्तार बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। घायल को सीएचसी ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। जरिया थाने के खेड़ा शिलाजीत गांव निवासी कढ़ोरा कुशवाहा अपनी 65 वर्षीय पत्नी कमली रानी के साथ खेत पर बने नलकूप पर ही रहते हैं। कमली रानी शुक्रवार सुबह छह बजे खेत किनारे महुआ बीन रही थी। तभी रफ्तार बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी।

## दसवीं के छात्र की तालाब में डूबकर मौत

**राठ(हमीरपुर)** कोतवाली के बिलरख गांव में मौसी के घर शादी में आए दसवीं के छात्र की तालाब में डूबकर मौत हो गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जनपद महोबा के महोबकंठ थाना क्षेत्र के अंतर्गत रजोनि गांव निवासी हिमांशु (15) कोतवाली के बिलरख गांव निवासी मौसी हरसुधा पत्नी कल्लू के पुत्र सागर की शादी में शामिल होने के लिए अपनी मां के साथ आया था।

# नामांकन पत्रों पर विचार करने लगे तो अराजकता पैदा हो जाएगी: कोर्ट

**भाषा।** नई दिल्ली



**उच्चतम न्यायालय** ने शुक्रवार को एक याचिका खारिज करते हुए कहा कि अगर शीर्ष अदालत नामांकन पत्रों की अस्वीकृति के खिलाफ याचिकाओं पर विचार करना शुरू कर देती है तो अराजकता पैदा हो जाएगी। शीर्ष अदालत की एक पीठ ने बिहार के एक व्यक्ति की याचिका खारिज कर दी, जो निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में लोकसभा चुनाव लड़ने का इरादा रखता था, लेकिन उसका नामांकन पत्र खारिज कर दिया गया था। पीठ ने कहा कि इसका समाधान नामांकन पत्रों की ऐसी अस्वीकृति के खिलाफ चुनाव याचिका दायर करने में है, न कि शिकायत के साथ शीर्ष अदालत पहुंचने में। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला की पीठ ने कहा, अगर हम नामांकन पत्रों की अस्वीकृति के खिलाफ संविधान के तहत अनुच्छेद 32 के तहत याचिकाओं पर विचार करना शुरू कर देंगे तो अराजकता पैदा हो जाएगी। हालांकि, पीठ ने जवाहर कुमार झा की तरफ से पेश वकील अलख आलोक श्रीवास्तव को उचित कानूनी उपाय का सहारा लेने की अनुमति दे दी। लोकसभा चुनाव के लिए बांका सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में झा का नामांकन पत्र निर्वाचन अधिकारी (आरओ) ने खारिज कर दिया था। सुनवाई के दौरान प्रधान न्यायाधीश ने कहा, अगर हम नोटिस जारी करते हैं और मामले की सुनवाई करते हैं, तब तक यह चुनाव बीत जाएगा। आपको चुनाव कानून के नियम का पालन करना होगा। हम नामांकन पत्र की अस्वीकृति के खिलाफ याचिका पर विचार करने के इच्छुक नहीं हैं। याचिकाकर्ता कानून के तहत उपलब्ध उपचार का सहारा ले सकता है। अपनी याचिका में झा ने नामांकन पत्र को खारिज करने में निर्वाचन अधिकारियों द्वारा विवेक के मनमाने और दुर्भावनापूर्ण इस्तेमाल पर नियंत्रण लगाने के लिए निर्वाचन आयोग को निर्देश देने का अनुरोध किया था। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 36 निर्वाचन अधिकारी द्वारा नामांकन पत्रों की जांच से संबंधित है और इसकी उपधारा-चार कहती है, निर्वाचन अधिकारी बिना किसी ठोस वजह के किसी भी नामांकन पत्र को अस्वीकार नहीं करेगा। झा ने अपने नामांकन पत्र की अस्वीकृति के खिलाफ सीधे शीर्ष अदालत का रुख किया था। झा ने अपनी याचिका में जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 36(4) की त्रुटि को परिभाषित करने के लिए निर्देश का अनुरोध किया। याचिकाकर्ता ने कहा कि किसी विशिष्ट परिभाषा के अभाव में, निर्वाचन अधिकारी अक्सर विभिन्न उम्मीदवारों के नामांकन पत्रों को पूरी तरह से मनमाने और एकतरफा तरीके से खारिज कर देते हैं। याचिकाकर्ता ने देश भर के आरओ को यह निर्देश देने का भी अनुरोध किया था कि चुनाव नामांकन पत्रों में चिह्नित प्रत्एक त्रुटि को ठीक करने के लिए प्रत्एक उम्मीदवार को कम से कम एक दिन का उचित अवसर अनिवार्य रूप से प्रदान किया जाए। बांका संसदीय क्षेत्र के लिए 26 अप्रैल को मतदान होगा।

### पत्र खारिज करने के खिलाफ याचिकाओं पर न्यायालय की टिप्पणी

# अदालत ने राजनीतिक दलों को विवेकानंद रेड्डी की हत्या पर टिप्पणियां करने से रोका

**भाषा।** अमरावती

आंध्र प्रदेश में कडप्पा शहर की एक अदालत ने राजनीतिक दलों को पूर्व मंत्री विवेकानंद रेड्डी की हत्या को वाईएसआर कांग्रेस तथा उसके नेताओं से जोड़ते हुए अपमानजनक टिप्पणियां करने से 30 अप्रैल तक रोक दिया है। कडप्पा की प्रधान जिला न्यायाधीश जी श्रीदेवी ने वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के एक स्थानीय नेता की याचिका पर 16 अप्रैल को यह अंतरिम आदेश दिया था। अदालत ने आंध्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रमुख वाई एस शर्मिला, रिश्ते में उनकी बहन सुनीता, तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू, जनसेना प्रमुख पवन कल्याण, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की आंध्र प्रदेश इकाई की अध्यक्ष डी. पुरंदेश्वरी तथा इन राजनीतिक दलों के समर्थकों को मुख्यमंत्री वाई एस जगनमोहन रेड्डी तथा वाईएसआरसीपी के कडप्पा लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार वाई एस अविनाश रेड्डी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां न करने का निर्देश दिया। पूर्व मुख्यमंत्री वाई एस राजशेखर रेड्डी के छोटे भाई विवेकानंद रेड्डी की मार्च 2019 में कडप्पा जिले के पुलिवेंदुला में उनके आवास में हत्या कर दी गई थी। कडप्पा लोकसभा सीट से मौजूदा सांसद वाई एस अविनाश रेड्डी इस मामले के आरोपियों में से एक हैं। अदालत ने कहा, इस अदालत की राय है कि जब कोई मामला सक्षम अदालत के समक्ष विचाराधीन है तो किसी को भी अदालत में हस्तक्षेप करने और अपना फैसला सुनाने का अधिकार नहीं है। विवेकानंद रेड्डी की हत्या का मामला आंध्र प्रदेश में चुनाव प्रचार का एक मुद्दा बन गया है। शर्मिला, चंद्रबाबू नायडू, पवन कल्याण और अन्य नेताओं ने इस मुद्दे को उठाया और कई मौकों पर इस हत्या के तार जगनमोहन रेड्डी से जोड़ते हुए वाईएसआरसीपी पर निशाना साधा है।

## लोकतंत्र पर्व : दिग्गजों ने डाले वोट



अपने लोक सभा क्षेत्रों में वोट डालते मोहन भागवत, नितिन गडकरी, केंद्रीय मंत्री किरन रिजिजू, मेघवाल, बाबा रामदेव, बालकृष्ण, मुख्तार अब्बास नकवी व रजनीकांत

## वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के प्रचार अभियान से संबंधित वाहन दुर्घटनाग्रस्त, नाबालिग की मौत

**भाषा।** राजम

**आंध्र प्रदेश** के राजम में युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के विधानसभा उम्मीदवार का एक प्रचार वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे नौ वर्षीय एक लड़के की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी के मुताबिक यह दुर्घटना बृहस्पतिवार रात लगभग आठ बजे हुई जब बिस्कुट खरीदने आए नाबालिग लड़के को राजम (आरक्षित) विधानसभा सीट से वाईएसआरसीपी उम्मीदवार टी राजेश के वाहन ने टक्कर मार दी। पुलिस अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, गाड़ी में प्रत्याशी मौजूद नहीं थे और प्रचार के बाद जब चालक गाड़ी के टायर में हवा भराने के लिए ले गया तभी यह हादसा हुआ। लड़का अचानक दौड़ता हुआ वाहन के करीब आ गया...। पुलिस ने वाहन के चालक एम सुधीर (21) को गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना के संबंध में भारतीय दंड संहिता की धारा 304 ए के तहत मामला दर्ज किया गया और पोस्टमॉर्टम पूरा करने के बाद लड़के का शव उसके परिवार को सौंप दिया गया।

## ओटीटी मंचों पर प्रतिबंध के लिए याचिका : कोर्ट ने याचिकाकर्ता से सरकार के पास जाने को कहा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने ओवर-द-टॉप (ओटीटी) मंचों पर प्रतिबंध लगाए जाने का अनुरोध करने वाले याचिककर्ता से शुक्रवार को कहा कि वह इस संबंध में सरकार के समक्ष अभ्यावेदन दे। याचिकाकर्ता का दावा है कि ओटीटी मंचों पर नग्नता और अनुचित दृश्य दिखाए जाते हैं। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ से कहा कि याचिका में यह सवाल उठाया गया है कि क्या ओटीटी मंचों को बिना किसी रोक के ऐसी सामग्री प्रसारित करने या दिखाने की अनुमति दी जा सकती है जो सभी उम्र के दर्शकों के लिए उपयुक्त नहीं है। वकील ने आरोप लगाया कि ओटीटी मंचों पर नग्नता दर्शाने वाले अनुचित दृश्य दिखाए जा रहे हैं। पीठ ने याचिकाकर्ता से कहा, सेंसर बोर्ड के पास जाएं। उसने कहा, आप दर्शक संबंधी नियंत्रण पर कुछ दिशानिर्देश चाहते हैं? आप सरकार को अभ्यावेदन दें। इसके बाद याचिकाकर्ता के वकील ने इस मुद्दे पर सरकार के पास जाने की छूट दिए जाने के साथ याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता को सरकार को अभ्यावेदन देने की छूट देते हुए याचिका वापस लेने की अनुमति दी। जब पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील से कहा कि याचिका में एक फिल्म पर सवाल उठाया गया है, तो वकील ने कहा कि मामला ओटीटी मंचों पर दिखाई जाने वाली नग्नता के बारे में है।

## निषेधाज्ञा आदेशों को रद्द करने का अनुरोध करने वाली याचिका पर सुनवाई के लिए सहमत

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** उस याचिका पर सुनवाई करने के लिए शुक्रवार को सहमत हो गया जिसमें सिर्फ चुनाव होने के आधार पर, दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत जारी किए गए निषेधाज्ञा आदेशों को रद्द करने का अनुरोध किया गया है। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने यह निर्देश भी दिया कि सक्षम प्राधिकार चुनावों के बारे में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से यात्रा या जन सभाएं आयोजित करने के लिए अनुमति मांगने वाली अर्जी पर तीन दिनों के अंदर निर्णय करे। पीठ सामाजिक कार्यकर्ता अरूणा राय और निखिल डे की एक याचिका पर सुनवाई कर रही है। याचिका में, लोकसभा या विधानसभा चुनावों से पहले और परिणामों की घोषणा होने तक बैठकों, सभाओं, जुलूस या धरने को निषिद्ध करने के लिए मजिस्ट्रेट और राज्य सरकारों द्वारा सीआरपीसी की धारा 144 लागू करने के लिए धड़ल्ले से आदेश जारी किए पर रोक लगाने का अनुरोध किया गया है। दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 उपद्रव की आशंका होने पर लागू की जाती है। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने पीठ से कहा, कुछ बहुत शानदार हो रहा है। पिछले छह महीनों में, निर्वाचन आयोग के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करने से लेकर चुनावों के समापन की पूरी अवधि तक (सीआरपीसी की) धारा 144 लागू करने । धड़ल्ले से आदेश जारी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह धारा चुनावों के दौरान हर तरह की सभाओं, बैठकों और प्रदर्शनों को निषिद्ध करती है। पीठ ने कहा, इस तरह का आदेश कैसे जारी किया जा सकता है। भूषण ने कहा कि शीर्ष अदालत की संविधान पीठ के तीन निर्णय हैं जिनमें कहा गया है कि जब तक शांति भंग होने की प्रबल आशंका न हो यह आदेश जारी नहीं किया जा सकता। उन्होंने राजस्थान में 16 मार्च को सीआरपीसी की धारा 144 के तहत आदेश जारी किए जाने का उल्लेख किया, जिसमें कहा गया है कि यह आदेश 16 मार्च को प्रभावी होगा और छह जून तक पूरे बाड़मेर में प्रभावी रहेगा। भूषण ने कहा कि याचिकाकर्ताओं ने पिछले साल के विधानसभा चुनाव के दौरान मतदाताओं के लोकतांत्रिक अधिकारों के बारे में जागरूक करने के लिए एक यात्रा की इजाजत लेने के वास्ते आवेदन दिया था। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को इस तरह के आवेदनों पर एक निर्धारित समय सीमा के भीतर निर्णय लेना चाहिए। पीठ ने विषय की सुनवाई दो हफ्ते बाद के लिए निर्धारित कर दी।

## असम में प्रवासियों ने मतदान के लिए बिहू की छुट्टियां बढ़ाईं

**भाषा।** गुवाहाटी

**असम के** कुछ प्रवासियों ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के पहले चरण में मतदान करने के लिए बिहू पर्व की अपनी वार्षिक छुट्टियां बढ़ा दीं, जिसके चलते उन्हें और कुछ दिन घर में गुजारने का अवसर मिल गया। इन चुनावों ने असम में अपने घरों से दूर रहकर काम कर रहे आंतरिक प्रवासियों को भी छुट्टियां बढ़ाने का एक अवसर दे दिया। राजस्थान से धेमाजी जिले में अपने गांव वापस आए लखीमपुर निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता उत्तम पेगु ने कहा कि वह हमेशा हर अहम चुनाव में अपना वोट डालने के लिए असम लौटते हैं। पेगु ने पीटीआई-भाषा से कहा, मैं वर्षों से असम से बाहर रह रहा हूं, लेकिन मैं हमेशा घर आकर चुनाव के दौरान अपने मताधिकार के इस्तेमाल का प्रयास करता हूं। राज्य के किसान पेगु ने कहा कि एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में चुनाव में भाग लेना उनका कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि चुनाव रोंगाली बिहू, असमिया नव वर्ष के साथ होना एक संयोग है। उन्होंने कहा,हम बिहू उत्सव में भाग ले सकते हैं और अपना वोट भी डाल सकते हैं। राज्य के नलबाड़ी जिले में काम करने वाले लखीमपुर के एक मतदाता इरशाद आलम के खुश होने की और भी वजहें थीं क्योंकि उन्होंने अपना वोट डालने से पहले ईद और बिहू मनाया। ईद 11 अप्रैल को मनाई गई, जबकि बिहू उत्सव 14 अप्रैल से शुरू हुआ।

# पेज 1 का शेष

## लोकसभा.....

प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। अधिकारियों ने बताया कि ईवीएम संबंधी कुछ छोटी-मोटी गड़बड़ियां थीं लेकिन उन्हें तुरंत ठीक कर लिया गया।अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में पहली बार शोंपेन जनजाति के सात सदस्यों ने केंद्र शासित प्रदेश की एकमात्र लोकसभा सीट के लिए अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। असम में भी लखीमपुर के बिहूपुरिया में तीन मतदान केंद्रों, होजेई, कालियाबोर और बोकाखाट में एक-एक मतदान केंद्र और डिब्रूगढ़ के नहारकटिया में एक मतदान केंद्र में ईवीएम में गड़बड़ी दर्ज की गई। बाद में इन खामियों को दूर कर दिया गया।

लखीमपुर क्षेत्र में एक वाहन को लेकर जा रही नौका अचानक नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण बह गई, जिसके चलते उस वाहन में रखी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन पानी में आंशिक रूप से डूब गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

एक अधिकारी ने बताया कि वाहन का चालक और उसमें सवार चुनाव अधिकारी वाहन में पानी घुसने से पहले ही उसमें से निकल गए। बिहार की चार लोकसभा सीटों पर 75 लाख मतदाताओं में से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जम्मू-कश्मीर के उधमपुर संसदीय क्षेत्र में मूसलाधार बारिश होने के बावजूद 65.08 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। राजस्थान की 12 लोकसभा सीटों पर मतदान हुआ और 55 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले। उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीटों पर पांच बजे तक 53.56 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया था।

महाराष्ट्र की पांच लोकसभा सीटों पर पांच बजे तक 54.85 प्रतिशत जबकि मध्य प्रदेश में छह लोकसभा सीटों पर 63.50 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

उत्तर प्रदेश में 57.90 प्रतिशत, मिजोरम में 57 प्रतिशत, नगालैंड में 50.41 प्रतिशत, पुडुचेरी में 72.8 प्रतिशत और सिक्किम में 67.95 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

निर्वाचन आयोग ने पहले चरण के मतदान के लिए 1.87 लाख मतदान केंद्रों पर 18 लाख से अधिक मतदान कर्मियों को तैनात किया। इन मतदान केंद्रों पर 16.63 करोड़ से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। मतदाताओं में 8.4 करोड़ पुरुष, 8.23 करोड़ महिलाएं थीं और 11,371 लोग तृतीय श्रेणी के थे। 35.67 लाख लोग पहली बार मतदाता बने हैं। इसके साथ ही 20 से 29 वर्ष के आयु वर्ग के 3.51 करोड़ युवा मतदाता थे। मतगणना चार जून को होगी।पहले चरण में जिन राज्यों की सभी लोकसभा सीटों पर मतदान हो रहा है उनमें तमिलनाडु (39), उत्तराखंड (5), अरुणाचल प्रदेश (2), मेघालय (2), अंडमान और निकोबार द्वीप समूह (1), मिजोरम (1), नगालैंड (1), पुडुचेरी (1), सिक्किम (1) और लक्षद्वीप (1) शामिल हैं।

## तमिलनाडु....

बदलाव हो सकता है क्योंकि मतदान केंद्रों पर शाम 6 बजे की समय सीमा से पहले आने वाले मतदाताओं को मतदान करने की अनुमति दी गई थी। कुछ जगहों पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) में गड़बड़ी की खबरें आईं लेकिन उन्हें ठीक कर लिया गया। यहां मुकाबला मोटे तौर पर त्रिकोणीय था, जिसमें सत्तारूढ़ द्रमुक, अन्नाद्रमुक और भाजपा अपने-अपने गुटों में आगे थे।पूरे राज्य में सुबह 7 बजे मतदान प्रक्रिया तेजी से शुरू हुई और दोपहर तक कुछ समय के लिए धीमी गति से चली और बाद में मतदान समाप्त होने तक इसमें तेजी आई।जहां उत्तरी तमिलनाडु के कल्लाकुरिची में सबसे अधिक 75.67 प्रतिशत मतदान हुआ, वहीं मध्य चेन्नई में सबसे कम 67.35 प्रतिशत मतदान हुआ। द्रमुक के दयानिधि मारन, भाजपा के विनोज पी सेल्वम और अन्नाद्रमुक के सहयोगी डीएमडीके के पार्थसारथी प्रमुख उम्मीदवार हैं।

कोयंबटूर में, जहां भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई को द्रमुक के गणपति राजकुमार, अन्नाद्रमुक के सिंगाई जी रामचंद्रन और नाम तमिलर काची (एनटीके) के कलामणि जगनाथन से तीन-तरफा चुनौती का सामना करना पड़ रहा है, वहां 71.17 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।अन्नामलाई ने दावा किया कि मतदाता सूची में लगभग एक लाख मतदाताओं के नाम नहीं पाए गए और उन्होंने इस मामले में उचित कार्रवाई की मांग की।दक्षिण चेन्नई, जहां भाजपा की तमिलिसाई सुंदरराजन अपनी किस्मत आजमा रही हैं, वहां 67.82 प्रतिशत मतदान हुआ। द्रमुक के तमिज़ाची थंगापांडियन और अन्नाद्रमुक के जे जयवर्धन उनके मुख्य प्रतिद्वंद्वी हैं।धर्मपुरी में दूसरा सबसे अधिक 75.44 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। एनडीए सहयोगी पीएमके के सौम्य अंबुमणि, डीएमके के ए मणि और एआईएडीएमके के आर अशोकन यहां प्रमुख दावेदार हैं।जबकि मयिलादुथुराई के महथनपुरम बूथ सहित मतदाता सूची से मतदाताओं के नाम गायब होने की कुछ शिकायतें थीं, साहू ने कहा कि इस मामले पर गौर किया जाएगा और लोगों से अपील की गई है कि वे मतदाता सूची का मसौदा प्रकाशित होने की जांच करें। उन्होंने कहा कि सेलम में वोट डालने पहुंचे दो बुजुर्ग मतदाताओं की मौत हो गई और रिपोर्ट मांगी गई है।

## पश्चिमी उत्तर प्रदेश..

अपनी मांग पर अड़े रहे। बहिष्कार के चलते ग्रामीणों ने एजेंट बनने से भी इनकार कर दिया। सूचना मिलने पर मजिस्ट्रेट पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे और ग्रामीणों को मनाने में जुटे हुए हैं।ऑफिसर्स कॉलोनी से रास्ता बंद करने को लेकर दहगला, बक्शपुर सहित कई गांवों के लोगों ने चुनाव का बहिष्कार किया। गांव वालों का कहना था कि जब तक प्रशासन गांव वालों को रास्ता नहीं देगा, तब तक कई गांव के लोग लोकसभा चुनाव में वोट नहीं डालेंगे।

न्यूरिया थाना क्षेत्र के ग्राम मंगदपुर में अवारा पशुओं और बाघ के हमले की घटनाओं से परेशान लोगों के मतदान करने के लिए मतदान केंद्र पर नहीं पहुंचने की सूचना मिली है।प्राथमिक विद्यालय मंगदपुर में बने मतदान केंद्र पर सुबह सात बजे से 10 बजे तक बूथ नंबर 219 पर केवल नौ वोट पड़े। सूचना मिलने पर वहां पहुंचे अफसर ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। पीलीभीत के जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने कहा था, हमें जानकारी मिली है कि कुछ ग्रामीण स्थानीय मुद्दों पर चुनाव का बहिष्कार कर रहे हैं। संबंधित अधिकारियों को इन गांवों का दौरा करने, वहां के लोगों से बात करने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है कि वे मतदान प्रक्रिया में भाग लें।

जिले के अधिकारियों के मुताबिक जिलाधिकारी के भेजे गए अधिकारियों के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने बाद में मतदान किया। पीलीभीत में लोकतंत्र के महापर्व का हिस्सा बनने के लिए लोग उत्साहित दिखे, नगर के मोहल्ला शेर मोहम्मद निवासी सिख बुजुर्ग इकबाल सिंह (75) बैलगाड़ी से मतदान स्थल पर पहुंचे और वोट डाला। उसके बाद उन्होंने उंगली की स्याही दिखाकर मतदाताओं को जागरूक किया।इन सीट पर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राजग, समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के बीच त्रिकोणीय चुनावी मुकाबला है।

## पश्चिम बंगाल...

की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया था, सूत्रों ने कहा कि दोपहर 12 बजे तक आयोग को अकेले कूच बिहार से 100 से अधिक शिकायतें मिली थीं, जहां एक दर्जन से अधिक स्थानीय टीएमसी और भाजपा नेताओं को छिटपुट घटनाओं के बाद अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। कूचबिहार के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि दिनहाटा सहित विभिन्न स्थानों से बम बरामद किए गए लेकिन बमबारी से किसी की मौत नहीं हुई। पथराव में एक मतदाता की जान चली गई, जबकि एक टीएमसी बूथ अध्यक्ष को कथित भाजपाइयों द्वारा पीटे जाने के बाद अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

जलपाईगुड़ी निर्वाचन क्षेत्र के डाबग्राम फुलबाड़ी में भाजपा की स्थानीय विधायक सिखा चटर्जी को पुलिस के साथ तीखी नोकझोंक के बाद हिरासत में लिया गया, जबकि टीएमसी के लोगों ने शिकायत की कि वह मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश कर रही थीं। हालांकि चटर्जी ने कहा कि वह बूथ कैप्चरिंग की शिकायतों के बाद गई थीं।इसी तरह की घटना सीतलकुची में हुई जहां स्थानीय टीएमसी समर्थकों ने भाजपा विधायक बारेन चंद्र बर्मन के बाद नारे लगाए। भाजपा विधायक ने कहा, जब हमें पता चला कि टीएमसी ने कई बूथों पर कब्जा कर लिया है और गलत वोट डाल रहे हैं तो मैं उस क्षेत्र में गया। हालांकि, क्षेत्र में बड़ी संख्या में ग्रामीणों के इकट्ठा होने के बाद नेता को पीछे हटना पड़ा। 2021 राज्य विधानसभा चुनाव के दौरान सीतलकुची में चार लोगों की मौत हो गई थी।इस बीच, बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कथित तौर पर केंद्रीय बलों का दुरुपयोग करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की आलोचना की।यह शिकायत करते हुए कि राज्य पुलिस के जवानों को बेकार बैठाया गया है, बनर्जी ने कहा, प्रधानमंत्री और गृह मंत्री दोनों को याद रखना चाहिए कि वे केवल एक कार्यवाहक सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं जिसके पास कोई शक्ति नहीं है जबकि बंगाल में हम एक का नेतृत्व कर रहे हैं।

## नगालैंड और मणिपुर...

तहत आने वाले चंदेल में सबसे ज्यादा 85.54 प्रतिशत वोट पड़े। इस सीट पर नगा और कुकी दोनों जातियों के मतदाता हैं। अधिकारियों ने बताया कि इनर मणिपुर सीट पर कई जगहों से गोलीबारी और डराने धमकाने की घटनाएं सामने आईं हैं।

पुलिस ने कहा कि इंफाल पूर्वी जिले के खुरई विधानसभा क्षेत्र के मोइरांगकम्पु साजेब में अज्ञात हथियारबंद लोगों ने 65-वर्षीय एक व्यक्ति को गोली मार दी। पुलिस ने बताया कि वह व्यक्ति उस वक्त एक मतदान केंद्र के पास खड़ा था जब हथियारबंद हमलावरों ने गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस ने बताया कि उसे इंफाल के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस ने कहा कि हथियारबंद लोगों ने बिष्णुपुर जिले के मोइरांग विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले थमनापोकपी में एक मतदान केंद्र के पास हवा में कई गोलियां चलाईं, जिससे मतदाता भागने लगे। पुलिस के मुताबिक, स्थिति को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों को मौके पर भेजा गया।उसने बताया कि अज्ञात हथियारबंद लोगों ने विभिन्न स्थानों पर एक विशेष राजनीतिक दल के चुनाव एजेंट को भी धमकाया और उन्हें मतदान केंद्र छोड़ने के लिए कहा।

## बिहार ....

विकास के विभिन्न मुद्दों को लेकर वोटिंग का बहिष्कार किए जाने की सूचना मिली।आयोग ने कहा कि मतदान के दौरान कुल 53 शिकायत प्राप्त हुईं, जिनका समय पर निपटान कर दिया गया। इन चारों सीट पर कुल 38 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा, जिसमें 35 पुरुष और तीन महिला प्रत्याशी थीं।औरंगाबाद सीट पर नौ उम्मीदवार थे, जहां मुख्य मुकाबला भाजपा सांसद सुशील कुमार सिंह और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के उम्मीदवार के अभय कुशवाहा के बीच था। कुशवाहा ने पिछले महीने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल जनता दल यूनाइटेड (जदयू) छोड़कर राजद का दामन थामा था।

गया में सबसे ज्यादा 14 उम्मीदवार चुनावी मैदान में थे। इस सीट पर राजग के प्रत्याशी हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी का मुकाबला राजद के कुमार सर्वजीत से था। पूर्व मंत्री और बोधगया सीट से मौजूदा विधायक सर्वजीत के दिवंगत पिता राजेश कुमार 1990 के दशक में गया के सांसद थे। नवादा में कुल आठ उम्मीदवार चुनावी मैदान में थे।

## महाराष्ट्र...

इसके विपरीत, माओवाद प्रभावित गढ़चिरौली-चिमूर में सबसे अधिक 64.95 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जबकि तीन अन्य लोकसभा क्षेत्रों में जहां चुनाव हुए थे, वहां मतदान प्रतिशत इस प्रकार रहा, भंडारा-गोंदिया-56.87 प्रतिशत, चंद्रपुर-55.11 प्रतिशत और रामटेक-52.38 प्रतिशत मतदान रहा। नितिन गडकरी, उनकी पत्नी कंचन और परिवार के अन्य सदस्यों ने नागपुर में अपने आवास के पास एक मतदान केंद्र पर मतदान किया। अपने मताधिकार का प्रयोग करने के बाद मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, गडकरी ने कहा कि सत्तारूढ़ भाजपा देश में 400 सीटों की जीत का आंकड़ा पार कर जाएगी, जबकि वह नागपुर से 5 लाख से अधिक वोटों के अंतर से चुनाव जीतेंगे।

## देश की..

सामना कर रहे पड़ोसी देश पाकिस्तान पर प्रधानमंत्री ने बिना उसका नाम लिए कटाक्ष किया। मोदी ने कहा, दुनिया में कई देश हैं जिनकी हालत खराब हो गई है। कई दिवालिया हो रहे हैं। यहां तक कि हमारा एक पड़ोसी देश, जो आतंकवाद का आपूर्तिकर्ता था, अब आटा की आपूर्ति के लिए संघर्ष कर रहा है।

भाजपा के दिग्गज नेता मोदी ने कहा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव अगले पांच वर्षों में भारत को एक बड़ी वैश्विक शक्ति बनाने के लिए है। उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया में मौजूदा स्थिति को देखते हुए देश में भाजपा के नेतृत्व में एक मजबूत और स्थिर सरकार की जरूरत है।

मोदी ने कहा,"हमने पिछले 10 वर्षों में देखा है कि एक स्थिर सरकार लोगों के हित में कैसे काम करती है। कोविड-19 संकट के दौरान, दुनिया भर में अराजकता थी, लेकिन एक मजबूत भाजपा सरकार दुनिया भर से अपने नागरिकों को वापस ले आई।

उन्होंने कहा कि उनकी सरकार गरीबों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और उसने लगभग 80 करोड़ लाभार्थियों के लिए मुफ्त राशन योजना को पांच साल के लिए बढ़ा दिया है। उन्होंने कांग्रेस पर दशकों तक सत्ता में रहने के दौरान रक्षा क्षेत्र को कमजोर करने का आरोप लगाया।

## लोकतंत्र

पर पोस्ट किया, गूगल डूडल भारतीय चुनावों को सलाम करता है - लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व। टेला पॉल ने अपनी पोस्ट में इस कदम को बहुत अच्छा बताया, जबकि एक विरगोज्योति 02 ने अपने पोस्ट में इस कदम को रोमांचक बताते हुए कहा, आइए लोकतंत्र का पर्व का जश्न मनाएं। नवीन अथरेश ने कहा, गूगल ने डूडल बनाकर लोगों को वोट देने के लिए प्रेरित किया जो एक अच्छा प्रयास है।

भुवनेश्वर की प्रितंसु प्रियदर्शिनी बिस्वाल ने भी डूडल के प्रयोग को लेकर उत्साह जताया, जो हमें अधिक समावेशी और लोकतांत्रिक समाज की दिशा में हमारी सामूहिक यात्रा के महत्व की याद दिलाता है। महिलाओं के सशक्तिकरण में लगे एक गैर सरकारी संगठन, विलगा के संस्थापक, डॉ. जगदीश कौर ने साझा किया कि, इस डूडल का उद्देश्य लोगों को मतदान के महत्व के बारे में शिक्षित करना और लोकतंत्र के महत्व को उजागर करना है। इससे यह भी पता चलता है कि हमारा लोकतंत्र हर गुजरते साल के साथ कैसे मजबूत होता गया है। गुड़गांव के फोर्टिस अस्पताल में बोन मैरो ट्रांसप्लांट विशेषज्ञ और हेमेटोलॉजिस्ट डॉ. राहुल भार्गव ने डूडल के अभिनव प्रयोग को लेकर इसी तरह की भावनाएं व्यक्त कीं।

बॉक्स:::

## क्या है गूगल का डूडल

गूगल का डूडल देशभर में होमपेज पर दिखाई दे रहा है। गूगल डूडल गूगल का वैकल्पिक लोगो है। ये सर्च इंजन के होमपेज पर नजर आता है। गूगल डूडल अक्सर किसी त्योहार या फिर छुट्टी वाले दिन ही आता है। इसके अलावा किसी के योगदान को दिखाने के लिए उसके जन्म और मृत्यु के दिनों के साथ सांस्कृतिक व विरासत वाले तथ्यों को

# कांग्रेस अपनी प्रासंगिकता खो चुकी है: राजनाथ सिंह

भाषा। हैदराबाद



**भारतीय जनता पार्टी** (भाजपा) के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस अपनी प्रासंगिकता खो चुकी है और भाजपा राष्ट्र निर्माण के लिए राजनीति करती है, न कि महज सत्ता पाने के लिए। केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी के लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले पार्टी की एक सभा को संबोधित करते हुए सिंह ने कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर डी. सुब्बाराव ने अपनी पुस्तक में लिखा है कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान अर्थव्यवस्था के संबंध में सब कुछ अच्छा दिखाने का दबाव होता था। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हस्तक्षेप के कारण रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध चार घंटे से अधिक समय तक रुका रहा ताकि भारत अपने नागरिकों को निकाल सके। सिंह ने कहा, मैं कहना चाहता हूं कि कांग्रेस पूरी तरह अप्रासंगिक हो चुकी है। कांग्रेस भारतीय राजनीति में लगातार अपनी प्रासंगिकता खो रही है। कांग्रेस तुष्टीकरण की राजनीति में लिप्त है। जब राजनीति की बात आती है तो भाजपा जाति, पंथ और धर्म के नाम पर नहीं, बल्कि न्याय और मानवता के आधार पर सियासत करती है। उन्होंने कहा, जहां तक भाजपा की बात है, हम महज सरकार बनाने के लिए राजनीति नहीं करते। हमारी पार्टी राष्ट्र निर्माण के लिए राजनीति करती है। उन्होंने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए दावा किया कि मोदी के नेतृत्व में देश में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है। उन्होंने लोगों से सिकंदराबाद में किशन रेड्डी और मल्काजगिरि में एटला राजेंदर के लिए वोट करने और उन्हें भारी अंतर से जिताने का आग्रह किया। बाद में भाजपा उम्मीदवार टी. विनोद राव के नामांकन दाखिल करने से पहले राजनाथ सिंह ने यहां से लगभग 200 किलोमीटर दूर खम्मम में एक रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा, इस बार अगर भाजपा केंद्र में फिर से सत्ता में आई तो वह देश में समान नागरिक संहिता लागू करेगी।

## ओडिशा की महानदी में नौका पलटने से दो की मौत, सात अन्य लापता

भाषा। भुवनेश्वर

**ओडिशा के** झारसुगुडा जिले में शुक्रवार को महानदी में नौका पलटने से उसमें सवार कम से कम दो लोगों की मौत हो गई जबकि सात अन्य अब भी लापता हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हादसे के दौरान नौका में करीब 50 लोग सवार थे जो पथरसेनी कुडा से बारगढ़ जिले के बंजीपल्ली जा रहे थे। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह हादसा तब हुआ जब नाव झारसुगुडा जिले के रेनगली पुलिस थाना के अंतर्गत शारदा घाट पहुंचने वाली थी। उन्होंने बताया कि स्थानीय मछुआरों ने 35 लोगों को बचा लिया और उन्हें किनारे पर ले आए। अधिकारी ने बताया कि बाद में पुलिस और अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने सात और लोगों को बचाया। सात और लोग अब भी लापता हैं और उनकी तलाश के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

# वोट जरूर दें, ये भारत का भविष्य सुनिश्चित करेगा : प्रधानमंत्री मोदी

**अमरोहा।** लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण के मतदान के बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज उत्तर प्रदेश के अमरोहा में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। पहले चरण के मतदान से इतर सभा को संबोधित करते हुए, पीएम मोदी ने मतदाताओं से अपने अधिकारों का उपयोग करने और लोकतंत्र के इस त्योहार में अपना वोट डालने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव देश के भविष्य का चुनाव है और आपका वोट भारत का भाग्य सुनिश्चित करेगा। संबोधन के दौरान आगे बढ़ते हुए पीएम मोदी ने भरोसा दिलाया कि उत्तर प्रदेश की जनता हमारे पिछले दस साल के ट्रैक रिकॉर्ड के आधार पर इस बार भी जनसेवा के लिए समर्पित एक मजबूत बीजेपी-एनडीए सरकार बनाने जा रही है। मोदी ने कहा कि अमरोहा की एक ही थाप है - कमल छाप! और अमरोहा



का एक ही स्वर है - फिर एक बार मोदी सरकार। उन्होंने कहा कि अमरोहा केवल ढोलक ही नहीं, देश का डंका भी बजाता है। क्रिकेट वर्ल्ड कप में भाई मोहम्मद शामी ने जो कमाल किया, वो पूरी दुनिया ने देखा है।

### दो शहजादों की जोड़ी पहले ही रिजेक्ट

प्रधानमंत्री ने सपा-कांग्रेस गठबंधन पर तंज कसते हुए कहा कि यूपी में एक बार फिर दो शहजादों की जोड़ी की फिल्म की शूटिंग चल रही है जिसका पहले ही रिजेक्शन हो चुका है। हर बार ये लोग परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की टोकरी उठाकर यूपी की जनता से वोट मांगने निकल पड़ते हैं। अपने इस अभियान में ये लोग हमारी आस्था पर हमला करने का कोई मौका नहीं छोड़ते। यहां से जो कांग्रेस के प्रत्याशी हैं, उन्हें तो भारत माता की जय बोलने में भी परेशानी होती है।

## ओडिशा के नंदनकानन चिड़ियाघर में सफेद बाघिन स्नेहा की मौत

**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर के बाहरी इलाके में स्थित नंदनकानन प्राणी उद्यान मे 14 वर्षीय सफेद बाघिन स्नेहा की शुक्रवार को उसके बाड़े में मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियो के मुताबिक सफेद बाघिन बृहस्पतिवार को बीमार पड़ गई और उसका उपचार किया जा रहा था लेकिन आज सुबह उसने दम तोड़ दिया। अधिकारी के अनुसार वृद्धावस्था संबंधी बीमारियों के अलावा बाघिन के मौजूदा भीषण गर्मी से भी पीड़ित होने की आशंका है। एक मार्च 2010 को पैदा हुई स्नेहा ने पांच अगस्त, 2016 को तीन शावकों मौसमी (मादा), चीनू (नर) और विक्की (नर) को जन्म दिया। स्नेहा ने अपनी दूसरी गर्भावस्था के दौरान लव और कुश को जन्म दिया।

## गुजरात : कारोबारी और स्कूली बच्चे सहित 35 लोग बनेंगे जैन भिक्षु

**अमहदाबाद।** गुजरात में 11 साल के एक लड़के और एक धनवान दंपति सहित जैन समाज के 35 लोग 22 अप्रैल को गृहस्थ जीवन छोड़कर दीक्षा लेंगे और जैन भिक्षु बन जाएंगे। एक धार्मिक न्यास ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। गुजरात और महाराष्ट्र के जैन समुदाय के सदस्यों के लिए पांच दिवसीय दीक्षा समारोह बृहस्पतिवार को साबरमती रिवरफ्रंट पर अध्यात्म नगरी में शुरू हुआ जो 22 अप्रैल को समाप्त होगा। सूरत से संचालित न्यास श्री अध्यात्म परिवार ने एक विज्ञप्ति में बताया कि 35 लोग जैन मुनि आचार्य विजय योगतिलकसूरीश्वरजी महाराज से दीक्षा लेंगे। विज्ञप्ति में कहा गया है कि 35 लोगों में दस की उम्र 18 साल से कम है। इनमें भी सबसे छोटा 11 साल का लड़का है।भिक्षुक बनने वाले किशोरों में सूरत के 13 वर्षीय हेत शाह भी है।

## एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने मनाई 7वीं वर्षगांठ

**मुंबई।** भारत का सबसे बड़ा स्मॉल फाइनेंस बैंक एसएफबी एयूएसएफ बीए लिबरलाइज्ड रेमिटेंस स्कीम उदारीकृत प्रेषण योजना एलआरएस के तहत इंटरनेशनल फंड ट्रांसफर शुरू करने के लिए एक प्लेटफॉर्म एयू रेमिटश् पेश करके अपना 29वां स्थापना वर्ष और 7वीं बैंकिंग वर्षगांठ मना रहा है। इस प्लेटफॉर्म को अपने रिटेल ग्राहकों की अलग अलग तरह की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। इन दोनों सेवाओं की शुरुआत ग्राहक केंद्रित वित्तीय समाधानों को बढ़ाने की दिशा में एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस लॉन्च पर एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के फाउंडर, एमडी और सीईओ संजय अग्रवाल ने कहा कि मैं बैंक के 1.1 करोड़ ग्राहकों, 46,000से अधिक कर्मचारियो, 2 लाख घरेलू और इंटरनेशनल शेयरधारकों, रेगुलेटर्स और सरकार के प्रति आभार व्यक्त करता हूं।

## यूपीएससी परीक्षा में शानदार परफोर्मेन्स का जश्न मनाया

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे बड़े लर्निंग प्लेटफॉर्म अनएकेडमी ने यूपीएससी सीएसई परिणाम 2023 में अपने छात्रों की शानदार सफलता की घोषणा की है। यह उपलब्धि प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रतिभा को बढ़ावा देने और छात्रों को उत्कृष्ट प्रदर्शन में सक्षम बनाने की अनएकेडमी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। अनएकेडमी के छात्रों ने यूपीएससी सीएसई 2023 में हासिल किए बेहतरीन परिणाम, 4 से अधिक छात्र टॉप एआईआर 10 में और 10 से अधिक छात्र टॉप एआईआर 20 में रहे, 315 से अधिक छात्र परीक्षा में क्वालिफाय हुए आदित्य श्रीवास्तव (ऑनलाईन प्लेटफॉर्म लर्नर), जिन्होंने एआईआर 01 रैंक हासिल किया, दोनुरू अनन्या रेड्डी (ऑनलाईन प्लेटफॉर्म लर्नर), जिन्होंने एआईआर 03 रैंक हासिल किया, सृष्टि डबास (इंटरव्यू गाइडेन्स प्रोग्राम), जिन्होंने एआईआर 06 और नौशीन (ऑनलाईन प्लेटफॉर्म लर्नर), जिन्होंने एआईआर 09 रैंक हासिल किया। अनएकेडमी आदित्य श्रीवास्तव, दोनुरू अनन्या रेड्डी, सृष्टि डबास, नौशीन एवं अन्य सभी छात्रों को बधाई देता है।

# भाजपा का झूठ समझ चुकी जनता : गहलोत

- बोले- हमने कभी आमजन को परेशान नहीं होने दिया
- बेटे वैभव के समर्थन में मांगा वोट



**जालोर।** जालोर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जालौर सिरोही लोकसभा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी अपने बेटे वैभव गहलोत के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित करने पहुंचे। लोकसभा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी वैभव गहलोत के समर्थन में आज उन्होंने जालौर जिले के आहोर विधानसभा क्षेत्र के सियाणा और भाद्राजून में जनसभाओं को संबोधित किया। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि वैभव ने अपना मैनिफेस्टो जारी कर दिया है, जिसमें जालोर, सांचौर और सिरोही जिलों की तरक्की का रोडमैप बनाया गया है। इस वचन पत्र के माध्यम से इन जिलों की पेयजल, सिंचाई जल, रोजगार, ट्रेन, एयरपोर्ट आदि से जुड़ी समस्याएं दूर होंगी और विकास के नए रास्ते भी खुलेंगे। उन्होंने आमजन को यकीन दिलाया कि वैभव ने जालोर क्षेत्र के विकास के लिए जो वादे किए हैं, उन्हें वह जरूर पूरा करेगा। आपके सुख-दुख में खड़ा रहेगा और आपके लिए हमेशा उपलब्ध रहेगा। अशोक गहलोत ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने जनता की जरूरतों को पूरा करने के लिए काफी काम किए हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बुनियादी विकास, खेती, पशुपालन सहित सभी क्षेत्रों में काम किए हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को 2000 यूनिट और घरेलू उपभोक्ताओं को 100 यूनिट फ्री बिजली दी गई। चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत मुफ्त इलाज की सुविधा दी गई। गोशालाओं को अनुदान दिया गया, महिलाओं, बुजुर्गों को पेंशन दी गई। किसानों का कर्जा भी माफ किया। लेकिन भाजपा सरकार ने साढ़े तीन महीनों में ही कांग्रेस की चिरंजीवी, अन्नपूर्णा फूड पैकेट, ओल्ड पेंशन स्कीम सहित विभिन्न योजनाओं को बंद कर दिया। राजीव गांधी युवा मित्रों को नौकरी से निकाल दिया। अब जनता भाजपा के इस झूठ को समझ चुकी है और लोकसभा चुनाव में इसका करारा जवाब देगी। इस अवसर पर गहलोत ने आमजन से पूछा कि पिछले 15 साल से भाजपा सांसद रहे देवजी पटेल कभी गांवों में नजर आए, कभी किसी को दिखे।

## किसानों का लगातार तीसरे दिन प्रदर्शन: अंबाला- अमृतसर मार्ग पर 40 ट्रेन रद्द

भाषा। अंबाला

**पंजाब और** हरियाणा सीमा के पास शंभू में किसानों के शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन पटरियों पर बैठे रहने की वजह से अंबाला-अमृतसर मार्ग रेल यातायात बाधित हुआ। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसान हरियाणा पुलिस द्वारा गिरफ्तार अपने तीन साथियों को रिहा करने की मांग कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि करीब 40 रेलगाड़ियां रद्द कर दी गई हैं, जबकि 54 अन्य का मार्ग परिवर्तित किया गया है। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) के बैनर के तले पटियाला जिले के शंभू में किसान प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी किसान हरियाणा पुलिस द्वारा आंदोलन के दौरान गिरफ्तार अपने तीन साथी किसानों की रिहाई की मांग को लेकर बुधवार को अंबाला-लुधियाना- अमृतसर मार्ग पर रेल पटरी पर बैठ गए थे। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि प्रदर्शन के तीसरे दिन भी जारी रहने की वजह से अंबाला-अमृतसर मार्ग पर रेल यातायात बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। उन्होंने बताया कि इस मार्ग पर कुछ मालगाड़ियों का भी परिचालन होता है। अधिकारियों ने बताया कि रेलगाड़ियों की आवाजाही बाधित होने की वजह से यात्रियों को असुविधा हो रही है। किसान नेता सरवण सिंह पंधेर ने कहा कि जबतक तीनों किसानों को रिहा नहीं कर दिया जाता, तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा। एसकेएम(गैर राजनीतिक) और केएमएम ने फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी सहित विभिन्न मांगों को लेकर सरकार पर दबाव बनाने के वास्ते किसानों से दिल्ली चलो का आह्वान किया था। किसान सुरक्षाबलों द्वारा रोके जाने के बाद 13 फरवरी से ही पंजाब और हरियाणा सीमा के शंभू एवं खनौरी सीमा बिंदु पर डटे हुए हैं।

## क्विक न्यूज

### भाजपा का 180 पार होना भी मुश्किल : श्रीनेत

**बिलासपुर।** लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव के नामांकन रैली में शामिल होने राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत बिलासपुर पहुंची। इस दौरान सुप्रिया श्रीनेत ने प्रधानमंत्री मोदी पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री अपना रिपोर्ट कार्ड नहीं दिखा रहे हैं। अब भाजपा 180 पार होने में भी मुश्किल है। अब लगातार उनकी सीटों की गिनती कम हो रही है। वे 150-160 सीट में अटक जाएंगे। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि हमारा देश युवाओं के देश है, लेकिन यहां रोजगार पर बात नहीं हो रही है। यहां युवाओं की बात नहीं हो रही है। महंगाई, बेरोजगारी से हर समस्या बढ़ रही है। केंद्र में 30 लाख पद खाली हैं उन्हें कब भरा जाएगा। सेना को ठेके पर चलाने का काम चला है, हम अग्निवीर भर्ती खत्म करेंगे। पेपर लीक पर माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई कब होगी। श्रीनेत ने कहा कि वो नारी न्याय की बात कर रहे हैं। महिलाएं आज असुरक्षित हैं, कांग्रेस की सरकार आती है तो 50% शासकीय नौकरी महिलाओं को दी जाएगी। गरीब महिलाओं को 1 लाख रुपये सालाना दिए जाएंगे। किसान एमएसपी की मांग कर रहे हैं। किसान दिल्ली में आकर अपनी बात रखना चाहते थे, उनके राह में रोड़े अटकाए गए।

### एनएसई 24 से नेक्स्ट 50 इंडेक्स पर डेरिवेटिव लाएगा

**मुंबई।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई), जो वर्ष 2023 में कारोबार किए गए अनुबंधों के आधार पर दुनिया का नंबर 1 डेरिवेटिव एक्सचेंज है, को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से निफ्टी नेक्स्ट 50 इंडेक्स पर डेरिवेटिव के लिए मंजूरी मिल गई है। इन अनुबंधों को 24 अप्रैल, 2024 से लॉन्च किया जाएगा। एक्सचेंज 3 सिलसिलेवार मासिक सूचकांक वायदा और सूचकांक विकल्प अनुबंध चक्र की पेशकश करेगा। कैश सैटल्ड डेरिवेटिव कॉन्ट्रेक्ट समाप्ति माह के अंतिम शुक्रवार को समाप्त हो जाएंगे। निफ्टी नेक्स्ट 50 इंडेक्स निफ्टी 50 कंपनियों को छोड़कर निफ्टी 100 से 50 कंपनियों का प्रतिनिधित्व करता है। मार्च 2024 तक, सूचकांक में वित्तीय सेवा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व 23.76 प्रतिशत के साथ शीर्ष क्षेत्र में था, इसके बाद 11.91 प्रतिशत के साथ पूंजीगत सामान क्षेत्र और 11.57 प्रतिशत के साथ उपभोक्ता सेवाओं का नंबर आता है। इस अवसर पर, एनएसई के चीफ बिजनेस डेवलपमेंट ऑफिसर श्रीराम कृष्णन ने कहा कि निफ्टी नेक्स्ट 50 इंडेक्स पर डेरिवेटिव की शुरूआत मौजूदा इंडेक्स डेरिवेटिव प्रॉडक्ट सूट का पूरक होगी। निफ्टी नेक्स्ट 50 इंडेक्स, शीर्ष बड़े और लिक्विड शेयरों वाले निफ्टी 50 इंडेक्स और शीर्ष बड़े और लिक्विड मिड केपिटलाइज्ड शेयरों वाले निफ्टी मिडकैप सेलेक्ट इंडेक्स के बीच की जगह का प्रतिनिधित्व करेगा।

### बीमा क्षेत्र में इनोवेशन, टेक्नोलॉजिकल पर चर्चा

**बेंगलुरू।** पॉलिसीबाजार के पीओएसपी अंग, पीबीपार्टनर्स ने हाल ही में गुड़गाँव में आयोजित अपनी फ्लैगशिप वार्षिक बिजनेस मीट, शपथ 3.0 का समापन किया। इस ईवेंट में भारतीय बीमा क्षेत्र में इनोवेशन, टेक्नोलॉजिकल प्रगति, और वित्तीय समावेशन लाने के लिए पीबीपार्टनर्स की प्रतिबद्धता प्रदर्शित हुई। शपथ पीबीपार्टनर्स के मुख्य अंशधारकों की एक वार्षिक बैठक है, जिसमें वो पिछले साल के प्रदर्शन, नए वित्तवर्ष के लक्ष्यों एवं बिजनेस बढ़ाने की रणनीतियों और एजेंट पार्टनर्स के बीच वित्तीय समावेशन लाने के बारे में चर्चा करते हैं। शपथ 3.0 पीबीपार्टनर्स के बिजनेस परिवेश की मुख्य शक्तियों के लिए एक मंच बना, जिस पर एकत्रित होकर उन्होंने विभिन्न प्रेजेंटेशन, पैनल वार्ताओं एवं गहन अनुभवों के साथ इस वित्तवर्ष के लिए ठोस रणनीतियों पर चर्चा की। इस कार्यक्रम में विशेष बिजनेस यूनिट सत्र रखे गए, जो स्वास्थ्य, मोटर और जीवन बीमा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में पीबीपार्टनर्स के महत्वपूर्ण अभियानों की बहुमूल्य जानकारी प्रदान करने के लिए डिजाईन किए गए थे। पीबीपार्टनर्स के को-फाउंडर, ध्रुव सरीन ने अपने एजेंट पार्टनर्स को सुगम अनुभव प्रदान करने और उन्हें ज्यादा से ज्यादा ग्राहकों तक पहुँचाने में समर्थ बनाने के महत्व के बारे में बताया।

### टाटा पावर के ईवी चार्जिंग नेटवर्क ने 10 करोड़ हरित किलोमीटर का पड़ाव पार किया

**मुंबई।** भारत की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली कंपनियों और इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग समाधान प्रदाताओं में से एक टाटा पावर ने सार्वजनिक, अर्ध.सार्वजनिक, बसफ्लीट और पूरे भारत में होम चार्जर सेगमेंट में 10 करोड़ 100 मिलियन हरित किलोमीटर तक बिजली पहुंचाने वाली पहली ईवी चार्जिंग समाधान प्रदाता बन गई है। यह उपलब्धि देश भर में टिकाऊ मोबिलिटी समाधानों को बढ़ावा देने में टाटा पावर की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करती है। वर्ष 2030 तक देश में हो रही वाहनों की कुल बिक्री में से 30 प्रतिशत इलेक्ट्रिक हो इस लक्ष्य को लेकर भारत ने पर्यावरण के पूरक परिवहन का दृष्टिकोण अपनाया है, साथ ही नेशनल इलेक्ट्रिक मोबिलिटी मिशन जैसी योजनाओं के माध्यम से ई.मोबिलिटी को बढ़ावा दिया जा रहा है। ईवी चार्जिंग सुविधाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए इस परिवर्तन के बुनियादी ढांचे के रूप म टाटा पावर ने ईज़ी चार्ज के नाम से अपने नेटवर्क को 86,000 से अधिक होम चार्जरए 5,300 सार्वजनिकए अर्ध.सार्वजनिक और फ्लीट चार्जिंग पॉइंट के साथ.साथ 530 शहरों में 850 बस चार्जिंग स्टेशनों तक बढ़ाया है। लोगों की आसानी के लिए इन चार्जर्स को राजमार्गोंए होटलोंए मॉलो, अस्पतालों,कार्यालयों, आवासीय परिसरों आदि जैसे कई अलग अलग और भारी आवाजाही वाले स्थानों पर रणनीतिक रूप से तैनात किया गया है।

### विश बैंड के नए गीत झूमाएंगे

**मुंबई।** नियमों के अनुपालन की दुनिया में विशण् अपने नए सिंगलए गलती मेंआजाद होकर पॉप संगीत के परिदृश्य में एक नई क्रांति लेकर आई हैं। यह नया इलेक्ट्रिफ़ाइंग ट्रैक सभी युवाओं के लिए निडरता से जीने का मैनिफेस्टो लेकर आया है।गलती केवल एक गाना ही नहींए बल्कि एक सोनिक सफर हैए जो सामाजिक अपेक्षाओं से बेफिक्र होकर अपने दिल की तानों पर झूमने के लिए आमंत्रित करता है। अपनी आकर्षक बीट्स और आत्मविश्वास से भरे बोलों के साथ यह लोगों को अपनी मौलिकता अपनाने और हर पल का पूरा आनंद लेने की प्रेरणा देता है। इसका वीडियो बहुत आकर्षक है, जिसमें विश गर्ल्स अपने पूरे वैभव में दिख रही हैं। बोल्ड फैशन स्टेटमेंट से लेकर साहसी डांस मूव्स तकए वो हर फ्रेम में आत्मविश्वास और चंचल भावना प्रदर्शित करती हैं। यह व्यक्तित्व का जश्न हैए और आत्म.अभिव्यक्ति की शक्ति प्रमाणित करता है। गलती् की प्रेरणा कैसे मिली, इस बारे में विश गर्ल्स ने कह कि हम जिस दुनिया में रहते हैं वहाँ बंधनों कोमानने और नियमों का पालन करने के लिए कहा जाता है। गलती इसी भावना के खिलाफहमारा विद्रोह है। यह हमारी कमियों को स्वीकार करने और गलतियों का जश्न मनाने के बारे में है।

### व्याभिचार तलाक का आधार हो सकता है, बच्चे की अभिरक्षा देने का नहीं: अदालत

**मुंबई।** बम्बई उच्च न्यायालय ने नौ वर्षीय एक लड़की की अभिरक्षा उसकी मां को देते हुए कहा कि व्यभिचार तलाक का आधार हो सकता है, लेकिन बच्चे की अभिरक्षा देने का नही। न्यायमूर्ति राजेश पाटिल की एकल पीठ ने 12 अप्रैल को एक पूर्व विधायक के बेटे द्वारा दायर उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमे फरवरी 2023 मे एक कुटुंब अदालत द्वारा पारित एक आदेश को चुनौती दी गई थी। इस आदेश मे याचिकाकर्ता की बेटी की अभिरक्षा अलग रह रही उसकी पत्नी को दी गई थी। इस पुरुष और महिला की शादी 2010 मे हुई थी और उनकी बेटी का जन्म 2015 मे हुआ था। महिला ने 2019 मे दावा किया था कि उसे उनके घर से निकाल दिया गया।याचिकाकर्ता ने हालांकि दावा किया कि उसकी पत्नी अपनी इच्छा से चली गई थी।

## छत्तीसगढ़ : दुर्घटनावश यूबीजीएल का गोला फटा, सीआरपीएफ के जवान की मृत्यु

भाषा। बीजापुर

**छत्तीसगढ़ के** नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में अंडर बैरल ग्रेनेड लॉन्चर (यूबीजीएल) का गोला दुर्घटनावश फट जाने से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के एक जवान की मृत्यु हो गई। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के उसूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत गलगम गांव के करीब यूबीजीएल का गोला फटने से सीआरपीएफ की 196 वीं बटालियन के आरक्षक देवेंद्र कुमार (32) की मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि सुरक्षाबल के जवान गलगम मतदान केंद्र से पांच सौ मीटर की दूरी पर नक्सल विरोधी अभियान पर थे, उसी दौरान उनसे यूबीजीएल का गोला दुर्घटनावश फट गया। उन्होंने बताया कि इस घटना में आरक्षक देवेंद्र कुमार घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना के बाद घायल जवान का प्राथमिक उपचार किया गया तथा हेलीकॉप्टर से उन्हें जगदलपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि आरक्षक देवेंद्र बस्तर जिले के धोबीगुड़ा गांव के निवासी थे। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के बाद उनके परिजनों को सौंपा जाएगा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटनास्थल की जांच के लिए विशेषज्ञों के दल को रवाना किया गया है, जिससे विस्फोट के कारणों के बारे में जानकारी मिल सके।

# हिमाचल प्रदेश में सनातन धर्म खतरे में आ गया : विक्रमादित्य

### रनौत पर साधा निशाना, भागवत से हस्तक्षेप की मांग

**शिमला।** विक्रमादित्य सिंह एक के बाद एक कंगना रनौत पर निशाना साध रहे हैं। शुक्रवार (19 अप्रैल) को एक बार फिर मंडी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी और सरकार में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कंगना रनौत को निशाने पर लिया है। उन्होंने सनातन धर्म को बचाने के लिए राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ सरसंघचालक मोहन भागवत से भी हस्तक्षेप की मांग की है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में सनातन धर्म खतरे में आ गया है, भारतीय जनता पार्टी ने एक ऐसे प्रत्याशी को चुनावी मैदान में उतारा है, जिससे देव परंपरा खतरे में आ गई है, विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि वह इस तरह का खान-पान को बढ़ावा दे रही हैं, जिसके बारे में देवभूमि हिमाचल के लोग सोच भी नहीं सकते हैं। इस पूरे मामले में भारतीय जनता पार्टी तो अपने मुंह में टेप लगा ली है, लेकिन राष्ट्र स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत को इस पूरे मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए। मंडी से कांग्रेस प्रत्याशी विक्र मादित्य सिंह ने कहा है कि आरएसएस सरसंचालक मोहन भागवत को हस्तक्षेप कर हिमाचल में सनातन धर्म को बचाने की जरूरत है। कंगना को निशाने पर लेते हुए कहा कि जो खान-पान हिंदू की सोच से भी दूर है,बीजेपी ऐसी सोच को बढ़ावा देने वाली प्रत्याशी को मंडी से उतारा है। विक्रमादित्य सिंह ने आगे कहा कि अन्य लोगों के नजर में भले ही यह सीट हॉट सीट हो, लेकिन उनके लिए ऐसा नहीं है। उनके लिए हिमाचल प्रदेश की चारों सीट एक समान है।

# कोर्ट ने सरोगेसी कानून को चुनौती देने वाली याचिका पर केंद्र को नोटिस जारी किया

भाषा। नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने सरोगेसी कानून के उस प्रावधान के खिलाफ एक याचिका पर शुक्रवार को केंद्र से जवाब मांगा, जो विवाहित जोड़ों को पहला बच्चा स्वस्थ होने पर सरोगेसी के माध्यम से दूसरा बच्चा पैदा करने से रोकता है। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने सरोगेसी (विनियमन) अधिनियम, 2021 की धारा 4(तीन)(सी)(दो) की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली एक दंपति द्वारा दायर याचिका पर केंद्र को नोटिस जारी किया। सरोगेसी (विनियमन) अधिनियम, 2021 की धारा 4(तीन)(सी)(दो) के प्रावधान के तहत सरोगेसी (किराए की कोख) के माध्यम से बच्चा पैदा करने की इच्छा रखने वाले जोड़ों को पात्रता प्रमाणपत्र लेना होता है। इस प्रमाणपत्र में दर्ज होता कि उनकी कोई जीवित संतान (जैविक रूप से या गोद लेने के माध्यम से या किराए की कोख से) नहीं है। दंपति ने संबंधित प्रावधान को तर्कहीन, भेदभावपूर्ण और बिना किसी वाजिब सिद्धांत के बताया है। उन्होंने कहा कि यह संविधान के अनुच्छेद 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार) के तहत प्रदत्त महिला के प्रजनन अधिकारों का घोर उल्लंघन है।

## बाराबंकी में तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई, तीन व्यक्तियों की मौत

**बाराबंकी (उप्र)।** बाराबंकी जिले के कोतवाली थानाक्षेत्र में अयोध्या हाईवे पर एक गांव के पास तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई, जिससे तीन यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) सीएन सिंह ने बताया कि बलरामपुर जिले के सहदुल्ला नगर निवासी अब्दुल खालिद (49), जुनैद अहमद (26), अब्दुल मुईन (27) और जमशेद कार से बृहस्पतिवार की रात लखनऊ स्थित अमौसी एयरपोर्ट जा रहे थे। उनके अनुसार यह कार बाराबंकी के नगर कोतवाली क्षेत्र में शुक्लई के पास लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर पहुंची ही थी कि अचानक वह अनियंत्रित हो गई और पेड़ से जा टकराई। एएसपी ने बताया कि इस भीषण हादसे में अब्दुल खालिद, जुनैद अहमद और अब्दुल मुईन की मौके पर ही मौत हो गई जबकि जमशेद मामूली रूप से घायल हो गया। उन्होंने बताया कि हादसे की जानकारी मिलते ही बाराबंकी पुलिस मौके पर पहुंची और वह तीनों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले गई और घायल जमशेद को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

## झारखंड के पलामू में रामनवमी पर झड़प के सिलसिले में दस गिरफ्तार

**मेदिनीनगर (झारखंड)।** झारखंड के पलामू जिले में रामनवमी के अवसर पर निकाली गई शोभायात्रा के दौरान दो समूहों के बीच हुई झड़प में शामिल रहने के आरोप में दस लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि बृहस्पतिवार की रात पलामू जिले के कजरू गांव में हुई झड़प के सिलसिले में दोनों समूह के पांच-पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बिश्रामपुर के उप संभागीय पुलिस अधिकारी राकेश सिंह ने पीटीआई-भाषा को बताया कि गांव में व्याप्त तनाव को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल को तैनात किया गया है।

# पीएम के झांसे में न आएं लोग : तेजस्वी

### बोले- मोदी की गारंटी चाइनीज माल की तरह

**बेगूसराय।** बेगूसराय लोकसभा से इंडी गठबंधन के उम्मीदवार अवधेश कुमार राय के नामांकन के अवसर पर जन आशीर्वाद महासभा का आयोजन किया गया। यह आयोजन बेगूसराय के आईटीआई मैदान में आयोजित हुआ। जहां सभा को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने एक बार फिर प्रधानमंत्री मोदी पर जमकर निशाना साधा। तेजस्वी यादव ने कहा कि पीएम मोदी के पास कोई मुद्दा नहीं है। ये लोगों को गुमराह करने का काम कर रहे हैं, क्योंकि देश के प्रधानमंत्री ने लोगों को ठगने का काम किया है। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज देश में बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम पर है, लेकिन देश के प्रधानमंत्री मुद्दे की बात ना करके परिवारवाद पर बात करते हैं। इस दौरान तेजस्वी यादव ने कहा कि अगर मेरी सरकार बनेगी तो रोजगार की भरमार लगेगी और युवाओं को नौकरी दी जाएगी। वहीं तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को चाइनीज माल करार दिया है।

### रोहिणी ने राजीव प्रताप रूडी को बताया बेवकूफ नेता

राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की बेटी और महागठबंधन की प्रत्याशी रोहिणी आचार्य ने राजीव प्रताप रूडी पर जोरदार हमला किया है। उन्होंने राजीव प्रताप रूडी को बेवकूफ नेता करार दिया है। रोहिणी ने कहा कि यह (राजीव प्रताप रूडी) बेवकूफ आदमी है, जो बार-बार भाग जाता है। मुझे क्या उसके जैसा समझा है? रोहिणी ने आगे कहा कि राजीव प्रताप रूडी पांच साल में बस एक बार चेहरा चमकाने के लिए आते हैं। ये आशीर्वाद प्यार छोड़कर कोई बेवकूफ आदमी ही न होगा जो भागता होगा। इस दौरान रोहिणी आचार्य ने कहा कि वह क्षेत्र की जनता के बीच रहते ही नहीं हैं, जबकि रोहिणी चुनाव जीतने के बाद छपरा की जनता के बीच रहकर सेवा करेंगीं। रोहिणी आचार्य ने कहा कि हमें लोगों का अपार आशीर्वाद और प्यार मिल रहा है।

## बांगुर सीमेंट ने मतदान के लिए प्रेरित किया

**नई दिल्ली।** बांगुर सीमेंट ने देश भर के नागरिकों को मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए नए मल्टीमीडिया कैंपेन का अनावरण किया है। यह कैंपेन 'वोट सोलिड, देश सोलिड' देश को सोलिड यानि मजबूत बनाने के लिए हर व्यक्ति के मतदान के महत्व पर रोशनी डालता है। यह कैंपेन आधुनिक है क्योंकि यह ब्राण्ड के पिछले बेहद लोकप्रिय कैंपेन का सीक्वल है, जिसे बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल के साथ फिल्माया गया था। यह कैंपेन 'वोट सोलिड, देश सोलिड' का संदेश देता है। जिस तरह बांगुर सीमेंट सोलिड घर बनाने में मदद करता है, ठीक उसी तरह आप अपने मतदान के अधिकार का उपयोग कर देश को सोलिड बनाने में योगदान दे सकते हैं।

# संदिग्ध इजराइली ड्रोनों पर ईरान का हमला

**एपी। दुबई**

**ईरान ने** इस्फहान शहर के पास शुक्रवार को तड़के ड्रोन देखने के बाद एक प्रमुख वायु सेना अड्डे और परमाणु स्थल के बचाव में उन पर हमला किया।

ए ड्रोन ईरान के अप्रत्याशित ड्रोन और मिसाइल हमलों के बाद इजराइल के हमले के तहत दागे माने जा रहे हैं।

माना जा रहा है कि ईरान के अप्रत्याशित ड्रोन और मिसाइल हमलों के बाद ए ड्रोन इजराइल की ओर से दागे गए।

ईरान के किसी भी अधिकारी ने इस आशंका को प्रत्यक्ष रूप से स्वीकार नहीं किया है कि इजराइल ने हमला किया है। इजराइली सेना ने भी इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

हालांकि गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ युद्ध और सीरिया में ईरान को निशाना बनाकर किए गए हमलों के बीच शनिवार को इजराइल पर हमले होने के बाद से तनाव बढ़ गया है।

अमेरिका के अधिकारियों ने शुक्रवार को सुबह इस बारे में टिप्पणी करने से इनकार कर दिया, लेकिन अमेरिकी ब्रॉडकास्ट नेटवर्क ने कुछ अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से कहा कि इजराइल ने हमला किया था। इन अधिकारियों के नाम नहीं बताए गए।

न्यूयॉर्क टाइम्स ने ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई के 85वें जन्मदिन पर हमले के दावे के लिए कुछ इजराइली अधिकारियों का हवाला दिया लेकिन उनका नाम भी नहीं बताया गया।

इजराइल के नेताओं ने भी अपने बयानों में संकेत दिया कि उनके देश ने हमला किया।

ईरान के सरकारी टेलीविजन की खबर के अनुसार, ड्रोन हवा में दागे जाने की खबरों पर कई प्रांतों में वायु रक्षा बैटरियां दागी गईं। ईरान के सैन्य कमांडर जनरल अब्दुलरहीम मूसावी ने कहा कि चालक दल के सदस्यों ने उड़ने वाली अनेक वस्तुओं को निशाना बनाया।

मूसावी ने कहा, इस्फहान के आसमान में आज सुबह हुआ विस्फोट एक संदिग्ध वस्तु पर हवाई रक्षा प्रणाली के हमलों के जवाब में हुआ था जिसमें कोई नुकसान नहीं हुआ।

इस्फहान में ईरान की यूरेनियम कन्वर्सन फैसिलिटी तीन छोटे, चीन की आपूर्ति वाले अनुसंधान रिएक्टर का परिचालन करती है। यहां ईरान के असैन्य परमाणु कार्यक्रम के लिए ईंधन उत्पादन और अन्य गतिविधियों को संचालित किया जाता है। इस्फहान में ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े स्थल भी हैं जिनमें भूमिगत नतांज संवर्धन स्थल शामिल है जिस पर संदिग्ध इजराइली हमले बार-बार होते रहे हैं।

सरकारी टेलीविजन ने क्षेत्र के सभी परमाणु स्थलों को पूरी तरह सुरक्षित करार दिया। संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने भी कहा, घटना के बाद ईरान के परमाणु स्थलों को कोई नुकसान नहीं हुआ है।

आईएईए ने सभी से पूरी तरह संयम बरतते रहने को कहा है।

अर्ध सरकारी समाचार एजेंसियों फार्स और तस्नीम ने भी विस्फोटों की आवाज सुनाई देने की सूचना दी लेकिन उन्होंने इसका कारण नहीं बताया।

दुबई की विमानन कंपनियों एमिरेट्स और फ्लाईदुबई ने स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग साढ़े चार बजे से पश्चिमी ईरान के आसपास उड़ानों के हवाई मार्ग में परिवर्तन शुरू किया लेकिन उन्होंने इसका कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया।

विमान चालकों को मिली स्थानीय चेतावनियों से संकेत मिलता है कि हवाई क्षेत्र संभवत: बंद हो सकता है।

ईरान ने तब घोषणा की थी कि उसने तेहरान और उसके पश्चिमी एवं मध्य क्षेत्रों में वाणिज्यिक उड़ानें रोक दी हैं। अधिकारियों ने बताया कि ईरान ने बाद में सामान्य उड़ान सेवा बहाल कर दी।

# फलस्तीन को संयुक्त राष्ट्र की पूर्ण सदस्यता देने के प्रस्ताव का अमेरिका ने किया वीटो

**भाषा। संयुक्त राष्ट्र**

**फलस्तीन को** संयुक्त राष्ट्र की पूर्ण सदस्यता प्रदान करने संबंधी प्रस्ताव के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में अमेरिका के वीटो शक्ति का इस्तेमाल करने की इजराइल ने सराहना की, लेकिन फलस्तीन ने इसे अनुचित और अनैतिक करार देते हुए इसकी आलोचना की है।

सुरक्षा परिषद में एक मसौदा प्रस्ताव पर बृहस्पतिवार को मतदान हुआ। इसके पारित होने पर 193 सदस्ईय संयुक्त राष्ट्र महासभा यह सिफारिश करती कि फलस्तीन को इस वैश्विक संस्था के सदस्य के रूप में स्वीकार किया जाए।

सुरक्षा परिषद के कुल 15 सदस्य देश हैं। प्रस्ताव के समर्थन में 12 वोट पड़े, जबकि स्विटजरलैंड और ब्रिटेन ने मतदान से दूरी बना ली और अमेरिका ने वीटो किया।

मसौदा प्रस्ताव को पारित करने के लिए इसके समर्थन में सुरक्षा परिषद के कम से कम नौ सदस्यों के वोट देने की जरूरत थी और यूएनएससी के पांच स्थाई सदस्य देशों में से किसी को भी अपनी वीटो शक्ति का इस्तेमाल नहीं करना था।

सुरक्षा परिषद के पांच स्थाई सदस्य देश चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका हैं।

पूर्ण सदस्य देश का दर्जा प्राप्त करने की फलस्तीन की कोशिश 2011 में शुरू हुई थी। फलस्तीन अभी गैर-सदस्य पर्यवेक्षक देश है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2012 में उसे यह दर्जा प्रदान किया था।

यह दर्जा फलस्तीन को वैश्विक संस्था की कार्यवाहियों में भाग लेने की अनुमति देता है लेकिन यह संयुक्त राष्ट्र में लाए जाने वाले प्रस्तावों पर मतदान नहीं कर सकता। संयुक्त राष्ट्र में एक और गैर-सदस्य पर्यवेक्षक देश होली सी है जो वेटिकन का प्रतिनिधित्व कर रहा है।

इजराइल के विदेश मंत्री इजराइल काट्ज ने अमेरिका के वीटो शक्ति का इस्तेमाल करने की सराहना करते हुए प्रस्ताव को शर्मनाक करार दिया।

काट्ज ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, होलोकास्ट की घटना के बाद से यहूदियों के सबसे बड़े नरसंहार की घटना के करीब छह माह पश्चात और हमास आतंकियों के यौन अपराध एवं अत्याचार करने के बाद, फलस्तीन को यह दर्जा देने का प्रस्ताव आतंकवाद को बढ़ावा देता।

वहीं, अमेरिकी राजदूत एवं विशेष राजनीतिक मामलों के लिए वैकल्पिक प्रतिनिधि रॉबर्ट वुड ने कहा कि वाशिंगटन द्विराष्ट्र के सिद्धांत का पुरजोर समर्थन करना जारी रखेगा।

उन्होंने कहा, यह मतदान फलस्तीन को एक देश के रूप में दर्जा देने के विरोध को प्रदर्शित नहीं करता, बल्कि इसके बजाय यह इस बात की पुष्टि करता है कि यह दोनों पक्षों के बीच सीधी वार्ता से होना चाहिए।

वुड ने कहा कि इस बारे में अनसुलझे सवाल हैं कि क्या फलस्तीन, राष्ट्र का दर्जा पाने की अर्हता पूरी करता है।

फलस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने अमेरिका के वीटो शक्ति का इस्तेमाल करने की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि यह अनुचित और अनैतिक है तथा अंतरराष्ट्रीय समुदाय की इच्छा की अवज्ञा करता है। फलस्तीन के स्थाई पर्यवेक्षक रियाद मंसूर ने कहा, हमारा आत्म-निर्णय का अधिकार कभी भी सौदेबाजी या बातचीत का विषय नहीं रहा है।

उन्होंने कहा, हमारा आत्म-निर्णय का अधिकार एक नैसर्गिक, ऐतिहासिक, विधिक अधिकार है। हमारे भू-भाग फलस्तीन में, एक स्वतंत्र देश के रूप में जीने का अधिकार है, जो मुक्त एवं संप्रभु है। आत्म-निर्णय के हमारे अधिकार को हमसे अलग नहीं किया जा सकता...।

फलस्तीन ने दो अप्रैल 2024 को संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस को एक पत्र भेजकर पूर्ण सदस्यता की अपनी अर्जी पर फिर से विचार करने का आग्रह किया था।

दिन में, गुतारेस ने पश्चिम एशिया पर सुरक्षा परिषद की बैठक में अपनी टिप्पणी में चेतावनी दी कि क्षेत्र में स्थिति नाजुक है।

संयुक्त राष्ट्र ने गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के हवाले से कहा है कि सात अक्टूबर 2023 से 17 अप्रैल 2024 तक गाजा में 33,899 फलस्तीनी मारे गए हैं और 76,664 फलस्तीनी घायल हुए हैं।

वहीं, पिछले साल सात अक्टूबर को इजराइल में किए गए हमास के हमले में 1,200 से अधिक इजराइली और अन्य देशों के नागरिक मारे गए। मृतकों में 33 बच्चे भी शामिल हैं।

# इजराइल ने ईरान पर ड्रोन हमले के बारे में आखिरी क्षणों में अमेरिका को सूचना दी: इटली के विदेश मंत्री

**एपी। कैप्री (इटली)**

**अमेरिका ने** जी-7 समूह के विदेश मंत्रियों से शुक्रवार को कहा कि ईरान में ड्रोन हमले के बारे में इजराइल से उसे आखिरी क्षणों में सूचना मिली थी, लेकिन वाशिंगटन ने इस कार्वाई में हिस्सा नहीं लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

इटली के विदेश मंत्री एंटोनियो ताजानी ने कहा कि अमेरिका ने जी-7 समूह के सदस्य देशों की तीन दिवसीय बैठक में, शुक्रवार सुबह के सत्र में यह सूचना दी। संदिग्ध हमले से उत्पन्न स्थिति पर चर्चा करने के लिए सत्र का एजेंडा अंतिम क्षणों में बदल दिया गया। ताजानी ने जी-7 समूह के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक की अध्यक्षता की।

शुक्रवार तड़के, ईरान ने आसमान में ड्रोन नजर आने के बाद इस्फहान के निकट एक वायु सेना अड्डा और एक परमाणु स्थल के बचाव में वायु रक्षा प्रणाली का इस्तेमाल कर गोलाबारी की।

बीते सप्ताह के अंत में तेहरान द्वारा इजराइल पर किए गए अप्रत्याशित ड्रोन एवं मिसाइल हमले के जवाब में संभवत: यह इजराली हमला किया गया।

इटली के विदेश मंत्री ने कहा कि अमेरिका ने जी-7 देशों के विदेश मंत्रियों को बताया कि उसे ड्रोन के बारे में इजराइल ने आखिरी क्षणों में



सूचित किया। उन्होंने कहा, लेकिन अमेरिका इस हमले में शामिल नहीं है। उसे महज इसकी सूचना मिली थी। हालांकि, अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने इस कथन पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया और कहा कि उनका देश किसी हमले में शामिल नहीं है तथा क्षेत्र में तनाव घटाने के लिए प्रतिबद्ध है।

ब्लिंकन ने कहा, मैं इसके सिवा कुछ नहीं कहने जा रहा कि अमेरिका किसी हमले में शामिल नहीं है।

अमेरिका-इजराइल के मौजूदा संबंध का वर्णन करने का आग्रह किए जाने पर ब्लिंकन ने कहा कि इजराइल ने अपने खुद के निर्णय लिए और अमेरिका इसकी सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। ताजानी ने कहा कि जी-7 देशों ने ईरान में जो कुछ हुआ, उस पर शुक्रवार को चर्चा की। उन्होंने कहा कि वह बताना चाहते हैं कि उन्होंने तेल अवीव और तेहरान स्थित इतालवी दूतावासों से संपर्क किया और पाया कि इस्फहान में रह रहे इतालवी सुरक्षित हैं।

जी-7 समूह विश्व की सात सर्वाधिक उन्नत अर्थव्यवस्था वाले देशों का समूह है, जिनमें कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, ब्रिटेन और अमेरिका शामिल हैं। माना जा रहा है कि सप्ताहांत में तेहरान की ओर से इजराइल पर अप्रत्याशित ड्रोन और मिसाइल हमले किए जाने के बाद, इजराइल ने यह जवाबी कार्वाई की।

मंत्रियों ने तीन दिवसीय बैठक के बाद, एक बयान में दोनों पक्षों से टकराव टालने का आग्रह किया।

बयान में, इजराइल की सुरक्षा का संकल्प लिया गया और 13-14 अप्रैल को इजराइल पर ईरान द्वारा किए गए हमले की कड़ी निंदा की गई।

इसमें कहा गया है, क्षेत्र को और अस्थिर किए जाने के जवाब में हम और भी प्रतिबंध लगाने तथा अन्य कदम उठाने को तैयार हैं।

समूह ने ईरान को बैलिस्टिक मिसाइल और इससे संबद्ध प्रौद्योगिकी रूस को हस्तांतरित करने के खिलाफ भी ईरान को चेतावनी दी।

गाजा में युद्ध पर, समूह ने हमास से बंधकों को रिहा करने की अपील की। साथ ही, इजराइल से अंतरराष्ट्रीय कानून का सम्मान करने को कहा।

बयान में कहा गया है कि जी-7 देश रफह में व्यापक सैन्य कार्वाई का विरोध करते हैं। ताजानी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, जी-7 ने तनाव घटाने के लिए काम किया है और आगे भी ऐसा करेगा।

# भारत में किसी चुनाव पर्यवेक्षक को नहीं भेजा जा रहा: अमेरिका

**भाषा। वाशिंगटन**

**अमेरिका के** विदेश मंत्रालय ने भारत में जारी लोकसभा चुनावों के बीच कहा कि वह वहां कोई चुनाव पर्यवेक्षक नहीं भेज रहा है, लेकिन वह भारत में साझेदारों के साथ अपने सहयोग को गहरा और मजबूत करने के लिए उत्सुक है।

विदेश मंत्रालय के उपप्रवक्ता वेदांत पटेल ने बृहस्पतिवार को अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, मुझे अमेरिका द्वारा कोई पर्यवेक्षक भेजे जाने की जानकारी नहीं है। हम भारत जैसे उन्नत लोकतांत्रिक देशों में चुनावों के मामले में आम तौर पर ऐसा नहीं करते हैं।

उन्होंने कहा, हम भारत में अपने साझेदारों के साथ अपने सहयोग को गहरा और मजबूत करने के लिए निश्चित रूप से उत्सुक हैं।



संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में एक बैठक के दौरान बाएं ओर से ईरान के विदेश मंत्री होसैन अमीर अब्दुल्लाहियन, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से हाथ मिलाते हुए।

# भारतीय मूल के प्रोफेसर सम्मानित

**भाषा। ह्यूस्टन**

**ह्यूस्टन विश्वविद्यालय** के कुलेन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में सेवारत, ग्लोबल एनर्जी पुरस्कार विजेता, भारतीय मूल के प्रोफेसर कौशिक राजशेखर को जापान की इंजीनियरिंग अकादमी के अंतरराष्ट्रीय फेलो के रूप में चुना गया है। विश्वविद्यालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। इस संबंध में बृहस्पतिवार को जारी बयान में कहा गया कि मूल रूप से कर्नाटक के एक छोटे से गांव के रहने वाले प्रोफेसर कौशिक राजशेखर को बिजली रूपांतरण और परिवहन के विद्युतीकरण में उनके योगदान के लिए चुना गया हैं।

# सुरक्षा परिषद आज की वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करती: अमेरिका

**भाषा। वाशिंगटन**

**अमेरिका की** एक शीर्ष राजनयिक ने भारत के इस रुख का समर्थन किया है कि 70 साल पहले की संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद आज की वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करती और उन्होंने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन का प्रशासन जी-4 सदस्यों को संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष निकाय का स्थाई सदस्य बनाने का समर्थन करता है।

संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की राजदूत लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड ने तोक्यो में एक भाषण के दौरान संकेत दिया कि सुरक्षा परिषद में रूस और चीन ही केवल ऐसे देश हैं जो संयुक्त राष्ट्र की 15 सदस्ईय शक्तिशाली शाखा के विस्तार का विरोध कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, पहले अमेरिका, चीन और रूस इस बात पर सहमत थे कि हम सुरक्षा परिषद में बदलाव नहीं देखना चाहते, लेकिन 2021 में अमेरिका ने अपने इस रुख में बदलाव किया और हमने स्पष्ट कर दिया है कि सुरक्षा परिषद और व्यापक रूप से संयुक्त राष्ट्र में सुधार महत्वपूर्ण है।

ग्रीनफील्ड ने कहा, 70 साल पहले की सुरक्षा परिषद आज की वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करती। हमारे पास 193 (सदस्य देश) हैं। परिषद में अफ्रीका के पास स्थाई सीट नहीं है, लातिन अमेरिका के पास स्थाई सीट नहीं है और दुनिया भर के कई अन्य देशों और क्षेत्रों का परिषद में उचित प्रतिनिधित्व नहीं है।

उन्होंने कहा, हमने तथाकथित जी-4 के सदस्यों - जापान, जर्मनी और भारत (और ब्राजील) के साथ अपनी चर्चा में स्पष्ट कर दिया है कि हम सुरक्षा परिषद में उनके स्थाई सदस्य बनने का समर्थन करते हैं।

भारत सुरक्षा परिषद में सुधार के लिए वर्षों से जारी प्रयासों में सबसे आगे रहा है। उसका कहना है कि वह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्य के रूप में जगह पाने का हकदार है और परिषद अपने मौजूदा स्वरूप में 21वीं सदी की भू-राजनीतिक वास्तविकताओं का प्रतिनिधित्व नहीं करती।

यूएनएससी के इस समय पांच स्थाई सदस्य हैं - चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका। केवल स्थाई सदस्यों के पास ही वीटो का इस्तेमाल करने की शक्ति होती है।

# यूक्रेन ने एक रूसी बमवर्षक विमान को मार गिराने का दावा किया

**एपी। कीव (यूक्रेन)**

**यूक्रेन की** वायुसेना ने शुक्रवार को दावा किया कि उसने एक रूसी बमवर्षक विमान को मार गिराया है। दूसरी ओर रूस के अधिकारियों ने दावा किया कि विमान एक लड़ाकू मिशन के बाद खराबी के कारण कम आबादी वाले इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

किसी भी दावे की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की जा सकी है।

दो साल से अधिक समय के युद्ध के दौरान रूसी युद्धक विमानों को मार गिराने संबंधी यूक्रेन के पिछले दावों का रूस ने खंडन किया है।

इस बीच, स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि रूसी मिसाइल से यूक्रेन के मध्य निप्रो क्षेत्र के शहरों पर हमला किया गया, जिसमें आठ वर्षीय एक लड़की सहित आठ लोगों की मौत हो गई और 25 अन्य घायल हो गए।

यूक्रेन ने कहा कि वायुसेना और सैन्य खुफिया विभाग ने विमान भेदी मिसाइल के जरिए टीयू-22एम3 बमवर्षक को मार गिराने में सहयोग किया। रूस आमतौर पर अपने हवाई क्षेत्र के अंदर से यूक्रेनी लक्ष्यों पर केएच-22 क्रूज मिसाइल दागने के लिए बमवर्षक का इस्तेमाल करता है। यह विमान परमाणु हथियार भी ले जा सकता है।

रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि युद्धक विमान यूक्रेनी सीमा से सैकड़ों किलोमीटर (मील) दूर स्टावरोपोल के दक्षिणी क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

मंत्रालय के अनुसार, चालक दल के तीन सदस्यों को विमान से बाहर निकलने के बाद बचा लिया गया और चौथे की तलाश की जा रही है। स्टावरोपोल के गवर्नर व्लादिमीर व्लादिमीरोव ने हालांकि कहा कि बचाए गए पायलटों में से एक की मौत हो गई।

# यूएई में बारिश: भारतीय नागरिकों को गैर-जरूरी यात्रा से बचने की सलाह

**अबू धाबी (भाषा):** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में भारतीय दूतावास ने शहर में इस सप्ताह हुई जबरदस्त बारिश के बाद परिचालन सामान्य होने तक दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से यात्रा करने वाले भारतीय यात्रियों को गैर-जरूरी यात्रा को पुनर्निर्धारित करने का परामर्श जारी किया है।

संयुक्त अरब अमीरात इस सप्ताह हुई जबरदस्त बारिश से उबरने की कोशिश कर रहा है जिसके कारण दुबई और आसपास के इलाकों में बड़े पैमाने पर बाढ़ आ गई है।दूतावास ने कहा है कि संयुक्त अरब अमीरात के अधिकारी स्थिति को सामान्य करने के लिए 24 घंटे काम कर रहे हैं।

# कराची के आत्मघाती हमले में बाल-बाल बचे पांच जापानी

**भाषा। कराची**

**पाकिस्तान में** सिंध प्रांत के कराची में शुक्रवार को जापान के पांच नागरिक आतंकवादियों के आत्मघाती हमले में बाल-बाल बच गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

सुजुकी मोटर्स के लिए काम कर रहे पांच जापानी नागरिकों की वैन को एक आत्मघाती हमलावर और एक बंदूकधारी ने निशाना बनाया। यह देश में विदेशी नागरिकों पर हमले की ताजा घटना है।

उप महानिरीक्षक (पूर्व) अजफर महेसर ने बताया कि आतंकवादी पहले से ही लांधी में मुर्तजा चोरंगी के पास सड़क पर वैन का इंतजार कर रहे थे। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों ने पाकिस्तान सुजुकी मोटर्स के लिए काम करने वाले जापानी नागरिकों को ले जा रहे वाहन को टक्कर मारने का प्रयास किया।

उप महानिरीक्षक महेसर ने कहा, सभी पांचों जापानी नागरिक सुरक्षित हैं। उन्होंने बताया, जापानी नागरिक जमजमा, क्लिफ्टन में अपने निवास से निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्र जा रहे थे। जिन्ना अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि तीन लोगों को गंभीर स्थिति में अस्पताल लाया गया है। जियो न्यूज ने अस्पताल प्रशासन के हवाले से बताया कि घायलों में से एक, 45 वर्षीय सुरक्षा गार्ड ने दम तोड़ दिया, जबकि एक अन्य घायल को वेंटिलेटर पर रखा गया है। प्रशासन ने बताया कि एक अन्य घायल व्यक्ति का अस्पताल में इलाज जारी है।

जिन्ना अस्पताल के आपातकालीन प्रभारी नोशीन ने पुष्टि की कि दुर्घटना में कोई विदेशी नागरिक घायल नहीं हुआ है। तोक्यो में, जापानी मुख्य कैबिनेट सचिव योशिमासा हयाशी ने बताया कि इस घटना में कई जापानियों को निशाना बनाया गया और उनमें से एक घायल हुआ है। क्योदो समाचार एजेंसी ने बताया कि पाकिस्तानी पक्ष ने इस जानकारी की पुष्टि नहीं की है। आतंकवाद निरोधक विभाग (सीटीडी) प्रभारी रजा उमर खत्ताब ने बताया कि जापानी नागरिक तीन कारों के काफिले में यात्रा कर रहे थे। उन्होंने कहा, आत्मघाती हमलावर और उसका साथी पहले से ही इलाके में मौजूद थे। जब उन्होंने कारें देखीं तो आत्मघाती हमलावर ने हमला कर दिया। अधिकारी ने बताया कि जब आत्मघाती हमलावर अपने उद्देश्य में सफल नहीं हुआ तो उसका साथी घबरा गया और उसने गोलियां चला दीं। उन्होंने कहा कि इसके बाद अधिकारियों ने दूसरे आतंकवादी को मार गिराया।

उन्होंने कहा, मुझे पता चला कि आतंकवादी ने लगभग 15 गोलियां चलाईं। इसके अलावा, उसके पास कुछ हथगोले भी थे। आतंकवाद रोधी विभाग के उप महानिरीक्षक आसिफ ऐजाज शेख ने कहा कि जापानी नागरिक दो सुरक्षाकर्मियों के साथ एक वैन में यात्रा कर रहे थे तभी आतंकवादियों ने उनकी वैन को टक्कर मारने की कोशिश की।

अधिकारी ने बताया कि सुरक्षाकर्मियों ने एक आतंकवादी को मार गिराया, जबकि दूसरे ने वैन के करीब पहुंचने के क्रम में विस्फोट करके खुद को उड़ा लिया।

उन्होंने बताया कि अभी किसी ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। जापानी नागरिकों का वाहन बुलेट फ्रूट था।

पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और पूर्व विदेश मंत्री एवं पाकिस्तान पीपल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने जापानी नागरिकों पर हमले की निंदा की और त्वरित प्रतिक्रिया से हमले को विफल करने के लिए पुलिस की प्रशंसा की।

छोटे अलगाववादी समूहों और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान ने चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) से संबंधित परियोजनाओं पर काम कर रहे चीनी नागरिकों पर हाल के वर्षों में हमले तेज कर दिए हैं।

पिछले महीने पश्चिमोत्तर पाकिस्तान में एक आत्मघाती हमले में पांच चीनी नागरिकों और उनके पाकिस्तानी वाहन चालक की मौत हो गई थी।

# स्कॉटलैंड में झरने में डूबने से दो भारतीय छात्रों की मौत

**भाषा। लंदन**

**ब्रिटेन के** एक विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले दो भारतीय छात्रों की स्कॉटलैंड में एक झरने में डूबने से मौत हो गई।

दोनों छात्र आंध्र प्रदेश के निवासी थे, जिनकी उम्र 20 से 30 साल के बीच थी। पुलिस ने दोनों की पहचान नहीं बताई है।

यह घटना बुधवार रात पर्थशायर में ब्लेयर ऑफ एथोल के पास लिन ऑफ टुमेल में हुई जब छात्रों के एक समूह के दो लोग पानी में फिसल गए। उनके दोस्तों द्वारा शोर मचाए जाने के बाद स्कॉटिश फायर एंड रेस्क्यू सर्विस ने बचाव प्रयासों में सहायता के लिए नौका टीम और जहाजों को रवाना किया।

पुलिस स्कॉटलैंड के प्रवक्ता ने कहा, बुधवार, 17 अप्रैल को शाम सात बजे के आसपास हमें ब्लेयर एथोल के पास लिन ऑफ टुमेल झरने के पानी में 22 और 26 साल की उम्र के दो लोगों के गिरने की सूचना मिली।

प्रवक्ता ने कहा, आपातकालीन सेवा के कर्मी वहां पहुंचे और क्षेत्र में खोज के बाद दोनों के शव बरामद किए गए। घटनाक्रम का पता लगाने के लिए पूछताछ जारी है। हालांकि इन मौतों को लेकर कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है।

लंदन में भारतीय उच्चायोग ने कहा कि आंध्र प्रदेश के दो छात्र दुर्भाग्यपूर्ण घटना में डूब गए। उच्चायोग ने कहा कि दोनों के शव बरामद कर लिए गए हैं। एडिनबर्ग में भारत का वाणिज्य दूतावास छात्रों के परिवारों के संपर्क में है और वाणिज्य दूतावास के एक अधिकारी ने एक छात्र के ब्रिटेन स्थित रिश्तेदार से मुलाकात की है।

उच्चायोग के एक बयान में कहा गया है कि डंडी विश्वविद्यालय ने हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। पोस्टमॉर्टम 19 अप्रैल को होने की संभावना है और उसके बाद शवों को भारत भेजने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

डंडी विश्वविद्यालय के प्रवक्ता ने छात्रों की मौत को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए उनके परिवार के प्रति संवेदना जाहिर की है।

# ऋषभ पंत की भावुक घर वापसी

## दिल्ली के सामने सनराइजर्स हैदराबाद की कठिन चुनौती

भाषा। नई दिल्ली



**मैदान के** भीतर और बाहर विषमताओं के बीच अपने अपार जीवट का परिचय देने वाले ऋषभ पंत शानदार फॉर्म में चल रही सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग में शनिवार को जब दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी के लिए अरुण जेटली स्टेडियम पर उतरेंगे तो उनके लिए यह बेहद भावुक पल होगा। पिछले साल पंत इस मैदान पर बैसाखियों के सहारे चलते नजर आए थे लेकिन उन्होंने 2022 के जानलेवा कार हादसे के बाद एक विकेटकीपर और बल्लेबाज के तौर पर आईपीएल के इस सत्र में शानदार वापसी की है। दिल्ली ने अब तक मिला जुला प्रदर्शन किया है हालांकि लखनऊ सुपर जाइंट्स और गुजरात टाइटंस को हराकर वे दौड़ में बने हुए हैं। अब तक सात मैचों में से दिल्ली ने तीन जीते और चार हारे हैं। आईपीएल अंक तालिका में चौथे स्थान पर काबिज सनराइजर्स की टीम दो बार टूर्नामेंट के इतिहास का सर्वोच्च स्कोर (तीन विकेट पर 277 रन और तीन विकेट पर 287 रन) बना चुकी है। ऐसे में कप्तान पंत को कोटला की घरेलू पिच पर अपने संसाधनों का चतुराई से इस्तेमाल करना होगा। सनराइजर्स के ट्रेविस हेड (235 रन) 39 गेंद में शतक जड़ने का कारनामा कर चुके हैं। वहीं अभिषेक शर्मा ने भी 211 रन बना लिए हैं। दोनों का स्ट्राइक रेट 199 और 197 रहा है जो ईशांत शर्मा, खलील अहमद और मुकेश कुमार की तेज गेंदबाजी तिकड़ी के लिए कड़ी चुनौती होगा। वहीं हेनरिच क्लासेन का भी स्ट्राइक रेट 199 के करीब रहा है और वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ फिनिशर्स में से एक हैं। ए तीनों मिलकर सनराइजर्स की बल्लेबाजी को खतरनाक बनाते हैं। कुलदीप यादव के रूप में दिल्ली के पास ट्रंपकार्ड है जिनका इकॉनामी रेट छह के करीब है। स्पिन गेंदबाजी में उनका साथ देने के लिए अक्षर पटेल के अलावा तीसरा विकल्प ट्रस्टिन स्ट्ब्स हैं। पंत अगर टॉस जीतते हैं तो बल्लेबाजी चुन सकते हैं। वैसे डेविड वॉर्नर की चोट उनके लिए चिंता का विषय है हालांकि पहले दो मैचों में जैक फ्रेजर मैकगुर्क ने प्रभावित किया है। सनराइजर्स की बल्लेबाजी जहां बेहतरीन रही है, वहीं उसके गेंदबाजों ने निराश किया है। सिर्फ कप्तान पैट कमिंस (7.87) का इकॉनॉमी रेट ही आठ से नीचे रहा है जो टी20 क्रिकेट में अच्छा माना जाएगा। जयदेव उनादकट और भुवनेश्वर कुमार महंगे साबित हुए हैं। वहीं स्पिनर मयंक मार्कंडेय और शाहबाज अहमद भी प्रभावित नहीं कर सके। अगर दिल्ली को लक्ष्य का पीछा करना है तो उसकी नजरें सनराइजर्स को 210 . 220 के स्कोर पर रोकने पर होगी।

# आशुतोष ने अविश्वसनीय पारी खेली : पंड्या



भाषा। मुल्लांपुर

**पंजाब** किंग्स के क्रिकेटर आशुतोष शर्मा की आक्रामक पारी की मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या और पंजाब के कार्यवाहक कप्तान सैम कुरेन दोनों ने जमकर तारीफ की। इस आईपीएल सत्र में आशुतोष और शशांक सिंह ने पंजाब के लिए शानदार प्रदर्शन किया है लेकिन शीर्षक्रम की नाकामी के कारण टीम नौवें स्थान पर खिसक गई है। आशुतोष ने 28 गेंद में 61 रन बनाकर पंजाब को जीत के करीब पहुंचा दिया था लेकिन 193 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उनकी टीम नौ रन से चूक गई। पंड्या ने मैच के बाद कहा, अविश्वसनीय। जिस तरह से वह खेल रहा था, उसके भविष्य के लिए अच्छा है। हमने टाइमआउट में इसके बारे में बात की थी। हमने ढीली गेंदें नहीं देने पर जोर दिया। उन्होंने अच्छे शॉट खेले लेकिन हमने भी कुछ ढीली गेंदें डाली थी। पंजाब के कार्यवाहक कप्तान कुरेन ने कहा, एक और करीबी मुकाबला। इस टीम को करीबी मुकाबले पसंद है लेकिन हम फिर हार गए। आशुतोष ने शानदार पारी खेली लेकिन हमने करीबी मुकाबला गंवा दिया। शुरूआत में ही काफी विकेट गंवा दिए लेकिन युवा खिलाड़ी जीत के इतने करीब टीम को ले गए, यह देखकर अच्छा लगा।

## बुमराह के खिलाफ स्वीप शॉट खेलना मेरा सपना था : आशुतोष शर्मा

**मुल्लांपुर।** पंजाब किंग्स के आक्रामक बल्लेबाज आशुतोष शर्मा ने कहा कि दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के खिलाफ स्वीप शॉट खेलना हमेशा से उनका सपना था जो मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल मैच में पूरा हुआ। आशुतोष ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 28 गेंद में 61 रन बनाए लेकिन उनकी टीम नौ रन से हार गई। आशुतोष ने मैच के बाद मीडिया से कहा, बुमराह को स्वीप शॉट लगाना मेरा सपना था। मैं उस शॉट का अभ्यास कर रहा था और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज के सामने वह शॉट खेला। उन्होंने कहा, मुझे भरोसा था कि मैं टीम को मैच जिता सकूंगा। उन्होंने अपने बेहतर प्रदर्शन का श्रेय पंजाब किंग्स के क्रिकेट विकास प्रमुख और भारत के पूर्व खिलाड़ी संजय बांगड़ को दिया। संजय सर ने मुझे कहा कि मैं स्लॉगर नहीं हूं और विशुद्ध क्रिकेटिंग शॉट खेल सकता हूं। यह छोटा सा बयान था लेकिन मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मैं इस पर अमल कर रहा हूं। मैं हार्ड हिटर नहीं हूं और क्रिकेट के शॉट खेलता हूं। मैंने अपने खेल में यही बदलाव किया। टीम की हार के बावजूद उन्होंने कहा, जीत और हार खेल का हिस्सा है। मायने यह रखता है कि एक टीम के रूप में आप कैसा खेल रहे हैं। अगर हम अच्छा खेलेंगे तो जीतेंगे।

## आकांक्षा विश्व चैंपियनशिप एशियाई क्वालीफाइंग स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में हारी

**नई दिल्ली।** भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी आकांक्षा सालुंखे शुक्रवार को कुआलालंपुर में विश्व चैंपियनशिप एशियाई क्वालीफाइंग प्रतियोगिता के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में हारकर प्रतियोगिता बाहर हो गईं। राष्ट्रीय खेल 2023 की चैंपियन और यहां दूसरी वरीय आकांक्षा को अपने से कम रैंकिंग वाली मलेशिया की सेहवीत्रा कुमार के खिलाफ 6-11 5-11 8-11 से हार झेलनी पड़ी। वह टूर्नामेंट में चुनौती पेश कर रही एकमात्र भारतीय थी।

## अप्रैल के आखिर तक नए कोच का ऐलान करेगा पीसीबी

**लाहौर।** पाकिस्तान के टेस्ट और सीमित ओवरों के कोचों का ऐलान इस महीने के आखिर में किया जाएगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पीसीबी ने यह भी पुष्टि की कि दक्षिण अफ्रीका के गैरी कर्स्टन और आस्ट्रेलिया के जैसन गिलेस्पी के अलावा बोर्ड को 15 अप्रैल की समय सीमा तक कुछ और नामी कोचों के आवेदन मिले हैं। पीसीबी अधिकारी ने कहा कि उनकी रूचि गिलेस्पी और कर्स्टन में है लेकिन नए आवेदक भी दौड़ में है।

## पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच पहला टी20 बारिश में धुला

**रावलपिंडी।** तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी टल गई क्योंकि पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच पहला टी20 मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। न्यूजीलैंड का स्कोर उस समय एक विकेट पर दो रन था जब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। शाहीन शाह अफरीदी ने न्यूजीलैंड के लिए पदार्पण कर रहे टिम रॉबिनसन को बोल्ड कर दिया था। बारिश के कारण मैच प्रति टीम पांच ओवर का कर दिया गया था लेकिन दो ही गेंद डाली जा सकी। टॉस भी हल्की बूंदाबांदी के कारण आधा घंटे देर से हुआ। दूसरा टी20 मैच शनिवार को खेला जाएगा। आमिर और हरफनमौला इमाद वसीम संन्यास का फैसला बदलकर इस श्रृंखला मे लौटे है। दोनों ने जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भी खुद को उपलब्ध बताया है।

# जल संकट के समाधान के लिए आगे आया आरसीबी

## बेंगलुरू की तीन झीलों के कायाकल्प में मदद की



भाषा। बेंगलुरू

**रॉयल चै**लेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) ने पिछले कुछ महीनों से बेंगलुरू में व्याप्त जल संकट को हल करने के प्रयासों में अपना योगदान दिया है और आईपीएल फ्रेंचाइजी की गो ग्रीन पहल के तहत तीन झीलों का कायाकल्प किया गया है। इंडिया केयर्स फाउंडेशन की रिपोर्ट के अनुसार आरसीबी ने कन्नूर झील में नागरिक सुविधाएं जोड़ने के अलावा इत्तगलपुरा झील और सादेनहल्ली झील का जीर्णोद्धार कार्य पूरा कर लिया है। आरसीबी ने पिछले अक्टूबर में अपनी प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में झील सुधार कार्य परियोजना शुरू की थी जिसमें उक्त क्षेत्रों में जल स्रोतों को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया था क्योंकि उनकी कावेरी जल तक पहुंच नहीं है और वे पूरी तरह से भूजल और सतही जल पर निर्भर हैं। रिपोर्ट के मुताबिक इत्तगलपुरा झील और सादेनहल्ली झील से 1.20 लाख टन से अधिक गाद और रेत हटाई गई है। मिट्टी का उपयोग झीलों के आसपास रास्ते बनाने के लिए किया गया है और 52 किसानों ने इसे अपने खेतों में भी इस्तेमाल किया है। परिणामस्वरूप इन झीलों की जल धारण क्षमता 17 एकड़ तक बढ़ गई है। कन्नूर झील के आसपास जैव विविधता में सुधार के उद्देश्य से औषधीय पौधों के पार्क, बांस का पार्क और तितलियों का पार्क बनाया गया है।

## बुमराह को दो ओवर के स्पैल के बाद हटाने से पंजाब किंग्स को मिला वापसी का मौका : मूडी

**मुंबई।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व हरफनमौला टॉम मूडी का मानना है कि मुंबई इंडियन्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में गुरुवार को दिग्गज तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का अच्छे से इस्तेमाल नहीं किया जिससे पंजाब किंग्स को इस मैच में बेहद खराब शुरुआत से उबरने का मौका मिल गया। बुमराह ने अपने पहले (पारी के दूसरे ओवर) स्पैल में सैम कुरेन और राइली रूसो का विकेट चटकाने के बाद खतरनाक शशांक सिंह को चलता किया जिससे जीत के लिए 193 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही पंजाब किंग्स की टीम नौ रन से दूर रह गई। उन्होंने अपने चार ओवर में महज 21 रन खर्च किए। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व हरफनमौला मूडी ने स्टार स्पोर्ट्स के कार्यक्रम क्रिकेट लाइव में कहा, एक बार फिर से दिखा कि मुंबई की टीम मैच के रुख को बदलने के लिए बहुत हद तक बुमराह पर निर्भर है। उन्होंने अपने शुरूआती दो ओवरों में शानदार गेंदबाजी कर पंजाब किंग्स को बैकफुट पर धकेल दिया था। यह देखना निराशाजनक था कि टीम ने उनसे 13वें ओवर तक दोबारा गेंदबाजी नहीं करवाई। वह अभी शानदार लय में है। मेरा मानना है कि मुंबई इंडियंस ने पंजाब किंग्स को वापसी का मौका दिया। बुमराह को अगर एक और ओवर (पारी की शुरुआत में) करने को मिलता तो शायद पंजाब की टीम उसी समय मैच की दौड़ से बाहर हो जाती।

## पंड्या पर धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगा



**मुल्लांपुर।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में पंजाब किंग्स पर नौ रन की रोमांचक जीत के दौरान धीमी ओवर गति के कारण 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। मुंबई इंडियंस ने सूर्यकुमार यादव की 53 गेंदों में 78 रनों की धमाकेदार पारी की बदौलत सात विकेट पर 192 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा करने के बाद पंजाब किंग्स की पारी को 19.1 ओवर में 183 रन पर समेट दिया। आशुतोष शर्मा की 28 गेंदों में 61 और शशांक सिंह की 25 गेंद में 41 रन की पारी से पंजाब की टीम जीत के करीब पहुंचाया लेकिन टीम आखिरी ओवरों लक्ष्य से नौ रन दूर रह गई। आईपीएल से जारी विज्ञप्ति में शुक्रवार को कहा गया, मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर 18 अप्रैल को मुल्लांपुर स्थित पीसीए के नए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के मैच के दौरान उनकी टीम द्वारा धीमी ओवर गति बनाए रखने के बाद जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल की न्यूनतम ओवर गति से संबंधित आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सत्र का पहला अपराध था इसलिए पंड्या पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया।

## धाविका शालू चौधरी को क्लीन चिट, डीएनए टेस्ट से नमूना दूषित होने का खुलासा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय डोपिंग निरोधी एजेंसी की अपील पैनल ने मध्यम दूरी की धाविका शालू चौधरी को डोपिंग के आरोपों से बरी करके चार साल का प्रतिबंध हटा दिया है क्योंकि डीएनए टेस्ट में पता चला कि उनके मूत्र के नमूने से या तो छेड़छाड़ की गई या लेते समय वह दूषित हो गया था। तीस वर्ष की चौधरी पर पिछले साल प्रतिबंध लगाया गया था और वह नाडा की अनुशासन समिति के सामने अपील हार गई थी। उन्हे दो प्रतिबंधित दवाओ के कथित इस्तेमाल के कारण प्रतिबंध झेलना पड़ा था। आठ सौ मीटर में राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता चौधरी ने मूत्र के नमूने के डीएनए टेस्ट की मांग की जिसे अनुशासन समिति ने तो खारिज कर दिया लेकिन अपील पैनल ने मान लिया। डीएनए जांच लंदन के किंग्स कॉलेज स्थित फारेंसिक विभाग द्वारा कराई गई। मूत्र के नमूने के पिछले विश्लेषण मे डीएनए प्रोफाइल सही नही आया है। डीएनए नमूने की जांच रिपोर्ट को देखते हुए नाडा के वकील कोई और कारण नही बता पाए है जिससे अपीली पैनल खिलाड़ी की अपील खारिज करने का फैसला ले।, नाडा के वकील ने डीएनए रिपोर्ट मान ली और इसके नतीजे को चुनौती नही दी है। इसके मद्देनजर डोपिंग निरोधक पैनल द्वारा 11 अप्रैल 2023 को दिया गया फैसला दरकिनार किया जाता है। खिलाड़ी पर लगाया गया चार साल का प्रतिबंध खारिज कर दिया गया है। इसके साथ ही 13 जून 2022 से प्रतिस्पर्धाओं मे उनके नतीजे रद्द करने के निर्देश भी खारिज किए जाते है। पैनल ने 18 अप्रैल को आदेश दिए जाने के दस दिन के भीतर डीएनए टेस्ट पर हुआ डेढ लाख रुपए का खर्च भी चौधरी को भुगतान करने का नाडा को निर्देश दिया।

## मोदी ने अमरोहा में क्रिकेटर मोहम्मद शमी को याद किया

अमरोहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यहां चुनावी रैली के दौरान भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को याद किया जो घुटने की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग से बाहर है। लोकसभा चुनाव में अमरोहा में भाजपा के कंवर सिंह तंवर का मुकाबला कांग्रेस गठबंधन के दानिश अली से है। प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को अमरोहा की रैली में कहा, क्रिकेट वर्ल्ड कप मे भाई मोहम्मद शमी ने जो कमाल किया, वह पूरी दुनिया ने देखा है। खेलों मे शानदार प्रदर्शन के लिए केंद्र सरकार ने भाई मोहम्मद शमी को अर्जुन पुरस्कार दिया है। योगी जी की सरकार दो कदम आगे बढ़ी है। योगी जी यहां के युवाओं के लिए स्टेडियम भी बनवा रहे है। मै अमरोहा के लोगो को इसकी बहुत बहुत बधाई देता हूं। गौरतलब है कि भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी अमरोहा के ही रहने वाले है। पिछले साल भारत में हुए वनडे विश्व कप क्रिकेट मे शानदार प्रदर्शन करते हुए उन्होने सर्वाधिक 24 विकेट लिए थे।

## टोयोटा देगा रफ्तार को धार

**बरेली।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने इनोवा हाईक्रॉस जीएक्स (ओ) पेट्रोल संस्करण में एक नए ग्रेड की शुरुआत की घोषणा की। इनोवा हाइक्रॉस लाइन-अप का नवीनतम संयोजन10 से अधिक उन्नत आराम और प्रौद्योगिकी सुविधाओं का दावा करता है, जिससे उन ग्राहकों के लिए मूल्य प्रस्ताव का स्तर बढ़ जाता है जो अधिक की तलाश में हैं। इनोवा हाईक्रॉस जीएक्स (ओ) ग्रेड की बुकिंग खुली हुई है और डिलीवरी 15 अप्रैल 2024 से शुरू होने की उम्मीद है।जीएक्स (ओ) ग्रेड 7 और 8 सीट वाले विकल्पों में पेश किया गया है। यह सात गतिशील रंगों में उपलब्ध है - ब्लैकिश एजहा ग्लास फ्लेक, प्लैटिनम व्हाइट पर्ल, एटीट्यूड ब्लैक मीका, स्पार्कलिंग ब्लैक पर्ल क्रिस्टल शाइन, सिल्वर मेटालिक, सुपर व्हाइट और अवंत गार्डे ब्रोन्ज मेटैलिक। नई पेशकश पर टिप्पणी करते हुए, श्री सबरी मनोहर वाइस प्रेसिडेंट, बिक्री-सेवा-प्रयुक्त कार व्यवसाय, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने कहा, टीकेएम में, हम लगातार बाजार की जरूरतों को सुन रहे हैं और इस प्रकार यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हम जो भी वाहन पेश करते हैं वह हमारे ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों के अनुरूप हो। नई इनोवा हाईक्रॉस पेट्रोल जीएक्स (ओ) ग्रेड इस दर्शन का एक प्रमाण है जो विलासिता और दक्षता की भावना को सावधानीपूर्वक मिश्रित करते हुए बेहतर आराम और उन्नत तकनीक प्रदान करता है। जबकि प्रदर्शन शीर्ष श्रेणी का बना हुआ है, 10 फीचर्स उन ग्राहकों के साथ दृढ़ता से प्रतिध्वनित होने की उम्मीद है जो अपनी विकसित जीवनशैली आवश्यकताओं को पूरा करने के उद्देश्य से एक आकर्षक प्रस्ताव के साथ पूरी तरह से लोडेड पेट्रोल रूपांतर की तलाश में हैं।

## विश्व स्तरीय खिलाड़ियों के लिए ठोस नींव तैयार कर रहा है हॉकी इंडिया : भरत छेत्री

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व गोलकीपर भरत छेत्री ने जमीनी स्तर पर ड्रैग फ्लिकरों और गोलकीपरो को तैयार करने पर जोर देने के लिए शुक्रवार को हॉकी इंडिया की तारीफ की। छेत्री समेत भारत के पूर्व गोलकीपर और ड्रैग फ्लिकर देश भर में राष्ट्रीय अकादमियों में तीन दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का संचालन करेंगे। इनमे एड्रियन डिसूजा, योगिता बाली, हेलेन मेरी, दीपिका मूर्ति, आकाश चिकते और पीटी राव शामिल है। वही ड्रैग फ्लिकरो मे रूपिंदर पाल सिंह, गुरजिंदर सिंह, वी आर रघुनाथ और जसप्रीत कौर का चयन किया गया है। छेत्री ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा, भारतीय हॉकी के भविष्य के लिए जमीनी स्तर पर निवेश बहुत जरूरी है। गोलकीपरो और ड्रैग फ्लिकरो के लिए विशेष ट्रेनिंग के जरिए हॉकी इंडिया इन भूमिकाओ के लिए विश्व स्तरीय प्रतिभाओं के उदय होने की ठोस नीव तैयार कर रहा है। हॉकी इंडिया राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग की भी शुरूआत कर रहा है जिसका पहला चरण 30 अप्रैल से नौ मई तक रांची मे खेला जाएगा। इसके बारे मे छेत्री ने कहा, यह भारतीय खेलो के लिए अहम पल है। घरेलू स्तर पर महिला खिलाड़ियों को इतना बड़ा मंच देकर हॉकी इंडिया अगली पीढी के सितारे तैयार कर रहा है। मुझे यकीन है कि यह लीग असंख्य लड़कियो को हॉकी स्टिक उठाने के लिए प्रेरित करेगी।

## एशियाई महाद्वीपीय चैंपियशिप पर नजरें, ईएफआई ने नई प्रतियोगिताओं की घोषणा की

नई दिल्ली। भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) ने अगले साल होने वाली एशियाई महाद्वीपीय चैम्पियनशिप के लिए बेहतरीन राइडर्स और मजबूत टीम तैयार करने के मकसद के साथ शुक्रवार को 2024-25 सत्र के लिए 41 प्रतियोगिताओ के व्यापक कैलेंडर को जारी किया। भारत पहली बार एशियाई घुड़सवारी महासंघ (एईएफ) से स्वीकृत अंडर-21 क्षेत्रीय ग्रुप तीन अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी करेगा जिसमे शो जंपिग और ड्रेसेज प्रतियोगिताएं होंगी। भारत पहली बार पैरा-ड्रेसेज स्पर्धाओ का भी आयोजन करेगा। इसके साथ ही ड्रेसेज, जंपिग और इवेंटिग मे राष्ट्रीय चयन ट्रायल का आयोजन भी होगा। इन स्पर्धाओ मे प्रदर्शन के आधार पर अगले साल दिसंबर मे थाईलैंड के पटाया मे होने वाली एशियाई महाद्वीपीय चैम्पियनशिप की टीम का चयन होगा। भारतीय घुड़सवारी मे 2024-25 सत्र की शुरुआत 11 अगस्त से जयपुर में सप्त शक्ति हॉर्स शो से होगी। एईएफ अंडर-21 शो जंपिग प्रतियोगिता 12-13 अक्टूबर को प्रस्तावित है जबकि ड्रेसेज स्पर्धाएं सेना पोलो एवं राइडिग केंद्र मे 28 नवंबर से एक दिसंबर तक आयोजित होगी। ईएफआई के महासचिव कर्नल जयवीर सिंह ने कहा, हम पिछले कुछ वर्षो मे अंतरराष्ट्रीय मंच पर उल्लेखनीय प्रगति दिखा रहे है और ईएफआई 2022 एशियाई खेलो मे हमारी सफलता को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। हमने एशियाई खेलों मे एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीता था। हम अब मजबूत घुड़सवारो की संख्या बढ़ाने ध्यान केंद्रित करना चाहते है जिससे खिलाड़ियों मे विकल्प की कमी ना हो। हमारा लक्ष्य अगले साल एशियाई महाद्वीपीय चैंपियनशिप में अधिक से अधिक पदक जीतने का प्रयास करना है।

# देर से पहुंचने के कारण एशियाई क्वालीफायर नहीं खेल सकेंगे पहलवान पूनिया और सुजीत



भाषा। नई दिल्ली

**बिश्केक में** एशिया ओलंपिक क्वालीफायर में भारतीय कुश्ती दल को करारा झटका लगा क्योंकि देश के दो सर्वश्रेष्ठ पहलवान दीपक पूनिया और सुजीत कलाकल समय पर नहीं पहुंच पाने के कारण टूर्नामेंट नहीं खेल सकेंगे। दुबई में खराब मौसम के कारण उनकी फ्लाइट देर से बिश्केक पहुंची। भारी बारिश और बाढ के कारण दोनों दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर फंसे रहे और वजन कराने के समय पर नहीं पहुंच सके। सूत्रों ने कहा कि भारतीय कोचों के अनुरोध के बावजूद आयोजकों ने उन्हें अनुमति नहीं दी। पूनिया (86 किलो) तोक्यो ओलंपिक में पदक जीतने के करीब पहुंचे थे। वह और सुजीत (65 किलो) पेरिस ओलंपिक के क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में भाग लेने बिश्केक पहुंचे जबकि दुबई से जाने वाली अधिकांश उड़ानें हवाई अड्डे पर पानी भरा होने के कारण या तो रद्द हो गई या देर से पहुंची। रूसी कोच कमाल मालिकोव और फिजियो शुभम गुप्ता के साथ दोनों जमीन पर सोए और दुबई हवाई अड्डे पर बाढ के कारण भोजन उपलब्ध नहीं होने से भूखे भी रहे। सुजीत के पिता दयानंद कलाकल ने कहा था, दोनों 16 अप्रैल से दुबई हवाई अड्डे पर फंसे थे। उन्हें बिश्केक की उड़ान नहीं मिल रही थी। मैं दोनों को लेकर चिंतित हूं। दोनों रूस में अभ्यास कर रहे थे और उन्होंने दुबई के रास्ते बिश्केक पहुंचने का फैसला लिया था। पेरिस ओलंपिक का आखिरी विश्व क्वालीफायर मई में तुर्की में खेला जाएगा।

# गुकेश को फिर संयुक्त बढ़त

## प्रज्ञानानंदा और गुजराती दौड़ से बाहर

भाषा। टोरंटो



**भारत के** युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए अजरबैजान के निजात अबासोव को हराकर कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में संयुक्त बढत बना ली लेकिन आर प्रज्ञानानंदा और विदित गुजराती 12वें दौर के बाद दौड़ से बाहर हो गए। अमेरिका के हिकारू नकामूरा ने फ्रांस के फिरोज अलीरजा को हराया। गुकेश और नकामूरा अब रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि के साथ शीर्ष पर है जिन्होंने प्रज्ञानानंदा से ड्रॉ खेला। इन तीनों के 7 . 5 अंक हैं जबकि अमेरिका के फेबियानो कारूआना उनसे आधा अंक पीछे हैं। प्रज्ञानानंदा छह अंक लेकर पांचवें स्थान पर है जबकि गुजराती के पांच अंक है। आठ खिलाड़ियों के दोहरे राउंड रॉबिन टूर्नामेंट के दो दौर बाकी हैं और उनके लिए शीर्ष तीन में जगह बनाना नामुमकिन है। अलीरजा और अबासोव के 4 . 5 अंक हैं। महिला वर्ग में चीन की झोंगई तान ने बुल्गारिया की नूरगुल सलीमोवा से ड्रॉ खेला। रूस की कैटरीना लागनो ने चीन की टी लेइ को ड्रॉ पर रोका। भारत की कोनेरू हम्पी ने रूस की अलेक्जेंड्रा गारियाश्किना से ड्रॉ खेला जबकि आर वैशाली ने यूक्रेन की अन्ना एम को हराया। तान के आठ अंक है और लेइ उनसे आधा अंक पीछे हैं। हम्पी, लागनो और गोरियाश्किना छह अंक लेकर तीसरे स्थान पर हैं। वैशाली 5 . 5 अंक के साथ छठे स्थान पर है। सत्रह वर्ष के गुकेश कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में खेलने वाले दूसरे सबसे युवा खिलाड़ी हैं। उनसे पहले 1959 में बॉबी फिशर सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने थे जिन्होंने यह टूर्नामेंट खेला।

# ईशा, भावेश ने आंलंपिक चयन ट्रायल के पहले दिन सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किए



भाषा। नई दिल्ली

**ईशा सिंह** ने शुक्रवार को यहां ओलंपिक चयन ट्रायल के पहले दिन महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल क्वालीफिकेशन में शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि भावेश शेखावत पुरुषों की 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल वर्ग में शीर्ष पर रहे। ईशा ने महिलाओं की स्पोर्ट पिस्टल टी। क्वालीफिकेशन में प्रिसिजन और रैपिड-फायर राउंड में कुल 585 का स्कोर किया, जिससे वह दूसरे स्थान पर काबिज सिमरनप्रीत कौर बराड़ से दो अंक आगे रहीं। डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी परिसर में मनु भाकर (582) तीसरे स्थान पर रहीं, जबकि अभिज्ञान पाटिल (577) और रिदम सांगवान (574) क्रमश: चौथे और पांचवें स्थान पर रहे। पुरुषों की रैपिड-फायर पिस्टल में भावेश (580) ने लगातार अच्छा प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। इस स्पर्धा में देश के लिए कोटा हासिल करने वाले विजयवीर सिद्धू (579) और अनीश (578) का प्रदर्शन भी बेहतर रहा लेकिन आदर्श सिंह (572) और अंकुर गोयल (564) उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे। सभी 10 निशानेबाज फाइनल शनिवार को फाइनल में फिर से चुनौती पेश करेंगे। हर वर्ग में पांच दावेदारों के बीच सर्वश्रेष्ठ स्कोर वाले शीर्ष दो निशानेबाज पेरिस के लिए क्वालीफाई करेंगे।

## अवसाद, कम खाने से वजन घटने की वजह से लिया संन्यास : लानिंग

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया की छह बार की विश्व कप विजेता पूर्व क्रिकेट कप्तान मेग लानिंग ने खुलासा किया है कि अवसाद के दौरे और अत्यधिक व्यायाम तथा कम खाने से वजन घटने के कारण उन्होंने 31 वर्ष की उम्र में ही खेल को अलविदा कह दिया। लानिंग ने बर्मिंघम में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण जीतने के बाद मानसिक स्वास्थ्य के लिए छह महीने का ब्रेक लिया था। उन्होंने एशेज 2023 के बाद खेल को अलविदा कह दिया लेकिन कोई कारण नहीं बताया था। उन्होंने द हाउइ गेम्स पॉडकास्ट में कहा, सभी मुझसे कहते थे कि कुछ सही नहीं हो रहा है लेकिन मैने स्वीकार नहीं किया। मैं क्रिकेट खेलने की स्थिति में नहीं थी। एशेज जैसी श्रृंखला के लिए मानसिक और शारीरिक तौर पर काफी प्रतिबद्ध रहने की जरूरत होती है।

# अभ्यास में चल रहे हैं पीछे, पता नहीं ओलंपिक कौन जाएगा : जसपाल राणा

**नई दिल्ली।** महान पिस्टल निशानेबाज जसपाल राणा ने पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय निशानेबाजी दल के ऐलान में देरी पर चिंता जताते हुए कहा कि इससे चयनित निशानेबाजों को तैयारी के लिए काफी कम समय मिलेगा। अमेरिका और इटली समेत कई देशों और यूरोपीय दिग्गजों ने टीमों का ऐलान कर दिया है। उनके निशानेबाज अभ्यास में जुट गए हैं। भारत में शीर्ष पांच पिस्टल और राइफल निशानेबाज अगले एक महीने तक चयन ट्रायल में भाग लेंगे जो 19 अप्रैल से 19 मई तक चलेगा। इसके बाद तैयारी के लिए बहुत कम समय रह जाएगा क्योंकि पेरिस ओलंपिक 26 जुलाई से शुरू हो रहे हैं। पद्मश्री और अर्जुन



पुरस्कार प्राप्त राणा ने कहा, हम अभ्यास और तैयारियों के मामले में बाकी देशों से पीछे हैं। उन्होंने टीमें चुन ली है और तैयारी चल रही है। अभी तक हमें यह पता नहीं है कि कौन ओलंपिक जा रहा है और कौन नहीं। इससे कोटा स्थान हासिल करने वाले खिलाड़ियों पर काफी दबाव बनता है। इसके अलावा जिन्हें कोटा नहीं मिला है, उन पर दबाव कम है। निशानेबाजी खेल में निशानेबाज देश के लिए कोटा जीतते हैं और महासंघ ट्रायल, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में उनके प्रदर्शन के आधार पर टीम चुनता है। कर्णी सिंह रेंज पर चल रहे ट्रायल में पांच निशानेबाजों का फाइनल हो रहा है। आईएसएसएफ के नियमों के तहत पुरूषों की 25 मीटर रैपिड फायर को छोड़कर आठ निशानेबाज पिस्टल और राइफल स्पर्धाओं के फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करेंगे। पुरूषों की 25 मीटर रैपिड फायर में छह निशानेबाज फाइनल्स खेलेंगे। मैने कभी नहीं देखा कि पांच निशानेबाज फाइनल में खेलते हैं। पता नहीं क्या हो रहा है। पहली बार मैं देख रहा हूं कि पांच निशानेबाज फाइनल में हैं। इसमें कम से कम तीन और होने चाहिए।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। मुख्य व्यवसायिक कार्यालय- 201-205 द्वितीय मंज़िल, प्रताप भवन, 5,बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष:011-69342500।